www.uttambharatnews.com
RNI No. DELHIN/2017/75336
email:-uttambharat05@gmail.com

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष द्वितीया, विक्रम संवत् 2082

वर्ष: 09 अंक: 289
नई दिल्ली
शुक्रवार, 07 नवम्बर 2025
मूल्य: 3.00 पृष्ठ: 12

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उत्तम भारत

"सत्य, निष्पक्ष, भारत"

नई दिल्ली व हरियाणा से प्रकाशित • चंडीगढ़ • उत्तर प्रदेश • मध्यप्रदेश • उत्तराखंड • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • छत्तीसगढ़ • जम्मू कश्मीर से प्रसारित



03 20 लाख के मोबाइल की हेराफेरी, गढ़ी... | 06 प्राथमिक स्तर से एआई शिक्षा की शुरूआत... | ट्रंप की खुली धमकी ममदानी जीते तो.... 12

## पहले फेज में 64.46 प्रतिशत वोटिंग, सबसे अधिक बेगूसराय तो सबसे कम शेखपुरा में हुआ मतदान



- सबसे ज्यादा बेगूसराय तो सबसे कम शेखपुरा में हुआ मतदान
- सबसे अधिक मीनापुर तो सबसे कम कुम्हरार में वोटिंग

शैलेन्द्र शर्मा

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के 18 जिलों की 121 सीटों पर मतदान खत्म हो गया. विधानसभा सीट के हिसाब से शाम 6 बजे तक मीनापुर में सबसे अधिक 73.29 प्रतिशत वोट डाले गए हैं. कुम्हरार विधानसभा सीट पर सबसे कम 39.52 प्रतिशत मतदान हुआ है. बिहार में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के 18 जिलों की 121 सीटों पर मतदान खत्म हो गया. चुनाव आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, शाम 6 बजे तक 64.46 प्रतिशत मतदान हुआ है. चुनाव आयोग की तरफ से बताया गया है कि समस्तीपुर जिले में सबसे अधिक 66.65 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का इस्तेमाल किया. जिलावार आंकड़ों के अनुसार, बिहार के बेगूसराय जिले में 67.32 प्रतिशत, भोजपुर में 53.24 प्रतिशत, बक्सर में 55.10 प्रतिशत, दरभंगा में 58.38 प्रतिशत, गोपालगंज में 64.96 प्रतिशत, खगड़िया में 60.65 प्रतिशत, लखीसराय में 62.76 प्रतिशत, मधेपुरा में 65.74 प्रतिशत, मुंगेर में 54.90 प्रतिशत, मुजफ्फरपुर में 64.63 प्रतिशत, नालंदा में 57.58 प्रतिशत, पटना में 55.02 प्रतिशत, सहरसा में 62.65 प्रतिशत, सारण में 60.90 प्रतिशत, शेखपुरा में 52.36 प्रतिशत, सीवान में 57.41 प्रतिशत और वैशाली जिले में 59.45 प्रतिशत मतदान हुआ है. शेखपुरा जिले में सबसे कम वोट डाले गए हैं. विधानसभा सीट के हिसाब से शाम 5 बजे तक मीनापुर में सबसे अधिक 73.29 प्रतिशत वोट डाले गए हैं. कुम्हरार विधानसभा सीट पर सबसे कम 39.52 प्रतिशत मतदान हुआ है. राघोपुर में 64.01 प्रतिशत वोटिंग हुई है. यहां से तेजस्वी यादव चुनाव लड़ रहे हैं. तेज प्रताप यादव महुआ से प्रत्याशी हैं, जहां 54.88 प्रतिशत मतदान हुआ. बिहार राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने बताया कि पहले चरण में कुल 45,341 मतदान केंद्र बनाए गए थे, जिनमें 8,608 शहरी क्षेत्र और 36,733 ग्रामीण क्षेत्र में स्थित थे. सभी केंद्रों पर ईवीएम और वीवीपैट का उपयोग किया गया. वोटिंग के दौरान 385 बैलेट यूनिट, 421 कंट्रोल यूनिट और 847 वीवीपैट्स बदले गए, जबकि मॉक पोल के दौरान 165 बैलेट यूनिट, 159 कंट्रोल यूनिट और 480 वीवीपैट्स बदले गए. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने कहा कि अभी कुछ केंद्रों का डाटा अब तक प्राप्त नहीं हो सका है. फाइनल आंकड़े जल्द ही जारी किए जाएंगे.

### बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग खत्म, सम्राट बोले- एनडीए 100 सीटों पर आगे



पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सम्राट चौधरी ने दावा किया कि पहले फेज की वोटिंग में जिन 121 सीटों पर मतदान हुआ है उसमें से 100 सीटों पर एनडीए आगे है. शाम के 6 बजते ही बिहार विधानसभा चुनाव के पहले फेज की वोटिंग खत्म हो गई. पहले चरण में 121 सीटों पर मतदान हुआ. वोटिंग खत्म होते ही बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बड़ा दावा किया. उन्होंने पटना में मीडिया से बात करते हुए दावा किया कि इस बार के चुनाव में 2010 वाले नतीजे दोहराए जाएंगे. इसके साथ ही लालू परिवार का कोई भी सदस्य बिहार विधानसभा में नहीं पहुंच पाएगा. पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सम्राट चौधरी ने दावा किया कि पहले फेज की वोटिंग में जिन 121 सीटों पर मतदान हुआ है उसमें से 100 सीटों पर एनडीए आगे है. अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में सम्राट ने ये भी दावा किया कि 14 नवंबर को एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनेगी.

## जंगलराज और सुशासन के बीच जनता की दीवार, भागलपुर में महागठबंधन पर जमकर बरसे पीएम मोदी

उत्तम भारत संवाददाता

**भागलपुर।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को भागलपुर स्थित हवाई अड्डा मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा हुई. इस जनसभा में पीएम मोदी ने राजद और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। भागलपुर, ललित किशोर मिश्र : बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को भागलपुर स्थित हवाई अड्डा मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा हुई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पहले शब्द अंगिका में बोलते हुए कहा कि भागलपुर की धरती व यहां के लोगों के प्रणाम करै छियै. उन्होंने कहा कि बनारस में विश्वनाथ व भागलपुर में अजगैबीनाथ का मेरे जीवन में विशेष महत्व है. गंगा मइया के आशीर्वाद से बनारस की जनता की सेवा कर रहा हूं. आज भागलपुर में एनडीए प्रत्याशियों की जीत के लिए गंगा मइया का आशीर्वाद लेने आया हूं. भागलपुर की धरती संघर्ष, सम्मान व समर्पण की धरती है. इस धरती ने ऐसे सपूतों को जन्म दिया जो देश की दिशा को बदलने का काम किया. तिलकमांझी ने अपने संघर्ष व समर्पण से अंग्रेजों को भगाया. यह धरती कादंबिनी व गांगुली की धरती है. विपक्ष पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पूरे देश में दो ही राज्य में उत्तरवाहिनी गंगा बहती है, एक बनारस में व दूसरा भागलपुर में. उन्होंने कहा कि आज



इस मंच से पूरे बिहार में एक संदेश जा रहा है, फिर एक बार एनडीए सरकार. पहले चरण के मतदान में जो उत्साह देखने को मिल रहा है उससे यह पता चल रहा है कि फिर से बिहार में जंगल राज न आ जाये, इसके लिए जनता सशक्त दीवार बन कर खड़ी है. भागलपुर में राजद पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने मां-बहनों के खातों में रोजगार शुरू करने के लिए 10-10 हजार रुपये दिये. जो अभी जमानत पर हैं अगर वो सत्ता में होते तो बहनों के खातों में सारा पैसा राजद व कांग्रेस के तिजोरी में होता. कांग्रेस-राजद व उनके सहयोगी पार्टी एक दूसरे के दोस्त नहीं, एक दूसरे को नीचा दिखाने पर लगे हुए हैं. उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि शहर में राजद के कितने पोस्टर लगे हुए है. कांग्रेस वाले तो राजद का नाम तक नहीं लेते हैं ऐसी छुआ-छूत है. इस चुनाव में राजद ने कांग्रेस के अहंकार को चुनौती दी है. कांग्रेस की कनपट्टी पर कट्टा रखकर अपनी उम्मीदवारी दी. राजद को कांग्रेस को नुकसान पहुंचा रही है. ये पार्टियां सत्ता के लिए आपस में लड़ रही हैं. ऐसा नीतीश कुमार कभी नहीं करते.

### भागलपुर का रेशम बिहार का गौरव : प्रधानमंत्री

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भागलपुर का रेशम व मंजूषा, मधुबनी व दरभंगा का मखाना व मुज्जफरपर का लीची बिहार का गौरव है. बिहार का उत्पाद दुनियां भर में भेजा जाता है. सरकार स्वदेशी को बढावा देने का काम कर रही है. देश के हर लोगों को आत्मनिर्भर बनाना हमारा लक्ष्य है. इस मौके पर मंत्री गिरिराज सिंह, पूर्व मंत्री अश्विनी कुमार चौबे, सैयद शाहनवाज हुसैन सहित भागलपुर, बांका व खगड़िया के एनडीए प्रत्याशी उपस्थित थे.

## मंगल ग्रह पर पहली बार यान उतारेगा भारत

- इसरो प्रमुख ने कहा, 2030 में मंगलयान-2 मिशन लांच होगा
- मंगलयान-2 मंगल की सतह, वातावरण, खनिजों का गहराई से अध्ययन करेगा

**नई दिल्ली।** भारत ने 2013 में इतिहास रचा था जब मंगलयान ने पहली कोशिश में ही मंगल की कक्षा में प्रवेश कर लिया था। अब भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) एक कदम और आगे बढ़ने जा रहा है।इसरो मंगल ग्रह पर पहली बार यान उतारेगा। इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी नारायणन ने घोषणा की है कि भारत का अगला मंगल मिशन मंगलयान-2 है जो साल 2030 में लॉन्च होगा।इसे मंगल ग्रह की सतह पर उतरना लक्ष्य रहेगा। **लैंडर और रोवर के साथ मिशन :** पहले वाला मंगलयान सिर्फ एक ऑर्बिटर था, जो मंगल की परिक्रमा करता था और तस्वीरें व डाटा भेजता था। लेकिन मंगलयान-2 इससे कहीं ज्यादा उन्नत होगा। इसमें ऑर्बिटर, लैंडर और संभवतः एक छोटा रोवर भी शामिल होगा। इस यान का लक्ष्य मंगल की सतह, वातावरण और खनिजों का गहराई से अध्ययन करना रहेगा। इसरो अब नई सटीक लैंडिंग तकनीक विकसित कर रहा है ताकि यान मंगल की पतली हवा में भी सुरक्षित उतर सके।मिशन के डिजाइन और वैज्ञानिक उपकरणों पर काम इसरो के विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर और स्पेस एप्लिकेशन सेंटर में शुरू हो चुका है। **मंगल पर उतरने वाला चौथा देश बन जाएगा भारत :** अगर यह मिशन सफल होता है, तो भारत मंगल पर उतरने वाला चौथा देश बन जाएगा।

## दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता का दावा, बिहार में एनडीए को पिछली बार से ज्यादा मिलेंगी सीटें

**उत्तम भारत संवाददाता, पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में प्रथम चरण के लिए मतदान जारी है। इस बीच दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दावा किया है कि बिहार में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने जा रही है।रेखा गुप्ता ने कहा कि बिहार की जनता निश्चित रूप से जानती है कि उनके हित में क्या है।पिछले 15-20 वर्षों में उन्होंने राज्य में उल्लेखनीय प्रगति देखी है। वे जानते हैं कि बिहार का विकास केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार और एनडीए के मार्गदर्शन में ही संभव है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि एनडीए यहां पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी और पिछली बार से ज्यादा सीटें हासिल करेगी।



दिल्ली की मुख्यमंत्री ने बिहार चुनाव में पहले चरण के लिए मतदान शुरू होने से पहले मतदाताओं से बढ़-चढ़कर वोट करने की अपील की।रेखा गुप्ता ने एक्स पर पोस्ट किया, बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में सभी सम्माननीय मतदाताओं से अपील है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में पूरे उत्साह के साथ भाग लें। आपका एक-एक वोट विकसित बिहार के सपने को साकार करने की दिशा में अमूल्य योगदान देगा। घर से निकलें, मतदान करें और अपने परिवार व मित्रों को भी इस लोकतांत्रिक दायित्व के लिए प्रेरित करें। पहले मतदान, फिर जलपान। इससे पहले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा सेना पर दिए गए बयान को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उन्हें आड़े हाथों लिया।रेखा गुप्ता ने कहा कि राहुल गांधी देश का अपमान करते हैं, विदेशों में जाकर भारत की बुराई करते हैं, सेना पर सवाल उठाते हैं, भारत माता और सेना का अपमान करते हैं तथा प्रभु श्रीराम के अस्तित्व पर भी सवाल खड़े करते हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि उन्हें तालाब भरकर पानी की जरूरत नहीं, चुल्लू भर पानी ही काफी है।दिल्ली की सीएम ने दावा किया कि इस बार जनता उन्हें करारा जवाब देकर बिहार में एनडीए की सरकार बनाएगी।रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जोड़ी की सराहना करते हुए कहा कि जब वर्षों तक देश की बेटियां खुले में शौच करने को मजबूर थीं, तब कोई ह्यलालटेन वाला नेता नहीं आया था। पीएम मोदी ने पूरे देश की बहनों के बारे में हितकारी कदम उठाए।

## अवैध सट्टेबाजी मामले में पूर्व क्रिकेटर रैना और धवन की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध सट्टेबाजी वेबसाइट मामले में कार्रवाई करते हुए पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन की 11 करोड़ 14 लाख की संपत्ति को अस्थाई तौर से जब्त कर लिया। यह कार्रवाई पीएमएलए के तहत की गई है। ईडी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि अस्थाई तौर जब्त की गई संपत्तियों में सुरेश रैना के नाम पर 6.64 करोड़ रुपए मूल्य के म्यूचुअल फंड निवेश और शिखर धवन के नाम पर 4.5 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्ति शामिल है।दरअसल, ईडी ने अवैध ऑफशोर सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म वन एक्स बेट के संचालकों के खिलाफ विभिन्न राज्यों में दर्ज कई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पता चला कि ब्रांड अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी को बढ़ावा दे रहे हैं। जांच के दौरान पता चला कि सुरेश रैना और शिखर धवन दोनों ने जानबूझकर वन एक्स बेट के प्रचार के लिए उसके सरोगेट माध्यमों से विदेशी संस्थाओं के साथ विज्ञापन समझौते किए थे। इन समझौतों में धन को स्रोत को भी छुपाया गया था। विज्ञापन का भुगतान विदेशी संस्थाओं के माध्यम से ईडी का कहना है कि यह विज्ञापन विदेशी संस्थाओं के माध्यम से किए गए भुगतान के बदले में किए गए थे, ताकि धन के अवैध स्रोत को छुपाया जा सके, जो अवैध सट्टेबाजी गतिविधियों से उत्पन्न अपराध की आय (पीओसी) से जुड़ा हुआ है। बिना अनुमति के कार्यरत था वन एक्स बेट जांच के दौरान पता चला कि वन एक्स बेट भारत में बिना अनुमति के काम करता था और सोशल मीडिया, ऑनलाइन वीडियो और प्रिंट मीडिया के माध्यम से उपयोगकर्ताओं को लक्षित करने के लिए सरोगेट ब्रांडिंग और विज्ञापनों का इस्तेमाल करता था।

## जो राम का नहीं, वह हमारे किसी काम का नहीं : योगी

- सीएम योगी ने कहा कि जिस बिहार ने देश को बुद्ध, महावीर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, जयप्रकाश नारायण और कपूर्री ठाकुर दिए, उस बिहार को राजद और कांग्रेस ने भ्रष्टाचार और अराजकता में झोंक दिया था.

**उत्तम भारत संवाददाता, सीतामढ़ी।** सीतामढ़ी में विपक्ष पर निशाना साधते हुए सीएम योगी ने कहा कि जिस बिहार ने देश को बुद्ध, महावीर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, जयप्रकाश नारायण और कपूर्री ठाकुर दिए, उस बिहार को राजद और कांग्रेस ने भ्रष्टाचार और अराजकता में झोंक दिया था.

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण की 121 सीटों पर आज सुबह से वोटिंग हो रही है. वहीं, दूसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार तेज हो गया है. सत्तारुढ़ एनडीए ने प्रचार में अपना सब कुछ झोंक दिया है. इसी कड़ी में गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सीतामढ़ी जिले के परिहार और सुरसंड जनसभा किया. इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार की जनता अब पहचान के संकट से निकलकर, विकास का विकल्प चुन रही है. उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने भगवान श्रीराम और जानकी पर सवाल उठाए उनको सबक सिखाना है, क्योंकि जो राम



का नहीं है, वह हमारे किसी काम का नहीं है. सीतामढ़ी में विपक्ष पर निशाना साधते हुए सीएम योगी ने कहा कि जिस बिहार ने देश को बुद्ध, महावीर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, जयप्रकाश नारायण और कपूर्री ठाकुर दिए, उस बिहार को राजद और कांग्रेस ने भ्रष्टाचार और अराजकता में झोंक दिया था. बिहार के नौजवानों ने अपनी मेधा से दुनिया में नाम कमाया, लेकिन कांग्रेस-राजद ने उसी बिहार की पहचान धूमिल की. अब बिहार की जनता ठगी के मायाजाल में नहीं फंसेगी. मुख्यमंत्री योगी ने विपक्ष पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस और राजद ने भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण का विरोध किया था. उन्होंने कहा, वे कहते थे राम हुए ही नहीं, उन्होंने रथयात्रा रोकी, रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं. लेकिन हमने कहा था राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे और आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन गया है.

## हल्द्वानी के एम.बी.पी.जी. कॉलेज प्रांगण में भव्य पूर्व सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया

**उत्तम भारत संवाददाता, हल्द्वानी (उत्तराखंड)।** राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर आज हल्द्वानी के एम.बी.पी.जी. कॉलेज प्रांगण में भव्य पूर्व सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।सम्मेलन में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, वीरांगनाओं एवं उनके परिजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में देशभक्ति और उत्साह का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड का हर परिवार गर्व से कह सकता है कि उसके घर से कोई न कोई भारत माता की सेवा में समर्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड वास्तव में वीरभूमि है, जहाँ की माटी में ही राष्ट्रभक्ति और बलिदान की भावना रची-बसी है।मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार सैनिकों एवं उनके परिवारों के कल्याण के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस अवसर पर सैनिक कल्याण विभाग




के पुनर्गठन और सुदृढ़ीकरण की घोषणा करते हुए कहा कि विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाया जाएगा ताकि हर सैनिक परिवार तक योजनाओं का लाभ सहज रूप से पहुँच सके। उन्होंने बताया कि हल्द्वानी, अल्मोड़ा और पौड़ी में जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों एवं आवासीय भवनों के पुनर्निर्माण का कार्य किया जाएगा, जिससे पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद सैनिकों की नारियों को आवासीय भवन निर्माण हेतु दी जाने वाली सहायता राशि को 2 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि शहीद सैनिकों को दी जाने वाली एकमुश्त अनुग्रह राशि को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये किया गया है।मुख्यमंत्री ने बताया कि हल्द्वानी में सैनिकों के 150 बच्चों के लिए एक आधुनिक छात्रावास का निर्माण किया जाएगा, जिससे सैनिक परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुरक्षित आवासीय सुविधा मिल सकेगी।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सैनिकों का जीवन अनुशासन, समर्पण और बलिदान की मिसाल है। उन्होंने कहा कि सैनिक कभी पूर्व सैनिक नहीं होता, वह सदैव सैनिक ही रहता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में राष्ट्र विरोधी सोच का कोई स्थान नहीं है और आज भारत में सभी जरूरी उपकरण देश में ही बनाए जा रहे हैं तथा भारत आत्मनिर्भर बन रहा है।

P-02:28 paga09_jhn.qxd 11/6/2025 9:33 PM Page 1



# ज़िया-उल-उलूम इंटर कॉलेज मे नई शिक्षा नीति और भाषाएँ विषय पर परिचर्चा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** अल्लामा इक़बाल फ़ाउंडेशन संभल द्वारा आयोजित उर्दू भाषा और शिक्षा से संबंधित सप्ताह भर चलने वाले समारोह के चौथे दिन, 6 नवंबर, 2025 को ज़िया-उल-उलूम इंटर कॉलेज पुख़्ता बाग़ सराय तरीन, संभल में ष्नई शिक्षा नीति और भाषाएँष् विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्लामा इक़बाल फ़ाउंडेशन, संभल के अध्यक्ष प्रोफ़ेसर आबिद हुसैन हैदरी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत में इस विद्यालय के छात्रों ने एक सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का भाषण सत्र अतिथियों के परिचय और मास्टर कौसर हुसैन के उद्घाटन भाषण के साथ शुरू हुआ। इसके बाद परिचर्चा के विशेष वक्ता डॉ. मुहम्मद अहमद ने नई शिक्षा नीति और भाषाएँ विषय पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि वर्तमान शिक्षा नीति से पहले भारत की शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए कई नीतियां लागू की गई हैं। लेकिन वर्तमान नीति भाषाओं के संदर्भ में इस मायने में महत्वपूर्ण है कि यह व्यावसायिक और व्यावहारिक जीवन में उपयोगी भाषाओं के कौशल पर विशेष जोर देती है। डिजिटल विकास ने भाषाओं के क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा किए हैं। इसलिए, अगर हम उर्दू सहित अन्य भाषाओं के कौशलपूर्ण शिक्षण पर ध्यान केंद्रित करते हैं, तो रोजगार के विभिन्न अवसर हैं। साहिल स्टडी प्वाइंट के निदेशक बदर जमाल साहिल ने पीपीटी प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में नए विकास पर प्रेरक तरीके से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज के युग में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और डिजिटल दुनिया की नई शाखाओं में पारंपरिक पाठ्यक्रमों की तुलना में बेहतर अवसर मौजूद हैं। इसीलिए नई शिक्षा नीति के तहत इस पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसलिए, आज के छात्रों को इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए भविष्य की योजनाएँ तैयार करनी होंगी। कार्यक्रम का कुशल संचालन शफ़ीकुर्रहमान बरकाती ने किया। कार्यक्रम के अंत में इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शाहिद हुसैन ने परिचर्चा को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं लाभदायक बताया तथा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में ताहिर सलामी, मास्टर कौसर हुसैन, डॉ. रियाज़ अनवर, मुहम्मद हफ़ीज़ ख़ां, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यालय के विद्यार्थी शामिल हुए।

# शिकायत मिलने पर नगर मजिस्ट्रेट ने किया अस्पताल का निरीक्षण



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** नगर संभल में स्थित डॉक्टर शहजाद बॉडी लाइन सेंटर अस्पताल के संबंध में नगर मजिस्ट्रेट को शिकायत प्राप्त हुई की उपर्युक्त हॉस्पिटल का भवन नियम के अनुसार नहीं निर्मित किया गया है तथा रास्ते के दोनों ओर स्थित परिसर को दूसरी मंजिल पर एक ब्रिज नुमा स्ट्रक्चर बनाकर एक कर लिया गया है।

शिकायत प्राप्त होने पर नगर मजिस्ट्रेट द्वारा सचिन जेई विनियमित क्षेत्र के साथ संबंधित अस्पताल का निरीक्षण किया गया मौके पर निरीक्षण के दौरान अस्पताल के परिसर में मानचित्र के अनुसार कई अनियमितताएं पाई गई जैसे कि परिसरों में रास्ते के ऊपर एक अवैध रूप से ब्रिज नुमा स्ट्रक्चर बना लिया गया है। पाई गई अनियमितताओं को दृष्टिगत रखते हुए नगर मजिस्ट्रेट द्वारा संबंधित को नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त उपर्युक्त हॉस्पिटल में संचालित मेडिकल स्टोर पर लाइसेंस धारक उपस्थित नहीं मिला। इस संबंध में संबंधित डॉक्टर को निर्देश दिए गए की लाइसेंस धारक की अनुपस्थिति में दवा का वितरण या तो वह स्वयं करें अन्यथा की स्थिति में मेडिकल स्टोर बंद कर दें।

# कबाड़ व्यापारी को डरा धमका कर वसूली करने वाला फर्ज़ी पुलिस कर्मी गिरफ्तार



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** कबाड़ का काम करने वाले व्यापारी से डरा धमकाकर रूप्ये मांगने वाले फर्ज़ी पुलिस कर्मी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद फैज़ी पुलिस कर्मी के चिट्ठे को खोलकर रख गया।

जानकारी अनुसार थाना कोतवाली सम्भल पुलिस द्वारा गय्यूर पुत्र मकबूल नि0 चौधरी सराय कोतवाली सम्भल जनपद सम्भल ने लिखित तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली सम्भल पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। उक्त मुकदमे के आरोपी विष्णु बाबू पुत्र चन्द्रपाल निवासी पुशावली थाना जुनावाई जनपद सम्भल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी विष्णु बाबू पुत्र चन्द्रपाल निवासी पुशावली थाना जुनावाई जनपद सम्भल के द्वारा पुलिस की वर्दी मे गय्यूर पुत्र मकबूल नि0 चौधरी सराय कोतवाली सम्भल जनपद सम्भल को उसकी चौधरी सराय स्थित कबाडे की दुकान पर आकर डरा धमकाकर अवैध वसूली की मांग करने व झूठे केस मे फंसाकर एन्काउन्टर की धमकी देकर अवैध वसूली के 5000 हजार रूपये मांगने व वादी द्वारा 500 रूपये देने के उपरान्त शक होने पर वादी व उसके साथियो द्वारा आरोपी विष्णु बाबू को मौके से पकड़कर थाने लेकर आये। आरोपी से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि आरोपी पुलिस विभाग मे आरक्षी नही है उसने वर्दी का दूरूप्रयोग कर लोगो के साथ डरा धमकाकर व वसूली करना पाया गया। पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट मे बताया गया कि आरोपी विष्णु बाबू पुत्र चन्द्रपाल निवासी पुशावली थाना जुनावाई जनपद सम्भल द्वारा पूछने पर बताया कि मै पुलिस की वर्दी पहन लेता हूँ और अपने आप को पुलिस वाला बताकर जनता के लोगो डरा धमकाकर पैसे की मांग करता था तो लोग पुलिस की वर्दी और पिस्टल को देखकर डर की वजह से आसानी से पैसे दे देते थे जिससे मुझे आमदनी हो जाती थी, यह पिस्टल मैंने एक खिलोने की दुकान से खरीदा था। इससे पहले भी मै एक बार हरिद्वार उत्तराखंड में दरोगा बताकर लोगो को डरा रहा था जहाँ पर लोगो ने मुझे पकड़ लिया था लेकिन मेरे मिन्नत करने के बाद उन्होंने मुझे छोड़ दिया था तो मेरी हिम्मत और अधिक बढ़ गई, आज भी मै चौधरी सराय पर कबाडी वालो को धमकाकर पैसे की वसूली कर रहा था 500 रूपये मैने वसूली कर लिये थे परन्तु उन लोगो ने मुझे पकड़ लिया और पकड़कर थाने ले आये। पुलिस ने घटना मे प्रयुक्त एक अदद मोटरसाईकिल हीरो एचएफडीलक्स तथा घाटना मे प्रयुक्त पुलिस वर्दी खाकी पेन्ट, खाकी शर्ट, सीटी डोरी, नेम प्लेट जिस पर विशन बाबू व 192501248 लिखा है खाकी वर्दी की बैल्ट, उ0प्र0पु0 लोगो, घटना मे प्रयुक्त एक अदद खिलौनानुमा पिस्टल एल्युमिनियम जिस पर अंग्रेजी मे बरामद किया गया।

# स्वास्थय शिविर मे सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों ने देखे मरीज़



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेशानुसार संभल शहर के मोहल्ला कोट पूर्वी पटवा गली में डॉक्टर सुनील कुमार त्यागी के नेतृत्व में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, स्वास्थ्य शिविर में आज लगभग 152 मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरण की गई। स्वास्थ्य शिविर में ज्यादातर मरीज बुखार-81, खांसी, जुखाम-25, दाद, खाज, खुजली-27, डायबिटीज-8 शरीर में दर्द-11 से सम्बंधित रहे,साथ ही इनमें से 53 मरीजों की ब्लड की जांच (टाइफाइड, मलेरिया, डेंगू,) भी हुई, सभी की जांच नेगेटिव पाई गई। स्वास्थ्य शिविर में डॉ.संकल्प त्रिवेदी, डॉ.मरवहा मुस्लिम, हेमपाल सिंह, सोनू गुप्ता, बलवीर, आशा आदि उपस्थित रहे।

# जागरूक करने के लिए चला मिशन शक्ति संग एण्टी रोमियों का अभियान



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भलकृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) जनपद सम्भल अनुकृति शर्मा के निर्देशन में जनपद के थानों पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

# गुरु नानक प्रकाश उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नहटौर।** गुरु नानक प्रकाश उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर में तीन दिवसीय अखंड पाठ का समापन हुआ। साथ ही प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। सेवादारों को प्रबंध समिति द्वारा सरोपे भेंट किए गए। संगत ने भारी संख्या में पहुंच कर लंगर के माध्यम से प्रसाद ग्रहण किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार गुरु नानक प्रकाश उत्सव पर तीन दिवसीय अखंड पाठ का समापन हुआ। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर से निर्धारित मार्गो से होती हुई प्रभात फेरी का भी समापन हुआ। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर में गुरुद्वारा सजाया गया। जिसमें गुरु ज्ञानी त्रिवेंद्र सिंह ने गुरु वाणी के माध्यम से संगत को निहाल किया। साथ ही गुरु नानक के बताए गए आदर्श पर चलने का आहवान किया। गुरु सभा की ओर से सेवादारों को सरोपे भेंट किए गए तथा गुरुद्वारा परिसर में आयोजित लंगर में महिला-पुरुषों के माध्यम से प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर गुरु सभा के अध्यक्ष निशु सिंह, त्रिवेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, विक्की, शानू, वंश, शिवा, परमजीत सिंह, गुरमीत सिंह, शक्ति सिंह आदि महिला पुरुषों ने भारी संख्या में भाग लिया। इसके अलावा ग्राम बैरमपुर खजूरी में सभा के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह भाटिया, सत्यवीर सिंह, सुरजीत सिंह भाटिया, जगदीश सिंह, ओंकार सिंह आदि संगत ने भारी संख्या में भाग लिया। इसके अलावा मेहर अलीपुर बाकर नगर सिजौली, हरगनपुर मुनीमपुर सदरूद्दीन नगर फलौदी आदि ग्रामीण अंचलों में गुरु नानक प्रकाश उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

# टैम्पू और कार की भिड़ंत आधा दर्जन लोग घायल





**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** टैम्पू और कार की भिड़ंत मे कई लोग घायल हो गये। घटना से हड़कम्प मचा तो लोग मदद को दौड़ पड़े। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया। कार और टैम्पू बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी की।

गुरूवार को समील चन्दौसी मार्ग पर पार्क के निकट टैम्पू ने कार मे ज़ोरदार टक्कर मार दी जिससे कई लोग घायल हो गये। जानकारी अनुसार पंजाब प्रदेश निवासी युवक मोहित अपनी रिश्तेदारी में शादी कार्यक्रम में शामिल होने आया था। बदायूं से मां को साथ लेकर आया युवक सम्भल में रह रही अपनी बहन से मिलने आ रहा था। जबकि टैम्पू चालक अंकुर वर्मा निवासी मौहम्मदपुर टांडा सवारियों लेकर चन्दौसी की तरफ जा रहा था। कार चालक ने विपरीत दिशा से आ रहे दूसरे वाहन से बचने को साइड ली तो टैम्पू से भिड़ंत हो गई। इस भिड़ंत मे आधा दर्जन के करीब लोग घायल हो गये। जिनको लोगों ने दौड़कर बचाते हुए अस्पताल मे उपचार के लिए भर्ती कराया। वहीं कार और टैम्पू भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये। सूचना पाक पहुंची पुलिस ने वाहन चालकों से जानकारी करते हुए वाहनों को चालक समेत अपने साथ ले गई।

# यात्रियों को सड़क दुर्घटना से बचाने के लिए किया गया जागरूक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** यातायात माह नवंबर 2025 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक संभल एवं अपर पुलिस अधीक्षक संभल के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात एवं प्रभारी यातायात के द्वारा जनपद संभल में जागरूकता अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज चंदौसी स्थित सिल्वरस्टोन पब्लिक स्कूल में यातायात पुलिस टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई तथा उन्हें सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों को समझाया गया कि वे स्वयं भी यातायात नियमों का पालन करें और अपने परिवारजनों, मित्रों एवं परिचितों को भी यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान छात्रों से संवाद कर उन्हें हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग, सड़क पार करने के सुरक्षित तरीके, मोबाइल फेन का प्रयोग न करने, तथा गलत दिशा में वाहन न चलाने जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। यातायात पुलिस का यह प्रयास जनमानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# नगीना पुलिस ने मुठभेड़ में चोरी के आभूषणों के साथ दो बदमाशों को किया गिरफ्तार





*** कायस्थ सराय में हुई लाखों की चोरी का नगीना पुलिस ने मात्र 24 घंटे में किया खुलासा**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नगीना।** बेटी की शादी के लिए परिवार सहित वेंकट हॉल में गए परिवार के बंद पड़े मकान में हुई लाखों रुपए की चोरी का नगीना पुलिस ने मात्र 24 घंटे में ही खुलासा कर दिया है। पुलिस ने एक रात्रि चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़ में दो हार्डकोर्ड बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके पास से चोरी किए गए सोने के आभूषण भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस उपाधीक्षक डॉ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने आज गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे पत्रकारों को बताया कि 4/5 नवंबर की रात मोहावा कायस्थ सराय में एक घर में उस समय चोरी हो गई थी जब पूरा परिवार

अपनी बेटी की शादी करने के लिए धामपुर रोड स्थित एक वेंकट हॉल में गया हुआ था। सूचना मिलते ही वह स्वयं तथा नगीना पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना कर पीड़ित परिवार व आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया था।

सीओ डॉ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि बीती रात खुशहालपुर मट्टेरी रोड पर रात्रि चेकिंग के दौरान तड़के तीन बजे के करीब पुलिस ने उधर से गुजर रही एक ई

रिक्शा को रोकने का प्रयास किया तो ई रिक्शा में सवार दो लोगों ने पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। अपने बचाव में पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की तो पुलिस की गोली उनके पैरों में लगी। पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

सीओ डॉ अंजनी कुमार गिरफ्तार किए चतुर्वेदी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों लोगों के पास से सोने के आभूषण बरामद हुए। सीओ के मुताबिक गिरफ्तार किए गए दोनों बदमाशों ने बताया कि उन्होंने ही विगत रात्रि मोहावा कायस्थ सराय में रहने वाले कारोबारी के घर में चोरी की थी और चोरी किए गए माल को ठिकाने लगाने जा रहे थे। उनके पास से एक 315 बोर व एक बारह बोर का अवैध तमंचे भी बरामद हुए हैं।

उर्फ कुल्फी सीओ डॉ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए शातिर बदमाशों के नाम साजिद उर्फ बटला तथा नाजिम उर्फ कुल्फी हैं। सीओ के मुताबिक दोनों बेहद शातिर बदमाश व हार्डकोर्ड अपराधी हैं। साजिद उर्फ बटला के खिलाफ 17 मुकदमें तथा नाजिम उर्फ कुल्फी के खिलाफ 18 मुकदमें दर्ज हैं

# सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर भाषण प्रतियोगिता



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नगीना ।** हिंदू इंटर कॉलेज में सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती सप्ताह के अंतर्गत सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम में हिंदू इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं पूर्व गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नीवर्तमान मंडल अध्यक्ष नीरज बिश्नोई एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता रोहित रवि रहेद्य भाषण प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता में वैष्णवी वर्मा प्रथम स्थान पर तथा मुस्कान वर्मा द्वितीय स्थान पर रहीद्य

जिनको नीरज बिश्नोई,रोहित रवि, प्रधानाचार्य हिंदू इंटर कॉलेज एवं मास्टर रणवीर सिंह द्वारा पुरस्कार वितरित किए गएद्य कार्यक्रम में नीरज बिश्नोई रोहित रवि प्रधानाचार्य हिंदू इंटर कॉलेज यशवीर सिंह,मास्टर रणवीर सिंह, मास्टर धीरज सिंह, अर्णव चौधरी, अमन कुमार विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहेद्य

# गौ आश्रय स्थलो मे गो वंशों को ठंड से बचाने के प्रशासन ने की तैयारी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में गौ आश्रय स्थलों में संरक्षित गो वंशों को ठंड से बचाव के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के अन्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि गो वंशों को ठंड से बचाने हेतु पर्याप्त मात्रा में पोष्टिक आहार की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। गोवंश को ठंड से बचाव हेतु गो आश्रय स्थलों में शीत लहर के प्रभाव को रोकने के लिए त्रिपाल, बोरा, इत्यादि का प्रयोग किया जाए। वृद्ध, अशक्त तथा नवजात गो वंशों पर विशेष ध्यान दिया जाए। गौ आश्रय स्थलों पर गो वंशों हेतु जूट के बोरे के झूल का उपयोग किया जाए। गौ आश्रय स्थलों पर बोरा एवं टाट की उपलब्धता को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गौ आश्रय स्थलों पर समुचित साफ सफाई तथा तथा पर्याप्त मात्रा में भूसा, पराली हरा चारा, दाना गुड़, आदि को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि गौ आश्रय स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रहें अगर लापरवाही संज्ञान में आयी तो ग्राम प्रधान तथा ग्राम सचिव पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। केयर टेकर के भुगतान को लेकर भी निर्देशित किया तथा गो वंशों के शव का निस्तारण शासनादेश के अनुसार हो। पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम प्रधान तथा केयर टेकर का संवेदीकरण किया जाए। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह, समस्त खंड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# घर में रखी लड़कियों में सांप घुसा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**नहटौर।** गांव दरबारपुर निवासी जय सिंह के घर में सांप दिखाई दिया जो घर में रखी लकडियों के नीचे घुस गया। इससे घर में रहने वाले लोग भयभीत हो गए। घर में सांप होने की सूचना वन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सांप को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड दिया। सर्पमित्र बी.भास्कर ने बताया कि पकड़ा गया सांप रसेल वाइपर प्रजाति है। यह भारत के सबसे घातक और जहरीले सांपों में से एक है। यह सांप फुर्तीला और आक्रामक होता है। इसका जहर हेमोटोक्सिक होता है। इसके काटने पर नसों में खून के थक्के बनने लगते हैं। समय पर और सही इलाज न मिलने पर मरीज की मौत हो सकती है। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि सांप के काटने पर झाडफूंक के फेर में न पड़कर सीधे सरकारी अस्पताल जाना चाहिए। वहां एंटी स्नेक वेनम हर समय उपलब्ध रहती हैं। उन्होंने सांपों को प्रकृति का मित्र बताते हुए उन्हें कभी न मारने की भी अपील की।

# बहुत खराब श्रेणी में पहुंची राजधानी की हवा

● 8 नवंबर तक वायु गुणवत्ता सूचकांक बहुत खराब श्रेणी में रहने के आसार

**लिशा शर्मा**

**उत्तम भारत, नई दिल्ली।** दिल्ली की हवा एक बार फिर बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गई है। गुरुवार को राजधानी वायु गुणवत्ता सूचकांक 311 दर्ज किया गया। 5 नंवबर की अपेक्षा 6 नवंबर को वायु गुणवत्ता सूचकांक में 109 अंक की वृद्धि दर्ज की गई। बुधवार को राजधानी के लोगों को तेज हवा और दिन भर निकलने वाली खिली हुई धूप ने प्रदूषण से खासी राहत मिली थी। लेकिन यह राहत 24 घंटे भी नहीं टिक पाई। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 3 से 5 नवंबर के बीच डेढ़ सौ अंकों से ज्यादा का सुधार हुआ था लेकिन एक बार फिर यह बढ़ गया। राजधानी में शाम पांच बजे लगभग दो दर्जन प्रदूषण मापने वाले केंद्र में प्रदूषण का स्तर बहुत खराब स्तर पर दर्ज किया गया। प्रदूषण के स्तर में इस वृद्धि की वजह न्यूनतम तापमान में कमी और आंशिक रूप से छाए बादल माने जा रहे हैं। दिल्ली के लोगों के लिए अक्तूबर महीने का दूसरा पखवाड़ा भी बेहद प्रदूषण वाला साबित हुआ है। 14 अक्तूबर को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 200 से ऊपर यानी खराब श्रेणी में पहुंच गया था। इसके



बाद से ही लगातार वायु गुणवत्ता का स्तर खराब या बेहद खराब श्रेणी में बना रहा। 30 अक्तूबर को इस मौसम में दिल्ली की हवा सबसे खराब रही थी। इस दिन वायु गुणवत्ता सूचकांक 379 के अंक पर पहुंच गई थी। इस दिन दिल्ली के तेरह इलाकों का सूचकांक 400 से ऊपर यानी गंभीर श्रेणी में पहुंचा हुआ था। गुरुवार की सुबह भी वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 278 दर्ज किया गया खराब श्रेणी में आता है। सुबह ही एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम (एक्यूईडब्ल्यूएस) ने वायु गुणवत्ता और खराब होने का अनुमान जताया था। आठ नवंबर तक प्रदूषण का स्तर बहुत खराब श्रेणी में पहुंच सकता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की ओर से जारी सुबह के वायु गुणवत्ता बुलेटिन के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में एक्यूआई 278 दर्ज किया गया।

# मंत्री इंद्राज ने किया कलिंगा सामाजिक विज्ञान संस्थान का निरीक्षण

**दीया शर्मा**

**उत्तम भारत, नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के एससी/एसटी/ओबीसी कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने गुरुवार को नजफगढ़ के ईसापुर गांव स्थित कलिंगा सामाजिक विज्ञान संस्थान (केआईएसएस) का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और स्थानीय लोगों से दिल्ली सरकार की छात्रों की शिक्षा और आवासीय योजनाओं से जुड़ी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। मंत्री रविंद्र इंद्राज ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार की उपेक्षा के कारण दिल्ली में स्कूल और कॉलेज छात्र-छात्राओं के कई हॉस्टल बंद कर दिए गए। साथ ही छात्र-छात्राओं को कंपटीशन की तैयारी कराने वाले कोचिंग संस्थानों में घोटाले सामने आए। अधिकारियों ने बताया कि ईसापुर स्थित यह विद्यालय विशेष रूप से एससी, ओबीसी, अल्पसंख्यक एवं अनाथ छात्रों के



लिए स्थापित किया गया था, जहां निःशुल्क आवासीय सुविधा, भोजन, यूनिफार्म, स्टेशनरी और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती थी। साथ ही छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए वोकेशनल प्रशिक्षण और खेल सुविधाएं भी परिसर में मौजूद थीं। सितंबर 2024 में भवन की जर्जर हालत और पूर्ववर्ती सरकार से उपयुक्त आर्थिक सहायता न मिलने से यह विद्यालय बंद कर दिया गया था। लगभग 1200 छात्र-छात्राओं की क्षमता वाले आवासीय स्कूल में उस समय लगभग 800 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत थे। निरीक्षण के दौरान रविंद्र इंद्राज ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि समाज के वंचित वर्गों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुरक्षित आवासीय वातावरण प्रदान किया जाए दिल्ली सरकार छात्रों के लिए बंद पड़े हॉस्टलों को शुरू करने और नए हॉस्टल बनाने की योजना पर काम कर रही है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि तिमारपुर में नेत्रहीन कॉलेज छात्राओं के लिए हॉस्टल का लोकार्पण सेवा पखवाड़े के दौरान किया गया। साथ ही दिलशाद गार्डन स्थित संस्कार आश्रम शुरू करने के अतिरिक्त हर जिले में एक हॉस्टल शुरू करने की भी योजना है।

# मिजोरम सचिवालय सेवा के अधिकारियों ने किया स्मार्ट सिटी प्रयासों पर चर्चा के लिए एनडीएमसी का दौरा

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** मिजोरम सचिवालय सेवा के अधिकारियों के 25 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को स्मार्ट सिटी पहलों एवं प्रयासों पर ज्ञान-साझाकरण चर्चा में भाग लेने के लिए नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) का दौरा किया। मिजोरम प्रतिनिधिमंडल की यह यात्रा एनडीएमसी द्वारा भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) के सहयोग से आयोजित एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हिस्सा है। एनडीएमसी सचिव राकेश कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को स्मार्ट सिटी पहलों के तहत सतत शहरी विकास और आधुनिक नागरिक सेवाओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि ये प्रयास एनडीएमसी को देश की सबसे नागरिक-अनुकूल राजधानियों में शुमार कराते हैं। एनडीएमसी के वरिष्ठ अधिकारी, जिनमें कार्मिक एवं शिक्षा (ओएसडी), मुख्य अभियंता, मुख्य वास्तुकार, स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी, निदेशक और निदेशक (प्रशिक्षण) शामिल थे ने क्षेत्र-विशिष्ट नवाचारों पर अपने अनुभव साझा किए। एमओएच डॉ. शकुंतला



श्रीवास्तव ने एनडीएमसी की प्रमुख स्मार्ट पहलों पर प्रस्तुति दी। इसमें एकीकृत कमांड एवं नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी), स्मार्ट ई-लर्निंग, सौर ऊर्जा परियोजनाएं, स्मार्ट पार्किंग, सौंदर्यीकरण, वैज्ञानिक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्रोत पर पृथक्करण और रिड्यूस, रीयूज, रिसाइकल (आरआरआर) मॉडल शामिल हैं। उन्होंने अनुपम कॉलोनियों के समुदाय-संचालित विकास, बागवानी व हरित आवरण विस्तार, वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए मिस्ट स्प्रेयर और ई-कचरे के निपटान जैसी पहलों पर भी प्रकाश डाला। प्रतिनिधिमंडल ने आईसीसीसी का दौरा किया, जहां प्रभारी गौरी शंकर अग्रवाल ने इसकी कार्यप्रणाली समझाई। यह पालिका केंद्र में स्थित अत्याधुनिक सुविधा शहर के वास्तविक समय डेटा को एकत्रित करती है सीसीटीवी, वायु गुणवत्ता सेंसर, स्मार्ट स्ट्रीट लाइट, स्वच्छता और यातायात निगरानी से। एकल स्क्रीन के माध्यम से एकीकृत दृश्य प्रदान करने वाला यह केंद्र सार्वजनिक सुरक्षा, उपयोगिता अनुकूलन और आपात प्रबंधन में डेटा-संचालित निर्णयों को सक्षम बनाता है। जीआईएस मैपिंग, स्काडा एकीकरण और जीपीएस-ट्रैक्ड अपशिष्ट प्रबंधन से एनडीएमसी ने शहरी प्रबंधन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। मिजोरम प्रतिनिधिमंडल ने एनडीएमसी की नागरिक-केंद्रित स्मार्ट पहलों की खूब सराहना की और मिजोरम के शहरी विकास में इन्हें अपनाने के अवसर तलाशे।

# से हेल्प ऐप की मदद से दिल्ली पुलिस ने तोड़ा मानव तस्करी का रैकेट, 6 महिलाओं को बचाया

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट ने आधुनिक तकनीक का कमाल दिखाते हुए पहाड़गंज इलाके में एक बड़े अनैतिक तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ कर दिया। ह्यसे हेल्पह्व नामक वॉयस-एक्टिवेटेड इमरजेंसी ऐप के जरिए मिली सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गैलेक्सी स्पा को सील कर दिया। इस ऑपरेशन में छह महिलाओं को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराया गया, जबकि एक महिला रिसेप्शनिस्ट को गिरफ्तार किया गया। बरामदगी में 2,000 रुपए की चिह्नित मुद्रा और तीन निरोधक पैकेट शामिल हैं। 30-31 अक्टूबर 2025 की मध्य रात्रि करीब 11:30 बजे से हेल्प ऐप पर एक 32 वर्षीय व्यक्ति ने अलर्ट भेजा। उसने दावा किया कि एक महिला को जबरन एक स्पा जैसी जगह पर ले जाया जा रहा है। ऐप ने तुरंत वीडियो, ऑडियो, जीपीएस लोकेशन और लाइव ट्रैकिंग के जरिए पुलिस को रीयल-टाइम जानकारी भेज दी। सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के विशेष स्टाफ, मध्य जिला पुलिस और ऐप की समर्पित टीम ने सूचना की पुष्टि की। खुफिया जानकारी से पता चला कि डीबीजी रोड, नबी करीम स्थित टुडे होटल के पास गैलेक्सी स्पा (द्वितीय तल, 4/1) में अनैतिक तस्करी का धंधा फल-फूल रहा था। पुलिस ने रणनीतिक छापेमारी की। एक अधिकारी को फर्जी ग्राहक बनाकर 2,000 रुपए के चिह्नित नोट दिए गए। उसे व्हाट्सएप पर मिस्ड कॉल देकर संकेत देने को कहा गया। शाम 7:25 बजे फर्जी ग्राहक ने अवैध गतिविधियों की पुष्टि की। तुरंत छापेमारी दल ने स्पा पर धावा बोल दिया। अंदर छह महिलाएं और एक रिसेप्शनिस्ट अनैतिक कामों में लिप्त पाई गईं। चिह्नित नोट और निरोधक पैकेट जब्त कर लिए गए। पूछताछ में रिसेप्शनिस्ट के (36 वर्ष, पहाड़गंज निवासी) ने कबूल किया कि वह अपने पति के साथ मिलकर यह अवैध धंधा चला रही थी। महिलाओं को नौकरी का लालच देकर लाया जाता था, फिर जबरन वेश्यावृत्ति में धकेल दिया जाता। बचाई गई महिलाओं में ज्यादातर दूसरे राज्यों से थीं, जो आर्थिक तंगी का शिकार हो गईं। इन महिलाओं को मेडिकल जांच के बाद काउंसलिंग और पुनर्वास के लिए एनजीओ को सौंप दिया गया। 31 अक्टूबर को थाना नबी करीम में अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम, 1956 की धारा 3/4/5 के तहत प्राथमिकी संख्या 0450/2025 दर्ज की गई। बता दें कि से हेल्प ऐप एंड्रॉइड और आईओएस पर उपलब्ध वैश्विक इमरजेंसी टूल है। यह वॉयस कमांड या पुश बटन से अलर्ट भेजता है, जो एसएमएस/व्हाट्सएप के जरिए संपर्कों और पुलिस तक पहुंचता है। ऐप में लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग, मैप ट्रैकिंग और हेल्थ चेक-अप फीचर्स हैं।

# चार अलग साइबर ठगी के मामलों में छह आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले की साइबर थाना पुलिस ने एक सप्ताह चले विशेष अभियान के दौरान साइबर अपराध में सक्रिय चार अलग-अलग गिरोहों का पदार्फाश किया है। इन अभियानों में छह साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पश्चिमी जिले के पुलिस उपायुक्त शरद भास्कर ने गुरुवार को बताया कि ये सभी कार्रवाइयां इंस्पेक्टर विकास कुमार की देखरेख में की गईं। इस अभियान में दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर छापेमारी की गई।

**पहला मामला- डिजिटल अरेस्ट ठगी गिरोह का भंडाफोड़**

साइबर थाना पुलिस ने एक अंतरराज्यीय डिजिटल अरेस्ट ठगी सिंडिकेट का पदार्फाश करते हुए दो आरोपित शिवा (19) और पुनीत कुमार उर्फ साहिल (22) को गिरफ्तार किया है। दोनों बल्लभगढ़, फरीदाबाद (हरियाणा) के रहने वाले है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि शिकायतकर्ता महिला को एक व्यक्ति ने पुलिस अधिकारी बनकर व्हाट्सएप वीडियो कॉल की और मनी लॉन्ड्रिंग जांच के नाम पर 11,75,228 ठग लिए। एसआई अरविंद सिंह और कॉन्स्टेबल कपिल की टीम ने तकनीकी निगरानी के जरिए आरोपितों को हरिजन बस्ती, बल्लभगढ़ से पकड़ा। जांच में खुलासा हुआ कि दोनों ने ठगी की रकम ट्रांसफर करने के लिए म्यूल बैंक अकाउंट खोले थे।

**दूसरा मामला -फर्जी वर्क फ्रॉम होम जॉब फ्रॉड**

पुलिस ने जयपुर (राजस्थान) से एक युवक को पकड़ा जो वर्क फ्रॉम होम के नाम पर लोगों को ठग रहा था। आरोपी अंकित सोनकारिया (19) ने गूगल मैप्स पर रिव्यू करने का झांसा देकर एक महिला से 2,74,520 की ठगी की थी। एसआई तरुण राणा की टीम ने गांव उदैपुरिया, जयपुर में छापा मारकर आरोपित को गिरफ्तार किया। आरोपित ने अपने खाते के जरिए धोखाधड़ी की रकम कमीशन लेकर दूसरों को ट्रांसफर की थी।

**तीसरा मामला- फर्जी बीईईएस ऐप (.एपीके) ठगी रैकेट**

साइबर पुलिस ने नोएडा और अलीगढ़ (उप्र) से दो युवकों को पकड़ा जो बिजली मीटर वेरिफिकेशन के नाम पर लोगों के मोबाइल में फर्जी .एपीके फाइल भेजते थे। आरोपित लवलेश कुमार (22) और हरभजन (24 वर्ष) ने शिकायतकर्ता गुरजीत सिंह से 16,52,000 की ठगी की। एसआई अंकुर ओहलान की टीम ने गुरुग्राम, नोएडा और अलीगढ़ में लगातार छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार किया। जांच में पता चला कि 6 लाख की रकम उनके बैंक खातों से गुजरी थी।

**चौथा मामला - साइबर स्टॉकर और ब्लैकमेलर गिरफ्तार**

एक महिला की शिकायत पर साइबर पुलिस ने एक ब्लैकमेलर को गिरफ्तार किया जिसने महिला की निजी वीडियो बनाकर 3 लाख की फिरौती मांगी थी। आरोपित गुलफाम अंसारी (25) राणहोला दिल्ली ने फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर वीडियो उसके परिजनों और दोस्तों को भेज दिए थे। पुलिस टीम ने तकनीकी निगरानी के बाद आरोपित को दबोच लिया।

# चार साइबर आपराधिक गिरोहों का भंडाफोड़, छह आरोपी गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की साइबर पश्चिम इकाई ने सप्ताह भर चले विशेष अभियान में चार अंतरराज्यीय साइबर आपराधिक गिरोहों का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनसे कुल 34 लाख रुपए से अधिक की ठगी की राशि बरामद करने के सुराग मिले। अभियान के दौरान 7 मोबाइल फोन, 3 एटीएम कार्ड, 2 चेक बुक, 1 पासबुक और 2 सिम कार्ड बरामद हुए। यह कार्रवाई इंस्पेक्टर विकास कुमार (थाना प्रभारी, साइबर वेस्ट) और एसीपी ऑप्स विजय सिंह के नेतृत्व में डीसीपी पश्चिम शरद भास्कर दाराडे (आईपीएस) के पर्यवेक्षण में संपन्न हुई। शिवा (19 वर्ष, बेरोजगार, 8वीं पास) और पुनीत कुमार उर्फ साहिल (22 वर्ष, बेरोजगार, 12वीं पास) को गिरफ्तार किया गया। 8 जुलाई 2024 को एक शिकायत में पीड़ित ने बताया कि फर्जी व्हाट्सएप वीडियो कॉल पर खुद को पुलिस अधिकारी बताकर मनी लॉन्ड्रिंग जांच के बहाने 11, 75, 228 रुपए की ठगी की गई। एसआई अरविंद सिंह, हेड कांस्टेबल नरेश और कांस्टेबल कपिल की टीम ने तकनीकी विश्लेषण से हरिजन बस्ती, बल्लभगढ़ से दोनों को पकड़ा। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी खच्चर बैंक खातों का संचालन कर ठगी की राशि ट्रांसफर करते थे। अंकित सोनकरिया (19 वर्ष, फूल विक्रेता, 8वीं पास) को उदयपुरिया गांव से गिरफ्तार किया। पीड़ित से गूगल मैप्स रिव्यू के नाम पर 2, 74, 520 रुपए ठगे गए। एसआई तरुण राणा, हेड कांस्टेबल अमर और कांस्टेबल दीपेंद्र की टीम ने छापेमारी की। आरोपी कमीशन आधारित बैंक खाते चलाता था। लवलेश कुमार (22 वर्ष, फामेर्सी डिप्लोमा, दवा पैकिंग फैक्ट्री कर्मी) और हरभजन (24 वर्ष, बीएससी स्नातक, निजी अस्पताल सहायक) को पकड़ा गया। शिकायतकर्ता गुरजीत सिंह से मीटर सत्यापन की फर्जी एपीके इंस्टॉल कर 16, 52, 000 रुपए ठगे, जिसमें 6 लाख रुपए नकली खातों से ट्रांसफर हुए। एसआई अंकुर ओहलान, हेड कांस्टेबल दीपक और कांस्टेबल भूपेंद्र की टीम ने गुड़गांव, नोएडा व अलीगढ़ में छापे मारे। आरोपी कई बैंकों में कमीशन आधारित खाते संचालित करते थे।

# 20 लाख के मोबाइल की हेराफेरी, गढ़ी डकैती की फर्जी कहानी, दिल्ली पुलिस ने 24 घंटे में खोली पोल

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने फर्जी डकैती के मामले को 24 घंटे में सुलझाते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने लगभग 20 लाख रुपए की कीमत के महंगे मोबाइल फोन की हेराफेरी करने के लिए बंदूक के बल पर फर्जी डकैती का नाटक रचा था। दिल्ली पुलिस ने 24 घंटे में पदार्फाश करते हुए पूरा सामान बरामद किया है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, थाना शकरपुर के अंतर्गत विकास मार्ग के पास लगभग 20 लाख रुपए मूल्य के महंगे मोबाइल फोन की लूट के संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली थी। कूरियर बॉय के रूप में काम करने वाले शिकायतकर्ता आशीष कुमार ने बताया कि जब वह अपने स्कूटर से करोल बाग में मोबाइल फोन डिलीवर कर रहा था, तो विकास मार्ग फ्लाईओवर के पास एक अन्य स्कूटर पर सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसे रोक लिया, उन्हें बंदूक से धमकाया और 25 मोबाइल फोन (14 आईफोन 17 और 10 वनप्लस भी शामिल) से भरा उनका बैकपैक छीन लिया। शिकायत के आधार पर शकरपुर थाने में एफआईआर दर्ज की गई और जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पूर्वी जिले के स्पेशल स्टाफ को कथित लुटेरों का पता लगाने और मामले को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने का काम सौंपा गया।

# जेएनयू में छात्रसंघ चुनाव की मतगणना जारी, 3 सीटों पर लेफ्ट को बढ़त, 1 पर एबीवीपी आगे

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में गुरुवार को छात्रसंघ चुनाव का नतीजा घोषित कर दिया जाएगा। 4 नवंबर को विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनावों के लिए मतदान हुआ था। अभी तक सामने आ रहे रुझानों में यहां लेफ्ट पार्टियों के गठबंधन ने चार में से तीन सीटों पर बढ़त बनाई हुई है। वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक सीट पर आगे है। वाम दलों के उम्मीदवारों ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व संयुक्त सचिव पद पर अपनी बढ़त बना रखी है।

वहीं, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का उम्मीदवार महासचिव पद पर आगे चल रहा है। कांग्रेस समर्थित छात्र संगठन एनएसयूआई ने भी यह चुनाव लड़ा है, लेकिन एनएसयूआई बुरी तरह पिछड़ रही है और चारों में से किसी भी सीट पर मुकाबले में नहीं है।

गौरतलब है कि विभिन्न वाम संगठन जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में इस वर्ष संयुक्त रूप से चुनाव लड़े हैं। वाम संगठन जैसे कि एसएफआई, आइसा और डीएसएफ लंबे समय बाद छात्रसंघ चुनाव में साथ आए हैं। इन वामदलों की ओर से अध्यक्ष पद के लिए अदिति मिश्रा मैदान में थी। अदिति मिश्रा फिलहाल अभी तक हुई मतगणना में अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ रहे अन्य सभी उम्मीदवारों के मुकाबले आगे चल रही है। उपाध्यक्ष पद भी लेफ्ट उम्मीदवार कीझाकूट गोपिका बाबू को बढ़त हासिल है।

महासचिव पद पर लेफ्ट पार्टियों के संयुक्त उम्मीदवार सुनील यादव फिलहाल पीछे चल रहे हैं। अभी तक हुई गिनती में महासचिव पद पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के उम्मीदवार राजेश्वर कांत दुबे मामूली अंतर से लगातार बढ़त बनाए हुए हैं। वहीं संयुक्त सचिव पर लेफ्ट उम्मीदवार दानिश अली को बढ़त हासिल है। फिलहाल चारों सीटों पर मतगणना जारी है और अंतिम नतीजे आने में अभी कुछ और समय लगेगा। इस वर्ष विश्वविद्यालय में कुल 8 मतदान केंद्र बनाए गए थे।

जेएनयू के इन मतदान केन्द्रों पर मंगलवार को सुबह 9 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू हुई थी। यहां दो अलग-अलग पालियों में मतदान कराया गया था। पहली पाली का मतदान दोपहर 1 बजे तक चला। इसके बाद दोपहर 2 बजकर 30 मिनट पर दूसरी पाली का मतदान प्रारंभ हुआ था। जवाहरलाल लाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव व संयुक्त सचिव समेत विभिन्न संकायों के काउंसलर पद के लिए यह मतदान हुआ था।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विभिन्न संकायों के कई काउंसलर पद पर जीत हासिल की है। विश्वविद्यालय के कुल 9,043 छात्र मतदाता थे। हालांकि विश्वविद्यालय में इस बार कुल 67 प्रतिशत मतदान हुआ, जो बीते वर्ष के मुकाबले कुछ कम है।

गौरतलब है कि जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में अभाविप की ओर से अध्यक्ष पद पर विकास पटेल चुनाव मैदान में थे। उपाध्यक्ष पद पर तान्या कुमारी चुनाव लड़ रही थी। महासचिव पद के लिए राजेश्वर कांत दुबे व संयुक्त सचिव पद के लिए अनुज एबीवीपी के प्रत्याशी थे। इसके अलावा, अन्य संगठनों ने भी इन चुनावों में अपने उम्मीदवार उतारे थे। लेकिन, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में मुख्य मुकाबला लेफ्ट पार्टियों के गठबंधन और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बीच ही रहा है। अंतिम चुनाव नतीजों की बात करें तो आज यानी 6 नवंबर को ही जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव का नतीजा जारी किया जाएगा। इस साल जेएनयू छात्र संघ चुनाव कमेटी की ओर से एक ऑफिशियल वेबसाइट की जानकारी दी गई है। विश्वविद्यालय के छात्र इस वेबसाइट के जरिए लाइव रिजल्ट और अन्य आधिकारिक सूचनाएं हासिल कर सकेंगे। छात्र संगठनों ने इन चुनावों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय व छात्रों से जुड़े अनेक मुद्दे उठाए हैं।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने इन चुनावों में शोधार्थियों की फेलोशिप, हॉस्टल आवंटन की पारदर्शिता, वाई-फाई सुविधा के विस्तार।

## समाचार

### दिल्ली के महापौर ने बिहार चुनाव में मतदान की अपील की

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में मतदाताओं से घर से निकलकर वोट डालने की अपील की है। महापौर राजा इकबाल सिंह ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा है कि लोकतंत्र का यह महापर्व बिहार के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेगा। महापौर ने कहा कि हर वोट बिहार के उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय करेगा। सभी मतदाताओं से निवेदन है परिवार, समाज और प्रदेश की प्रगति के लिए घर से निकलें और मतदान करें। पहली बार वोट डालने वाले युवा मतदाताओं को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि पहली बार वोट डालने वाले युवा साथियों को विशेष शुभकामनाएं आपका वोट बदलाव की शुरूआत है। महापौर ने कहा कि विकास, विश्वास और सुशासन के निरंतर सफर के लिए एन.डी.ए सरकार को वोट करें। उल्लेखनीय है कि, बिहार में आज पहले चरण के मतदान हो रहा है।



### श्रीराम सेंटर में एजुकेशन काउंसलर पद के लिए आवेदन मांगे

**नई दिल्ली।** श्रीराम सेंटर में एजुकेशन काउंसलर के पद के लिए आवेदन मांगे गए हैं। यह पद उन उम्मीदवारों के लिए है जो छात्रों से संवाद, लीड रूपांतरण और अकादमिक व प्रोडक्शन गतिविधियों के समन्वय में कुशल हों। उम्मीदवार के पास बेहतर कम्युनिकेशन, संगठन और मल्टीटास्किंग क्षमता होनी चाहिए। थिएटर या परफॉर्मिंग आर्ट्स पृष्ठभूमि वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार 9 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं।

### वोट चोरी पर निगरानी के लिए प्रदेश कांग्रेस ने समिति बनाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि 30 नवंबर को होने वाले दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 12 वार्डों के उपचुनाव के लिए कांग्रेस की बूथ प्रबंधन कमेटी पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि पिछले नौ माह में बूथ-स्तरीय टीमें दिल्ली सरकार की जनविरोधी नीतियों और वोट चोरी की साजिश के खिलाफ घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक कर रही हैं। यादव ने कहा कि कांग्रेस मतदाताओं को चुनाव आयोग के सहयोग से सतर्क रहने की सलाह दे रही है ताकि वोट चोरी की कोई संभावना न रहे। पार्टी उन्हीं उम्मीदवारों को टिकट देगी जो अपने वार्ड में मजबूत जनसंपर्क रखते हैं और लगातार जनता के बीच सक्रिय रहे हैं। कांग्रेस बूथ प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष राजेश गर्ग ने बताया कि प्रत्येक बूथ पर पांच सदस्यीय टीम गठित की गई है, जिन्हें मतदाता सूची में गड़बड़ी और वोट चोरी की निगरानी का प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से हुए तो कांग्रेस उपचुनावों में निश्चित रूप से जीत दर्ज करेगी।

### डूसू के पूर्व अध्यक्ष की सुरक्षा मांग पर जल्द कार्रवाई करे पुलिस : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पुलिस को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के पूर्व अध्यक्ष रौनक खत्री की सुरक्षा संबंधी मांग पर जल्द कार्रवाई कर निर्णय लेने का आदेश दिया है। खत्री ने याचिका में कहा था कि उन्हें यूक्रेन के एक नंबर से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं और पांच करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई है। धमकी देने वाला खुद को एक कुख्यात गैंग से जुड़ा बताता है। न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा की पीठ ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा राज्य का संवैधानिक दायित्व है। अदालत ने आउटर नॉर्थ जिला पुलिस उपायुक्त और स्पेशल सेल के डीसीपी को निर्देश दिया कि वे खत्री की सुरक्षा मांग पर तुरंत निर्णय लें। कोर्ट ने यह भी कहा कि बीट कांस्टेबल और थानाध्यक्ष को सतर्क किया जाए ताकि खत्री के किसी भी कॉल पर तुरंत प्रतिक्रिया दी जा सके। साथ ही अदालत ने आदेश दिया कि अगले दो सप्ताह तक बीट कांस्टेबल नियमित रूप से खत्री के घर जाकर सुरक्षा की स्थिति की जांच करें। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस के अधिवक्ता ने बताया कि खत्री की सुरक्षा आवेदन स्पेशल सेल के डीसीपी को भेजी गई है, जो खतरे का आकलन कर आगे की कार्रवाई करेंगे। खत्री ने आरोप लगाया कि सितंबर में दी गई सीमित सुरक्षा अगले ही दिन वापस ले ली गई थी।

### इंडिया आर्ट फेस्टिवल में सजेंगी 4500 कलाकृतियां

**नई दिल्ली।** राजधानी एक बार फिर कला के रंगों में रंगने को तैयार है। 7 से 9 नवंबर तक कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में इंडिया आर्ट फेस्टिवल का आयोजन होगा। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में 450 से अधिक कलाकार अपनी 4500 से ज्यादा कलाकृतियां प्रदर्शित करेंगे। देशभर की 100 से अधिक आर्ट गैलरियां और बूथ इसमें हिस्सा लेंगे। पेंटिंग, स्कल्पचर, इंस्टॉलेशन और डिजिटल आर्ट की झलक यहां देखने को मिलेगी। फेस्टिवल सुबह 11 से शाम 7 बजे तक चलेगा, जिसका प्रवेश पास मात्र 199 रुपये का होगा।

### शिक्षक संघ चुनाव की सरगर्मियां तेज

**नई दिल्ली।** राजधानी के सरकारी स्कूलों में शिक्षक संघ चुनाव को लेकर माहौल गरम है। ऑल इंडिया गेस्ट टीचर्स एसोसिएशन ने कहा कि 11 साल बाद होने वाला यह चुनाव शिक्षकों के हितों के समाधान का मार्ग प्रशस्त करेगा। महासचिव अजयवीर यादव अध्यक्ष पद के लिए मैदान में हैं, जबकि अध्यक्ष अरुण डेढा ने स्थाई और अतिथि दोनों शिक्षकों के लिए आवाज उठाने की प्रतिबद्धता जताई। दूसरी ओर, कृष्ण कुमार फोगाट भी इस पद के प्रमुख दावेदार हैं।

### पिज्जा नहीं देने पर डिलीवरी ब्वॉय और बचाने आए युवक को पीटा

**नई दिल्ली।** दक्षिणी गणेश नगर में शनिवार देर रात पिज्जा डिलीवरी ब्वॉय से जबरदस्ती पिज्जा मांगने पर मना करने पर दो युवकों ने उस पर और उसके पड़ोसी पर हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, 32 वर्षीय अमित गुप्ता दक्षिणी गणेश नगर में परिवार के साथ रहते हैं और पिज्जा डिलीवरी का काम करते हैं। एक नवंबर की रात करीब 2:30 बजे वह ऑर्डर सप्लाई करने निकले थे। जैसे ही वह बजाज शोरूम के पास पहुंचे, तभी पोपी और करण जबरदस्ती पिज्जा मांगने लगे। अमित ने मना किया तो दोनों ने गाली-गलौज कर उसकी पिटाई शुरू कर दी। शोर शराबा सुनकर पड़ोसी मोहित मौके पर पहुंचा और बीच-बचाव करने लगा। आरोपियों ने मोहित पर भी हमला कर दिया। इस दौरान आरोपी पोपी ने पत्थर उठाकर मोहित के सिर पर मार दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। इसके बाद दोनों आरोपी धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायल मोहित को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

P-04:28 paga09_jhn.qxd 11/6/2025 7:05 PM Page 1



## विधायक मुकेश शर्मा ने सेक्टर-5 में मॉडल प्रोजेक्ट रोड का शिलान्यास किया, पार्कों का भी किया निरीक्षण



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक श्री मुकेश शर्मा ने आज सेक्टर-5 स्थित चिंतपूर्णी माता मंदिर से लेबर चौक तक बनने वाली मॉडल प्रोजेक्ट रोड का शिलान्यास किया। इस अवसर पर आरडब्लूए सेक्टर-5, वार्ड 35 के सम्मानित परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर खुशी एवं उत्साह प्रकट किया। विधायक मुकेश शर्मा ने कहा कि यह नई सड़क क्षेत्रवासियों के लिए सुरक्षित, सुंदर और सुविधाजनक आवागमन सुनिश्चित करेगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना से सेक्टर-5 के सौंदर्य, यातायात व्यवस्था और जनसुविधा में उल्लेखनीय सुधार होगा। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा, यह सड़क विकास की दिशा में एक और सशक्त कदम है, जो स्थानीय नागरिकों को बेहतर बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराएगी। मेरा यही प्रयास है कि गुरुग्राम की सभी सड़कों को बेहतर बनाया जाए और हमारी सरकार और टीम इसके लिए लगातार काम कर रही है। शिलान्यास के उपरांत विधायक मुकेश शर्मा ने सेक्टर-5 के विभिन्न पार्कों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने पार्कों की सफाई व्यवस्था, लाइटिंग और हरियाली को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों एवं आरडब्लूए सदस्यों से बातचीत कर उनके सुझावों और समस्याओं को विस्तार से सुना।उन्होंने कहा कि उनका निरंतर प्रयास है कि गुरुग्राम के हर सेक्टर का प्रत्येक पार्क स्वच्छ, हरित और परिवारों के लिए सुविधाजनक स्थल बने।

## गुरुग्राम में 18वीं अर्बन मोबिलिटी इंडिया कॉन्फ्रेंस-कम-एक्सपो-2025' आज से

- शहरी आवासन मंत्रालय भारत सरकार के ओएसडी ( शहरी परिवहन ) जयदीप ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी
- केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल तीन दिवसीय सम्मेलन का करेंगे शुभारंभ




**गुरुग्राम।** देश की राजधानी से सटे गुरुग्राम शहर में शुक्रवार 7 नवंबर से 9 नवंबर तक 18वाँ अर्बन मोबिलिटी इंडिया (यूएमआई) सम्मेलन एवं प्रदर्शनी - 2025 का आयोजन आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन ट्रांसपोर्ट (इंडिया) के माध्यम से किया जा रहा है। इस आयोजन को हरियाणा सरकार एवं गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड (जीएमआरएल) का सहयोग प्राप्त है। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल तीन दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। यह जानकारी शहरी आवासन मंत्रालय भारत सरकार के ओएसडी ( शहरी परिवहन ) जयदीप ने कर्टन रेजर कार्यक्रम में दी। इस अवसर पर जीएमआरएल के एमडी डॉ चंद्र शेखर खरे, डीसी अजय कुमार,शहरी आवासन मंत्रालय भारत सरकार से निदेशक (एमआईटीएस) योगेश आंतिल उपस्थित थे।आवासन मंत्रालय भारत सरकार के ओएसडी (शहरी परिवहन) जयदीप ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य शहरों को नवीनतम और श्रेष्ठ शहरी परिवहन उपायों की जानकारी देना है,ताकि वे वैश्विक स्तर पर हो रहे विकास और नवाचारों से निरन्तर अपडेट रह सकें। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यकमों से देश विदेश के विशेषज्ञों, नीति निमार्ताओं, तकनीकी संस्थानों, सेवा प्रदाताओं और पेशेवरी को एक सांझा मंच प्रदान करने का अवसर मिलता है। यह आयोजन प्रभावी शहरी परिवहन प्रणाली के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।तीन दिन तक चलने वाली गतिविधियों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्घाटन 7 नवंबर को केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल करेंगे, जबकि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी 8 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्रीराव इन्द्रजीत सिंह,केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू सहित अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय सम्मेलन में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि, केंद्र एवं राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी, नीति निमार्ता, मेट्रो रेल कंपनियों के प्रबंध निदेशक, परिवहन उपक्रमों के प्रमुख, अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ, पेशेवर एवं शैक्षणिक जगत से जुड़े विशेषज्ञ भाग लेंगे।

**शहरी विकास और गतिशीलता का संबंध"विषय पर आधारित रहेगा सम्मेलन**

उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 के इस सम्मेलन का मुख्य विषय "शहरी विकास और गतिशीलता का संबंध" रहेगा। यह सम्मेलन शहरी विकास की रणनीतियाँ और परिवहन योजना विषय पर केंद्रित रहेगा। सम्मेलन में यह बताया जाएगा कि शहरी नियोजन और परिवहन से जुड़े निर्णय कैसे एक-दूसरे को प्रभावित करते हैं झ जिससे आर्थिक विकास, पर्यावरणीय स्थिरता, सामाजिक समानता और जनस्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों पर प्रभाव पड़ता है। यह दृष्टिकोण शहरों की चुनौतियों का समाधान इस समझ के साथ करने पर बल देता है कि शहरी विकास और गतिशीलता एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने कहा कि आज शहरी जीवनशैली तेज, कुशल और विश्वसनीय परिवहन पर अत्यधिक निर्भर हो गई है। विकसित होते जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों के बीच, शहरों में सुगम और कम-कार्बन सार्वजनिक परिवहन की आवश्यकता बढ़ रही है। घनी आबादी वाले शहरों में मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम का निर्माण न केवल उत्सर्जन को कम कर सकता है बल्कि सुरक्षित, स्वस्थ और समावेशी जीवन भी प्रदान कर सकता है।उन्होंने बताया कि 3 दिवसीय कार्यक्रम में कॉन्क्लेव, शोध संगोष्ठी, पूर्ण सत्र, तकनीकी सत्र, पैनल चचाएं और इंटरेक्टिव प्रदर्शनियां शामिल होंगी। इनमें भारत समेत विभिन्न देशों के नीति-निमार्ता, उद्योग जगत से विशेषज्ञ, शोधकर्ता और प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त तकनीकी भ्रमण और धरोहर स्थल भी शामिल होंगे, जिनमें प्रतिनिधियों को क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति और शहरी परिवहन पहलों की झलक देखने को मिलेगी।गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक डॉ चंद्र शेखर खरे ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी गुरुग्राम के लिए गर्व की बात है। यह कार्यक्रम सतत शहरी विकास, स्मार्ट परिवहन समाधानों और बुनियादी ढांचे के नवाचार में राज्य की प्रगति को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह कार्यक्रम शहरी परिवहन व गतिशीलता के क्षेत्र में उभरते मुद्दों, रुझानों, नवाचारों और चुनौतियों पर विचार-विमर्श करके देश एवं प्रदेश की प्रगति में सहायक सिद्ध होगा।

## कई क्षेत्रों में बंद पड़ी हैं स्ट्रीट लाईटें, क्षेत्रवासी हैं परेशान, प्रशासन दे ध्यान

**गुरुग्राम।** शहर में विभिन्न क्षेत्रों लगी स्ट्रीट लाईटों में से अधिकांश लाईटें बंद पड़ी हैं, जिससे अंधेरा छाया हुआ है। जिससे रात्रि में लोगों को आने-जाने में जहां परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं सदैव दुर्घटना घटित होने का भय बना रहता है। कई जगहों पर देखा गया है कि कही या तो लाइट्स है ही नहीं और अगर है तो वह खराब है। रात के समय अंधेरा होने के चलते लोगों को अंधेरे स्थानों से गुजरते समय काफी समस्याओं का सामना करना पड़ते है।

समाजसेवी राजेश पटेल का कहना है कि रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित बाबा प्रकाशपुरी चौक से धनवापुर मार्ग तथा सैक्टर 4/7 चौक से शिवजी मूर्ति तक अधिकांशतः स्ट्रीट लाईटें बंद रहती हैं। इसके अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों व राष्ट्रीय राजमार्ग से लगते सर्विस रोड का भी यही हाल है। रात्रि के समय इस क्षेत्र से गुजरना किसी खतरे से खाली नहीं है। क्योंकि उक्त क्षेत्र में सायं होते ही अंधेरा छा जाता है। इस संदर्भ में नगर निगम के टोल फ्री नंबर पर शिकायत 107384 दर्ज कराई, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ। उनका कहना है कि दोपहिया वाहन चालकों को भी रात्रि के अंधेरे में बड़ा ही खतरा लगा रहता है।

उन्होंने नगर निगम व जीएमडीए प्रशासन से आग्रह किया है कि बंद पड़ी स्ट्रीट लाईटों को ठीक कराया जाए ताकि ये सुचारु रुप से रात्रि में अपना प्रकाश बिखेर सकें और संभावित सडक दुर्घटनाओं को टाला जा सके।

## जस्टिस सूर्यकांत सुप्रीम कोर्ट के होंगे अगले मुख्य न्यायाधीश

**हरियाणावासियों में खुशी की लहर, 24 नवम्बर को लेंगे शपथ-संभालेंगे कार्यभार**



**गुरुग्राम।** सुप्रीम कोर्ट में कार्यरत जस्टिस सूर्यकांत सुप्रीम कोर्ट के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। वह वर्तमान प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई के सेवानिवृत होने के बाद उनका स्थान लेंगे। जस्टिस गवई को आगामी 23 नवम्बर को सेवानिवृत हो रहे हैं। जस्टिस सूर्यकांत अगले दिन यानि कि 24 नवम्बर को मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ग्रहण कर कार्यभार संभालेंगे। जस्टिस सूर्यकांत हरियाणा मूल के हैं। उनका जन्म 10 फरवरी 1962 को हरियाणा के हिसार जिले में एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था। उनके चीफ जस्टिस बनने के समाचार से हिसार ही नहीं, अपितु प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी खुशी की लहर है। वह एक छोटे शहर के वकील से देश के सर्वोच्च न्यायिक पद पर आसीन हुए हैं। 9 जनवरी 2004 को वह पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त हुए थे। 5 अक्तूबर 2018 को वह हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बने थे। 24 मई 2019 को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद पर उनको प्रोन्नत कर दिया था। तभी से वह सर्वोच्च न्यायालय में कई ऐतिहासिक फैसला देने वाली पीठों का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में कई ऐतिहासिक फैसले भी दिए हैं। जस्टिस सूर्यकांत का कार्यकाल 14 माह का रहेगा और वह 9 फरवरी 2027 को सेवानिवृत हो जाएंगे।

## युवा महोत्सव की तैयारियों को लेकर कुलगुरु की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

- गुरुग्राम विश्वविद्यालय में युवा उत्सव की गूंज - 12 से 14 नवम्बर तक होगा युवा महोत्सव 2025



**गुरुग्राम।** विश्वविद्यालय में आगामी तीन दिवसीय युवा महोत्सव की तैयारियों को लेकर कुलगुरु डॉ. संजय कौशिक की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन से जुड़ी विभिन्न कमेटियों की प्रगति की रिपोर्ट कार्यक्रम संयोजक डॉ राकेश योगी द्वारा प्रस्तुत की गई और तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से डॉ महा सिंह, राजस्थान विश्वविद्यालय से डॉ अंशु वर्मा एवं पंजाब कृषि विश्वविद्यालय से डॉ निर्मल सिंह आमंत्रित विशेषज्ञ भी उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन के सुचारु संचालन, समन्वय और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के बेहतर प्रबंधन को लेकर अपने सुझाव साझा किए। यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. संजय कौशिक ने बताया कि विश्वविद्यालय में युवा प्रतिभाओं का सबसे बड़ा उत्सव — युवा महोत्सव 2025 —आगामी 12 से 14 नवम्बर तक यूनिवर्सिटी परिसर में आयोजित किया जाएगा। तीन दिवसीय इस भव्य आयोजन में 60 से अधिक कॉलेजों की टीमें भाग लेंगी और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। कार्यक्रम के अंतर्गत 45 से अधिक विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताएँ होंगी, जिनमें संगीत, नृत्य, नाटक, ललित कला, वाद-विवाद, माइम, क्विज, फोटोग्राफी, लोकगीत, लोकनृत्य आदि शामिल हैं। ये प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों की सृजनशीलता, अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक समृद्धि का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेंगी। युवा महोत्सव के सुचारू संचालन हेतु विभिन्न कमेटियां गठित की गई हैं, जो विभिन्न आयोजनात्मक, सांस्कृतिक, तकनीकी और आतिथ्य व्यवस्थाओं का दायित्व संभालेंगी। उन्होने कहा कि विश्वविद्यालय परिवार सामूहिक प्रयासों से इस महोत्सव को यादगार और प्रेरणादायक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर रजिस्ट्रार डॉ. संजय अरोड़ा, समेत विवि.के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## मिशन प्रदूषण मुक्त स्वच्छ गुरुग्राम में निगम की तेज रफ्तार कार्रवाई जारी

- मुख्य सडकों से धूल-मिट्टी हटाने से लेकर कचरा फैलाने वालों पर सख्त निगरानी तक, अभियान लगातार प्रभावी



**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम द्वारा सफाई व्यवस्था को मजबूत करने और शहर में प्रदूषण नियंत्रण के उद्देश्य से चलाया जा रहा मिशन प्रदूषण मुक्त स्वच्छ गुरुग्राम लगातार गति पकड़ रहा है। पिछले 2-3 वर्षों में पहली बार चल रहे इस अभियान के तहत शहरभर में सफाई, धूल-मिट्टी हटाने, सीएंडडी वेस्ट मैनेजमेंट और सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए निगम टीमें दिन-रात काम कर रही हैं।

**मुख्य मार्गों से धूल-मिट्टी और खरपतवार की सफाई जारी**

निगम की टीमें प्रतिदिन प्रमुख सडकों से धूल-मिट्टी और खरपतवार हटाकर सडक पर जमा धूल को कम करने का प्रयास कर रही हैं। साथ ही, सीएंडडी वेस्ट, बागवानी वेस्ट और प्लास्टिक वेस्ट को भी व्यवस्थित रूप से उठाया जा रहा है। इसके अलावा शहर के सभी गार्बेज वर्नेबल प्वाइंटों पर विशेष फोकस कर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का काम किया जा रहा है। धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम की 18 मैकेनाइज्ड सड़क सफाई मशीनें रात भर शहर की मुख्य सडकों पर तैनात रहती हैं। पेड़ों और सडकों पर टैंकरों से शोधित पानी का छिडकाव भी लगातार किया जा रहा है।

**कचरा फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई**

निगम ने सार्वजनिक स्थानों, ग्रीन बेल्ट, नालों और खाली जमीनों पर कचरा या मलबा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) की पालना सुनिश्चित करने के लिए फायर-ऑन-वेस्ट की घटनाओं की भी लगातार निगरानी की जा रही है। जहां भी कचरे में आग लगने की सूचना मिलती है, निगम टीमें तुरंत पहुंचकर आग पर काबू पा रही हैं।

**गुरुवार को कई क्षेत्रों में चला विशेष सफाई अभियान**

गुरुवार को निगम टीमों ने अतुल कटारिया चौक से सिग्नेचर टावर चौक, सेक्टर-61/62 रोड, सेक्टर-23ए, ओल्ड एसपीआर, डूंडाहेड़ा, शीतला माता रोड, सेक्टर-47 रोड, सेक्टर-46, साइबर पार्क से बख्तावर चौक, लेबर चौक सेक्टर-21/22 रोड, सेक्टर-45/46 डिवाइडिंग रोड, एमजी रोड, शोभा सिटी रोड, ओल्ड व न्यू रेलवे रोड सहित कई क्षेत्रों में सफाई की। स्वच्छता टीमों ने स्ट्रीट वेंडर्स को अपने यहां डस्टबिन रखने के लिए जागरूक किया, जिस पर कई वेंडर्स ने तुरंत डस्टबिन व्यवस्था की।

**स्वच्छता जागरूकता अभियान भी तेज**

स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से अभियान भी जारी है। स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर कुलदीप हिन्दुस्तानी के नेतृत्व में बैलेसिंग बिट के सहयोग से रेयान इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-40 के विद्यार्थियों ने सेक्टर-43 की कंपोस्टिंग साइट का दौरा किया और कचरा प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया समझी। इसी क्रम में आईईसी एक्सपर्ट प्रियंका यादव ने कादीपुर क्षेत्र में लोगों को स्वच्छता बनाए रखने, गंदगी न फैलाने और सिंगल यूज प्लास्टिक से दूर रहने की शपथ दिलाई। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि स्वच्छता और प्रदूषण नियंत्रण में नागरिकों की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें, मलबा खुले में न फेंकें और सफाई व्यवस्था में सहयोग करें। निगम द्वारा शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के प्रयास आगे भी इसी तरह जारी रहेंगे।

## सोहना में सीवर लाइन छोटी और 4 दशक पुरानी ,आए दिन हो जाती है ब्लॉक

- पब्लिक हेल्थ विभाग को मालूम होते हुए भी नहीं ले रहा संज्ञान ,नहीं हो रहा स्थाई समाधान,जनता परेशान



**सोहना।** सोहना में सीवर ओवर फ्लो का मामला थमने का नाम नहीं ले रहे । सोहना वार्ड नम्बर 5 और 6 फ्रेंड्स कॉलोनी नजदीक जिंदल पब्लिक स्कूल के पास के सीवर की तस्वीर हैं जो पन्नी गिलास से भरे हुएं हैं और सफाई नहीं हो रही। जिसको लेकर वार्ड वासियों ने इसकी शिकायत पब्लिक हेल्थ कार्यालय के जे ई और एक्सियन को तस्वीर के साथ भेजी है। जिसको लेकर विभाग के अधिकारियों ने ठेकेदार के कर्मचारियों को सीवर सफाई के लिए संजय और हसन को भेज दिया और टैंकर से हलका से प्रेशर देकर पानी का लेवल थोड़ा नीचे करके चले गए। जबकि पानी का लेवल दस फीट सीवर के पाइप तक जाना चाहिए ।लेकिन एक सप्ताह बाद स्थिति वही बनी हुई है और सीवर का पानी वार्ड वासियों के चैम्बर और पाइप लाइन में भर गया और सभी सीवर का पानी ढक्कन से बाहर आ गया। आज एक बार फिर उसकी शिकायत पब्लिक हेल्थ के उच्च अधिकारियों को की गई जहां सफाई कर्मी पहुंचे और उन्होंने ढक्कन खोलकर देखा तो सभी सीवर ओवरफ्लो हो रहे थे। जहां आश्रम के पास दो गलियों की नगर परिषद द्वारा नालियों को सीवर में अटैच किया हुआ था। जहां नालियों में पॉलीथिन,ग्लास सीधे सीवर में भरे हैं और सीवर ब्लाक हैं। आज जब सफाई कर्मियों से सीवर साफ करने के लिए कहा गया तो उन्होंने कहा कि हमारे पास पूरे औजार नहीं है। इसके चलते सीवर की गंदगी को निकाला नहीं जा सका। लगता है सीवर और नालियों की सफाई को लेकर नगर परिषद और पब्लिक हेल्थ की मिली भगत नजर आ रही है ।हालांकि नालियों को सीवर से बंद करने के लिए एक्सियन पब्लिक हेल्थ को भी वार्ड वासियों ने शिकायत दर्ज कराई है। कि इन नालियों को सीवर से हटाया जाए। वही नगर परिषद के सफाई कर्मी भी 10 से 15 दिन में एक बार नालियां सफाई करने पहुंचते हैं और केवल खाना पूर्ति करके चले जाते हैं। नालियों को सफाई से बचा जा सके ठेकदार और नगर परिषद प्रशासन ने नालियों को सीवर में अटैच कर दिया। यही मामला अभी एक महीने पहले भी वार्ड 5 में देखा गया था जहां लोगों ने एतराज उठाया था लेकिन नगर परिषद के अधिकारी वहां पहुंचे और उसके बावजूद लोग अधिकारियों के सामने कुछ नहीं बोले नहीं और ठेकदार ने नाली बंद कर दी ।जबकि नगर परिषद में नालियों के सफाई करने के लिए सफाई कर्मी होते हुए भी नालियों को बंद कर सीवर में अटैच किया जा रहा है। अगर यही हालात रहे तो सीवर लाइन पहले से ही छोटी है वो हमेशा के लिए बंद हो जाएगी और सीवर का पानी सड़कों पर होगा ।और जनता को आक्रोश में आकर सड़को पर उतरना पड़ेगा ।वहीं वार्ड वासियों ने बताया कि जल्द ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित नगर निकाय मंत्री विपुल गोयल को इसकी लिखित शिकायत भी की जाएगी ।मामले को लेकर जे ई खुर्शीद ने बताया कि नगर परिषद को विभाग की ओर से लैटर जारी कर सीवर से नालियों को हटवाने के लिए लिखा जाएगा।

## गणाधिप संकष्टी चतुर्थी का आयोजन कल

**गुरुग्राम।** गणाधिप संकष्टी चतुर्थी का व्रत भगवान गणेश को समर्पित है। हर महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को संकष्टी चतुर्थी मनाई जाती है। इस दिन व्रत रखने और विधि-विधान से पूजा करने से बप्पा भक्तों के जीवन से सभी कष्टों और बाधाओं को हर लेते हैं। कल यानि कि शनिवार को गणाधिप संकष्टी चतुर्थी मनाई जाएगी। इस दिन विशेष विधि-विधान से गणेश जी की आराधना करने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो सकती हैं। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि संकष्टी चतुर्थी के दिन दैनिक कार्यों से निवृत होकर पूजाघर की साफ-सफाई करनी चाहिए और भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित करनी चाहिए। गणेश जी का जलाभिषेक कर उन्हें पीले रंग का चंदन लगाएं। पुष्प, फल, बेसन के लड्डू अर्पित करें। संकष्टी चतुर्थी की कथा का पाठ कर गणेश जी की आरती करें। सायं के समय चंद्रमा के दर्शन कर अर्ध्य देकर व्रत का समापन करें।

### समाचार

## मौसम के बदलते मिजाज से आमजन है परेशान

**दिन में कभी ठंड-धूप तो रात में गर्मी का हो रहा है एहसास**

**गुरुग्राम।** इस वर्ष सर्दियों की शुरूआत कुछ अलग ढंग से होती दिखाई दे रही है। दिन में कभी ठंडक महसूस होती है तो कभी सूर्यदेव की तपिश का सामना भी लोगों को करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, रात्रि में भी अभी तक गर्मी महसूस की जा रही है। नवम्बर माह चल रहा है, एक सप्ताह भी बीत चुका है। लेकिन मौसम का मिजाज बदलता दिखाई नहीं दे रहा है। मौसम के जानकारों का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में जहां गिरावट आ सकती है, वहीं आसमान में स्मॉग जैसी स्थिति बन सकती है। यह स्मॉग प्रातः से ही आमजन को परेशान कर सकता है। साईबर सिटी का शुक्रवार को अधिकतम तापमान 26 तथा न्यूनतम 12 डिग्री सेल्सियस बताया गया है। उधर दिन-प्रतिदिन प्रदूषण भी बढ़ता जा रहा है। आमजन को बढ़ते प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। प्रदूषण ने वृद्धजनों व बच्चों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। सिविल अस्पताल सहित चिकित्सकों की निजी क्लीनिकों पर भी प्रदूषण से पीड़ित वृद्धजनों व बच्चों की कतारें लगी दिखाई दे रही हैं। जिला प्रशासन ने भी आमजन से आग्रह किया है कि वे बच्चों व वृद्धजनों का पूरी तरह से ख्याल रखें। उन्हें घर से बाहर न जाने दें। हालांकि जिला प्रशासन प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सडकों पर पानी का छिडकाव आदि भी कर रहा है। नगर निगम ने भी प्रदूषण बढ़ाने वाले लोगों व संस्थानों के खिलाफ कार्यवाही करनी शुरू की हुई है और उनके चालान भी किए जा रहे हैं।

## आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान युवा सम्मेलन आज: सौरभ सिंगला

**सोहना।** सोहना मंडल अध्यक्ष सौरभ सिंगला ने कहा कि आज 7 नवंबर को सुबह दस बजे सोहना में आत्म निर्भर भारत संकल्प युवा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भाजपा कार्यालय, दमदमा मोड़, ओप्पोजिट न्यू ओम स्वीट्स, सोहना में आयोजित किया जाएगा। आप सभी से हार्दिक अपील है कि कृपया समय पर सम्मेलन स्थल पर पहुंचें और अधिक से अधिक संख्या में अपने साथ अन्य युवाओं को भी लेकर आएं, ताकि हमारा युवा संगठन और भी मजबूत हो सके ।युवा मोर्चा गुरुग्राम महानगर द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है ।जिसमें मुख्य रूप से गुरुग्राम महानगर प्रभारी राजकुमार वोहरा गुरुग्राम महानगर अध्यक्ष अजीत सिंह विधायक तेजपाल तंवर माननीय विधायक बिमला चौधरी मौजूद रहेंगे बताया कि युवा सम्मेलन एक ऐसा आयोजन है जो युवाओं को सामाजिक और राष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श करने, अपने कौशल को प्रदर्शित करने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

## घाटा क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार कार्यों में आएगी और अधिक गति

**- अतिरिक्त निगमायुक्त यश जालुका ने किया निरीक्षण, सीवरेज व स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश**




**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के अतिरिक्त आयुक्त यश जालुका ने गुरुवार को जीएमडीए और एमसीजी के इंजीनियरों के साथ घाटा एवं आसपास के क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने सीवरेज और स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज की मौजूदा स्थिति का मौके पर निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सीवरेज लाइनों और स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज किसी भी स्थिति में आपस में जुड़ी ना हो। दोनों के लिए अलग-अलग प्रणाली बनाने के कार्य में तेजी लाने के आदेश दिए गए, ताकि ओवरफ्लो, ब्लॉकेज और जलभराव जैसी समस्याओं से बचा जा सके। अतिरिक्त आयुक्त ने जीएमडीए अधिकारियों को क्षेत्र में चल रहे सीवरेज पाइपलाइन बिछाने के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधा मिल सके और जल निकासी व्यवस्था को मजबूती मिले। इसके साथ ही एमसीजी टीम को घाटा क्षेत्र में टूटे हुए सीवरेज मैनहोल की तुरंत मरम्मत करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि ऐसी कमियों को तत्काल दूर करना जरूरी है, क्योंकि इससे जनता को असुविधा के साथ-साथ दुर्घटना का भी खतरा बना रहता है। निरीक्षण के दौरान जीएमडीए के कार्यकारी अभियंता विक्रम सिंह और पारिक गर्ग, एसडीओ सुजान सिंह तथा एमसीजी एसडीओ कुलदीप यादव उपस्थित रहे।

## पुलिस ने दो शातिर बाइक चोर किए गिरफ्तार

**वाहन चोरी के 08 मामले भी सुलझे,कब्जा से चोरी हुई 08 बाईक्स बरामद।**



**सोहना।** अपराध शाखा सोहना पुलिस टीम ने दो शातिर बाइक चोर गिरफ्तार किए हैं। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बीते 3 नमवंबर को एक व्यक्ति ने पुलिस थाना बादशाहपुर, गुरुग्राम की पुलिस टीम को एक लिखित शिकायत 29.10.2025 को एरिया मॉल, गुरुग्राम से किसी अज्ञात द्वारा इसकी बाईक चोरी करके ले जाने के संबंध में दी गई। प्राप्त शिकायत पर थाना बादशाहपुर, गुरुग्राम में सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग अंकित किया गया ।अपराध शाखा सोहना, गुरुग्राम की पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए उपरोक्त अभियोग में 02 आरोपियों को दि05.11.2025 को सुभाष चौक, गुरुग्राम से काबू किया। आरोपियों की पहचान *परवेज (उम्र-25 वर्ष) निवासी गांव धीरंकी, जिला पलवल (हरियाणा) व 2. आरोपी तौफीक (उम्र-34 वर्ष) निवासी गांव मलाई, जिला पलवल (हरियाणा)* के रूप में हुई ।आरोपी ने पुलिस पूछताछ में उपरोक्त अभियोग सहित गुरुग्राम से वाहन चोरी करने की 08 वारदातों को अंजाम देने का खुलाशा किया है। उपरोक्त आरोपी चोरी करने के आदतन व सक्रिय अपराधी है। आरोपियों से पुलिस पूछताछ के दौरान यह भी ज्ञात हुआ कि ये (आरोपी) रैकी करके एकांत में खड़ी बाईक की तलाश करते है और मौका पाकर चोरी कर लेते है ।पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के अपराधिक रिकॉर्ड के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि आरोपी परवेज पर चोरी करने के 10 अभियोग जिला गुरुग्राम में पहले भी अंकित है व आरोपी तौफीक पर चोरी करने, लूट करने, धोखाधडी करने, हत्या करने का प्रयास करने के तहत कुल 12 अभियोग राजस्थान में पहले भी अंकित है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के *कब्जा से 08 बाईक बरामद* की गई है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को 06.11.2025 को माननीय अदालत में पेश किया जाएगा।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ की समीक्षा

*** आयोग के निर्देशों की अवहेलना पाये जाने पर होगी कठोर कार्यवाही**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश में हो रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को लेकर आज सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर को लेकर दिए गए दिशा-निर्देशों, कार्यक्रमों और इसकी प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एसआईआर के दौरान कहीं से भी गड़बड़ी की शिकायत नहीं आनी चाहिए। मतदाता सूची में नाम जोड़ने या हटाने की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी हो। कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न होने पाए। सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो सके, इसके लिए पूरी सतर्कता बरती जाए। समीक्षा में यह पाया गया कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा राजनैतिक दलों के साथ बैठक करके उन्हें एसआईआर की प्रक्रिया और आयोग के निर्देशों की जानकारी दे दी गई है। साथ ही सभी राजनैतिक दलों से बूथ लेबल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करने का अनुरोध भी किया गया है, जो पुनरीक्षण कार्यों में बीएलओ का सहयोग करेंगे।



मतदाता सूची से मैपिंग के कार्य को अगले तीन दिनों के भीतर पूर्ण किए जाने के निर्देश मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिये गये। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के दृष्टिगत 'बुक ए कॉल विद बीएलओ' की सुविधा प्रदान की गई है, जिसके अन्तर्गत कोई भी मतदाता पोर्टल के माध्यम से बुक ए कॉल की सुविधा के अन्तर्गत अपने बीएलओ से बात करने की रिक्वेस्ट डाल सकता है। जिसे बीएलओ को अगले 48 घंटों के भीतर आवेदक से सम्पर्क कर निस्तारण करना है। किसी भी जनपद के जिला सम्पर्क केन्द्र में कॉल करने के लिए उस जनपद के एस0टी0डी0 कोड के साथ 1950 डायल करना होगा। इसका समुचित प्रचार-प्रसार कराये जाने का निर्देश सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए गए।

सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान दिन-प्रतिदिन की प्रगति को मीडिया के साथ साझा किया जाए तथा अपने सोशल मीडिया हैण्डल्स से भी इसको प्रसारित किया जाए।

आज की बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी, शामली के बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनका स्पष्टीकरण मांगे जाने के निर्देश दिये गये, साथ ही सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान किसी भी स्तर पर कार्य में लापरवाही तथा दिये गये निर्देशों की अवहेलना पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों और मतदाताओं से विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय सहयोग करने की अपील की है।

# दुष्कर्म के दो वांछित अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे

*** कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म केस के दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार कर जेल भेजा पकड़े गए दोनों आरोपियों का कोई आपराधिक इतिहास नहीं**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देश पर महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रामपुर मनिहारान पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक नगर एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी नकुड़ के सफल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र कुमार और उनकी टीम के नेतृत्व में दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में सुहैब कुरैशी पुत्र वासिब, निवासी मोहल्ला पीपलतला कस्बा व थाना रामपुर मनिहारान, सहारनपुर,
इन्तजार पुत्र शहीद, निवासी गोकलपुर, थाना नकुड़, सहारनपुर
शामिल हैं। दोनों आरोपियों को उनके ठिकानों से दबिश देकर गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार दोनों अभियुक्तों का कोई आपराधिक इतिहास दर्ज नहीं है। उधर कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के एक और अभियुक्त गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई कर दोनों को मान्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।



# युवक की गोली मारकर हत्या:ग्रामीणों ने शव रखकर मार्ग जाम किया, पुलिस जांच में जुटी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** गुरुवार को मांट-वृंदावन मार्ग पर राजकीय महाविद्यालय के समीप एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान मांट राजा निवासी अक्कू के रूप में हुई है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के पास से एक तमंचा बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, युवक बाइक पर सवार था जब उसे गोली मारी गई। सूचना मिलते ही थाना मांट क्षेत्र की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने बताया कि उन्हें शव के पास से एक तमंचा मिला है, जिसे जब्त कर लिया गया है। इस घटना से गुस्साए परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन किया और पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की। उन्होंने मांट-वृंदावन मार्ग पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे सीओ आशीष शर्मा ने प्रदर्शनकारियों को समझाकर जाम खुलवाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि परिजनों को शांत कराया जा रहा है और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जाएगा। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।





# निगम कर रहा 850 बड़े बकायादारों की कुर्की की तैयारी

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज भी अपना वसूली अभियान जारी रखा। अभियान के दौरान आज गुरुद्धारा रोड पर नगर निगम द्वारा किराया जमा न करने पर अपने ही पांच किरायेदारों की पांच दुकानों को सील कर दिया गया। उधर 850 बड़े बकायादारों की कुर्की की तैयारी की जा रही है। बकायादारों को डिमाण्ड नोटिस भेजे गए हैं। कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने बताया कि नगरायुक्त ने बड़े बकायादारों से वसूली के लिए कुर्की अभियान चलाने के निर्देश दिए है। नगरायुक्त के निर्देशानुसार बड़े स्तर पर बड़े बकायादारों की कुर्की अभियान शुरु किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिन बकायादारों की कुर्की व सीलिंग की कार्रवाई की जायेगी, उन बकायादारों से कुर्की व सीलिंग कार्रवाई का खर्चा भी वसूल किया जायेगा। कर अधीक्षक ने बताया कि 30 नवंबर तक चालू वित्तीय वर्ष की डिमाण्ड पर ऑन लाइन टैक्स जमा कराने पर 10 प्रतिशत तथा ऑफ लाइन जमा कराने पर 5 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। उन्होंने बताया कि बकायादारों की सहूलियत के लिए महानगर में हर दिन चार कैंप लगाकर भी वसूली की जा रही है। करदाता कैंपों में भी अपना टैक्स जमा कराकर टैक्स में छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने सभी करदाताओं से अपील की है कि जिन करदाताओं को बिल प्राप्त नहीं हुए हैं वे नगर निगम पहुंचकर अपना बिल प्राप्त कर लें और अविलंब टैक्स जमा करा दें। टैक्स बकाया रहने पर निगम द्वारा कुर्की व सीलिंग आदि की दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी। नगरायुक्त ने कहा कि जिन लोगों को जीआईएस सर्वे के नोटिस प्राप्त हुए है और उन्होंने अपने बिलों का निस्तारण नहीं कराया है। वे निगम में स्वतः निर्धारण प्रपत्र भरकर राशि जमा कराएं और छूट का लाभ उठाएं। कार्रवाई की कड़ी में आज अपनी ही दुकानों को किरायेदारों द्वारा किराया जमा न कराने पर सील कर दिया गया। नगर निगम परिसर के बाहर गुरुद्धारा रोड पर निगम द्वारा अपनी दुकानों को किराये पर दे रखा है। पांच दुकानदारों की ओर छह लाख 60 हजार रुपया किराये का बकाया चला आ रहा था। कर अधीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त दुकानदारों को किराया जमा कराने के लिए मांग पत्र भेजा गया था लेकिन किरायेदारों द्वारा किराया जमा न करने पर दुकानों को सील कर दिया गया।

इन दुकानदारों में प्रथम तल की दुकान नंबर एक के किरायेदार राकेश पर 87 हजार 941 रुपये किराया, 13 नंबर दुकान के किरायेदार विनोद कुमार पर 2 लाख 45 हजार 733 रुपये, दुकान नंबर 15 के किरायेदार नरेश कुमार की ओर 45 हजार 839, दुकान नंबर 18 के किरायेदार सुनील ठकराल पर 1 लाख 35 हजार 558 रुपये, नीचे ग्राउण्ड पर पालिका द्वार की उत्तर दिशा में दुकान नंबर तीन के किरायेदार हाजी जाबाज खां पर 1 लाख 44 हजार 951 रुपये किराया बकाया था। इसके अलावा शहीद गंज में भी आठ दुकानदारों से एक लाख 15 हजार 217 रुपये की तथा महानगर में हर रोज लगाये जा रहे चार कैंपों से 2 लाख 90 हजार रुपये की वसूली की गयी। कार्रवाई के दौरान सुरेंद्र सिंह कर अधीक्षक, आर आई मनीष चौहान, टीसी आशीष कुमार व विजय नागपाल व प्रवर्तन दल की टीम शामिल रही।

# लापरवाह मंडी प्रशासन की अनदेखी से गिरा टीनशैड

**उत्तम भारत संवाददाता**

**कोसीकलां।** नगर की कृषि अनाज मंडी परिसर में एक आढत का टीनषैड गिरने से आढतियाओं में हडकंप मच गया। गनीमत रही कि आसपास कोई मजदूर नहीं था, जिससे बडा हादसा होने से टल गया। सूचना पर मंडी पहुंचे मंडी डिप्टी डायरेक्टर ने आढतियाओं से कुशलक्षेप पूछा। आढतियाओं ने उन्हें मंडी की जर्जर हालत से अवगत कराया।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री संजय बठैनिया, के नेतृत्व में दर्जनों आढतियाओं ने डिप्टी डायरेक्टर अरविंद सिंह, को अवगत कराते हुए कहा कि मंडी की आफी आढतों की छतें जर्जर हुई पडी हैं, कई आढतों के टीनशैड भी छतिग्रस्त हुए पडे हैं, मंडी में पीने के पानी की कोई पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। गेट के पास हमेशा जलभराव रहता है, जिस कारण सक्रमण फैलने का खतरा हमेशा बना रहता है। उन्होंने बताया कि मामले को लेकर दर्जनों आढतियों ने दर्जनों बार मंडी प्रषासन को अवगत कराया, लेकिन मंडी प्रषासन के कान पर जूं तक नहीं रेंगी, जिसका खामियाजा आज बाल बाल बचे दर्जनों मजदूरां को चुकाना पडता। उन्होने कहा कि 13 नंबम्बर को विशाल सनातन एकता पदयात्रा भी यहां पहुंचेगी ऐसे में यह हादसा मंडी प्रशासन की घोर लापरवाही को दर्शाता है। शिकायत सुनने के बाद बगलें झांक कर मंडी सचिव उमेश कुमार को उन्होने आदेशित किया कि जितनी आढतों की छतें जर्जर पडी है उन्हें तत्काल प्रभाव से बदलवाया जाए, और जर्जर टीनशैडों को भी बदलवाया जाए। इसी के साथ उन्होने पीने के पानी एवं जलभराव की समस्या का भी जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया और कहा कि जलभराव के लिए विशेष प्लानिंग की जा रही है। इस मौके पर उनके साथ पवन कुमार सहित दर्जनों आढतिया मौजूद रहे।



**सनातन यात्रा के लिए व्यावस्थाओं को परखा**

उल्लेखनीय हो कि आगामी 13 नवंबर को मंडी परिसर में सनातन एकता यात्रा आ रही है, जिसका नगर में पडाव मंडी में ही होगा। इसके लिए शासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था बनाने के कडे दिशा निर्देश स्थानीय प्रषासन को दिए गए है। जिसको लेकर गत बुधवार मंडलायुक्त आगरा, शैलेन्द्र कुमार सिंह, डीआईजी शैलेष पांडेय, भी पहुंचे थे और सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा। इसी क्रम में गुरूवार को कृषि अनाज मंडी परिसर पहुंचे मंडी डिप्टी डायरेक्टर अरविंद सिंह ने यात्रा की सुरक्षा व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी जुटाई और कडे सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के आदेष अधीनस्थों को दिए।

# माता पार्वती श्रद्धा की देवी व भगवान महादेव विश्वास के देवता: विपिन आनंद महाराज

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चिलकाना:**सुल्तानपुर जैन धर्मशाला में विश्व शांति मिशन के अंतर्गत रामकृष्ण सेवा समिति के तत्वाधान में चल रही श्री राम कथा के तीसरे दिन की कथा में कथा वाचक पंडित विपिन आनंद महाराज ने भगवान महादेव के विवाह के प्रसंग को सुनते हुए बताया कि भगवान महादेव ने पार्वती के विवाह का आनंद धर्म की सवारी करके किया पार्वती श्रद्धा की मूर्ति व महादेव विश्वास के देवता है कथा व्यास ने बताया कि विश्वास व श्रद्धा के मिलन के बाद ही आस्था उत्पन्न होती है धर्म की सवारी करके महादेव ने मां पार्वती से विवाह किया।



कथा में मुख्य यजमान बिजेंद्र सैनी,प्रदीप सैनी,चौधरी रणधीर सिंह,मुकेश कुमार,बिजेंद्र सैनी,ममता सैनी,रश्मि, रहे।

इस अवसर पर अध्यक्ष फूल बानो अंसारी ,दानिश अंसारी, इनाम अहमद, विमल शर्मा,राजेश सैनी, नथीराम सहल,अंकित सैनी,सीताराम सैनी,दीपक सैनी,स्नेहलता गुप्ता,राकेश बाला,सुलेखा शर्मा,सरोज शर्मा,पिंकज सैनी,मोनिका सैनी,सुशीला देवी,मिनाक्षी सैनी,प्रीति सैनी,कविता सैनी,आदि मौजूद रहे।

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय

# गंगा स्नान कर लौट रही श्रद्धालुओं से भरी गाड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई, डेढ दर्जन घायल

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** कार्तिक पूर्णिमा पर हरिद्वार से गंगास्नान कर लौट रही श्रद्धालुओं से भरी मैक्स गाड़ी गुरुवार तड़के नौहझील-गौमत रोड स्थित बृजधाम फार्म हाउस के समीप बजे ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ओवरटेक करने के प्रयास में मैक्स में टक्कर मार दी। हादसे में मैक्स में 11 किशोरियों, तीन युवतियों और दो युवकों सहित 16 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौहझील पहुंचाया। जहां हालात गंभीर होने पर 4 किशोरी एक युवती को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

बताया जाता है कि हरिद्वार से गंगास्नान कर लौट रही किशोरियों और युवतियों से भरी मैक्स गाड़ी गुरुवार सुबह नौहझील-गौमत रोड
स्थित बृजधाम फार्म हाउस के समीप ईंटों से लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ओवरटेक करने के प्रयास में मैक्स में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। ट्रैक्टर-ट्राली चालक दुर्घटना के बाद वाहन सहित मौके से फरार हो गया। राहगीरों और पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौहझील पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल चार किशोरियों 15 वर्षीय
दीक्षा, 12 वर्षीय प्रभा, 15 वर्षीय लक्ष्मी, 12 वर्षीय खुशबू और युवती 20 वर्षीय राधा निवासी नगला भूपसिंह, थाना मांट को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालात में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, नगला भूपसिंह निवासी 17 वर्षीय डॉली, 18 वर्षीय पूजा, 32 वर्षीय नीरज, 17 वर्षीय दुर्गेश, 15 वर्षीय काजल, 38 वर्षीय रामकिशन, 12 वर्षीय कोमल, 14 वर्षीय निशा और बिजौली निवासी 15 वर्षीय गरिमा, 23 वर्षीय विक्रम व 15 वर्षीय रचना को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। थाना प्रभारी सोनू सिंह ने बताया बताया कि सभी श्रद्धालु कार्तिक पूर्णिमा पर गंगास्नान करने बुधवार को हरिद्वार गए थे। बुधवार रात लगभग साढ़े 8 बजे स्नान कर सभी अपने गांवों के लिए रवाना हुए थे। तड़के जब वे नौहझील क्षेत्र से गुजर रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। राहगीरों द्वारा सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर थाना प्रभारी सोनू सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय कुमार, उपनिरीक्षक अंकित कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य थ्य केंद्र नौहझील भिजवाया। फार ट्रैक्टर-ट्राली चालक की तलाश शुरू कर दी है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।





# छात्रों का नेट पटर्न पर मॉक परीक्षा का आयोजन किया गया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** आज जिले के समस्त परिषद विद्यालयों में कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों का नेट पटर्न पर मॉक परीक्षा (विभाग द्वारा पूर्व निर्धारित दक्षताओं/लर्निंग आउटकम्स के छात्रों द्वारा प्राप्ति के मूल्यांकन हेतु ) आयोजन किया गया द्व जिसमें जिला सहारनपुर के परिषदीय विद्यालयों के कक्षा 6 से 8 तक नामांकित कुल 51871 बच्चों के सापेक्ष, उपस्थित बच्चों की संख्या 45413 अर्थात 87.54 प्रतिशत छात्रों ने प्रतिभाग किया। पारदर्शी परीक्षा के उद्देश्य हेतु विद्यालय में तैनात अध्यापकों को अन्य विद्यालय में कक्ष निरीक्षक के रूप में तैनात कर विद्यालय में परीक्षा कराई गई ।उत्तर पुस्तिकाओं को सील बंद लिफाफा में ब्लॉक संसाधन केंद्र पर एकत्रित कराया गया, परीक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन अनुश्रवण हेतु जनपद स्तर पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय के आदेश दिनांक 3 नवंबर 2025 के क्रम में जनपद स्तरीय अधिकारी, तहसील एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को विद्यालयों के अनुश्रवण हेतु सचल दल/पर्यवेक्षक लगाये गए, साथ ही एकेडमिक रिसोर्स पर्सन एवं स्टेट रिसोर्स पर्सन को भी विद्यालयों के अनुश्रवण हेतु पर्यवेक्षक के रूप में लगाए गए, तत्पश्चात ब्लॉक संसाधन केंद्र पर ही शिक्षकों को बुलाकर अन्य विद्यालय की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन अध्यापकों द्वारा करवाया जाएगा तथा प्राप्त दक्षताओं के सापेक्ष वच्चों को विभिन्न ग्रेड (A+, A, B, C, D, E) मे वर्गीकृत किया जाएगा।



# सम्पादकीय

## महिला स्ट्रोक का चुनाव

आज बिहार में प्रथम चरण का मतदान है। विधानसभा की कुल 243 में से 121 सीटों पर जनता अपना जनादेश देगी। अगले चरण का मतदान 11 नवंबर को है और 14 नवंबर को जनादेश अंतिम रूप से सार्वजनिक कर दिया जाएगा। चुनाव में अभी तक जो गौरतलब रहा है, वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की शख्सियत है। बीते 20 सालों से वह बिहार के मुख्यमंत्री हैं, लेकिन उनके खिलाफ कोई रुझान नहीं है, लहर तो बहुत दूर की कौड़ी है। विपक्षी उनकी उम्र, स्वास्थ्य, मनःस्थिति और सेवानिवृत्ति की बातें तो करते रहे हैं, लेकिन उससे कोई सत्ता-विरोधी लहर नहीं बन पाई है। नतीजतन भाजपा के बड़े नेताओं ने भी बयान दिए हैं कि नीतीश ही चुनाव के बाद मुख्यमंत्री होंगे। अभी तक जो सर्वेक्षण सार्वजनिक हुए हैं, उनमें नीतीश कुमार 46 फीसदी से अधिक लोगों के पसंदीदा मुख्यमंत्री हैं, जबकि सितंबर में यह पसंद 15-16 फीसदी तक ही सिमटी थी। तब मुख्यमंत्री की दौड़ में तेजस्वी यादव सबसे आगे थे, लेकिन अब दूसरे स्थान पर आ गए हैं। आश्चर्यजनक रुझान यह देखा गया है कि महिलाएं जाति, धर्म, नस्ल, अगड़ी-पिछड़ी कोई भी हों, लेकिन नीतीश के कारण 45 फीसदी महिलाएं भाजपा-एनडीए को समर्थन देती दिख रही हैं। जो महिलाएं 18-30 साल उम्र की हैं, उनमें यह समर्थन 48 फीसदी से अधिक दिखा है। नतीजतन सभी सर्वेक्षणों में एनडीए को स्पष्ट बढ़त है और बेहतर बहुमत के साथ उनकी सरकार बनती दिख रही है। बेशक महिला-शक्ति निर्णायक लग रही है, हालांकि जाति का मुद्दा अब भी प्रबल रहा है। पलायन और रोजगार भी संवेदनशील मुद्दे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी समेत बड़े नेताओं के प्रचार लालू यादव के जंगलराज पर ही केंद्रित हैं। भाजपा-एनडीए बार-बार उसे याद दिला रहा है। प्रधानमंत्री ने तो बार-बार छर्रा, कट्टे और दुनाली का जिक्र अपने संबोधनों में किया है। सिर्फ 10, 000 रुपए महिलाओं के खातों में डालने का ही करिश्मा नहीं है, बल्कि नीतीश ने 20 साल की सत्ता के दौरान पंचायत, शिक्षा, नौकरी आदि में महिलाओं के आरक्षण और लगातार शराबबंदी से महिलाओं का एक ठोस, भरोसेमंद जनाधार तैयार किया है। बिहार में पुरुषों की तुलना में महिलाएं अधिक वोट करती हैं, क्योंकि पुरुष बाहर काम करते हैं और मतदान के दिन नहीं लौट पाते। इसका फायदा भी नीतीश पक्ष को मिलता रहा है। इस बार के चुनाव में खासकर महिलाओं पर खूब धन-वर्षा हुई है। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन तेजस्वी यादव को यह घोषणा करनी पड़ी कि उनकी सरकार बनी, तो 14 जनवरी, मकर संक्रांति के दिन, एकमुश्त 30, 000 रुपए महिलाओं के खातों में डाल दिए जाएंगे। महिलाओं को 2500 रुपए माहवार देने की जो योजना तेजस्वी प्रण में संकलित है, उसका सालाना धन 30, 000 रुपए ही बनता है। इधर तेजस्वी ने यह घोषणा की, उधर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी ऐलान किया कि 2 करोड़ महिलाओं को 2-2 लाख रुपए उनके खातों में, रोजगार प्रोत्साहन के मद्देनजर, डाल दिए जाएंगे। यदि ऐसा किया जाता है, तो 4 लाख करोड़ रुपए इसी योजना के लिए चाहिए। फिर वही यथार्थ सामने उभर आता है कि बिहार का बजट 3.16 लाख करोड़ रुपए है और कर्ज 3.62 लाख करोड़ रुपए का है।

# प्राथमिक स्तर से एआई शिक्षा की शुरूआत एक परिवर्तनकारी पहल

**-डॉ. प्रियंका सौरभ-**

भारत सरकार की यह योजना एनईपी 2020 की उस भावना को साकार करती है, जो शिक्षा को केवल नौकरी प्राप्ति का साधन नहीं बल्कि जीवन कौशल, तकनीकी समझ और मानवीय मूल्यों से युक्त नागरिक निर्माण का माध्यम मानती है। प्राथमिक स्तर से एआई शिक्षा बच्चों में तार्किक सोच, विश्लेषण क्षमता और जिम्मेदार तकनीकी दृष्टिकोण विकसित करने का अवसर प्रदान करेगी।

भारत का शिक्षण तंत्र लंबे समय तक पारंपरिक पद्धतियों पर आधारित रहा है, जहां ज्ञान को रटना और परीक्षाओं में अंक प्राप्त करना ही सफलता का पैमाना माना गया। लेकिन बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था, डिजिटल युग और चौथी औद्योगिक क्रांति के दौर में यह दृष्टिकोण पर्याप्त नहीं रह गया है। आज शिक्षा का उद्देश्य केवल साक्षरता नहीं, बल्कि स्मार्ट नागरिक बनाना है-जो न केवल सूचना समझ सके, बल्कि उसका रचनात्मक और नैतिक उपयोग भी कर सके। इसी परिप्रेक्ष्य में सरकार का यह निर्णय कि प्राथमिक स्तर से ही बच्चों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता की मूल समझ दी जाए, एक दूरदर्शी और नीतिगत दृष्टि से परिपक्व कदम है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का प्रमुख उद्देश्य इक्कीसवीं सदी की आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा प्रणाली का रूपांतरण है। नीति यह कहती है कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो बच्चे की जिज्ञासा, प्रयोगशीलता और सृजनशीलता को प्रोत्साहित करे। एनईपी 2020 का सबसे बड़ा फोकस यह है कि बच्चों में सीखने की खुशी विकसित हो और शिक्षा रटने की बजाय सोचने, समझने और खोजने की प्रक्रिया बने। इस दृष्टि से देखा जाए तो एआई शिक्षा का आरंभ इसी विचार का विस्तार है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल तकनीकी विषय नहीं है, बल्कि यह सोचने, विश्लेषण करने और समस्या समाधान की कला को विकसित करने का माध्यम है। जब बच्चे प्रारंभिक स्तर से ही तर्कशक्ति, पैटर्न पहचान और आंकड़ों को समझने की क्षमता सीखते हैं, तो वे जीवन के हर क्षेत्र में अधिक समझदार निर्णय ले सकते हैं। यही एनईपी 2020 का उद्देश्य भी है-ऐसी शिक्षा जो बच्चे को केवल ज्ञानवान नहीं, बल्कि विवेकवान बनाए।

एआई को प्राथमिक स्तर पर शामिल करने का एक और बड़ा लाभ यह है कि यह शिक्षा को बहुविषयी बनाता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी कक्षा में बच्चों को रोबोट की मदद से कहानी सुनाई जाती है, तो वे एक साथ भाषा, गणित, विज्ञान और नैतिकता सीखते हैं। इस तरह कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग से शिक्षा का चरित्र विषय-केंद्रित न रहकर अनुभव-केंद्रित बनता है। एनईपी 2020 का यही लक्ष्य है कि शिक्षा बच्चों के अनुभव और रुचि के आधार पर दी जाए, ताकि सीखना एक स्वाभाविक प्रक्रिया बन सके।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में मौलिक साक्षरता और गणनात्मक क्षमता यानी बुनियादी पढ़ने-लिखने और गिनने की योग्यता को प्राथमिक चरण की सबसे बड़ी प्राथमिकता बताया गया है। यदि इसी स्तर पर बच्चों को एआई की प्रारंभिक अवधारणाएँ, जैसे-तर्क श्रृंखला, डेटा पहचान, पैटर्न समझना या निर्णय लेना-सिखाई जाएं, तो उनकी सोचने और विश्लेषण करने की शक्ति कई गुना बढ़ सकती है। यह उन्हें न केवल डिजिटल युग के अनुकूल बनाता है, बल्कि भविष्य के रोजगार और नवाचार की दिशा में भी सक्षम बनाता है।

हालांकि, इस योजना के कार्यान्वयन के साथ कुछ चुनौतियाँ भी जुड़ी हैं। सबसे बड़ी चुनौती है-डिजिटल असमानता। भारत के कई ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों में अभी भी इंटरनेट, कंप्यूटर और प्रशिक्षित शिक्षकों की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है। यदि एआई शिक्षा को समान रूप से लागू नहीं किया गया तो यह अमीर और गरीब बच्चों के बीच एक नई डिजिटल खाई पैदा कर सकती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति समावेशिता और समान अवसर पर बल देती है, इसलिए सरकार को इस दिशा में विशेष ध्यान देना होगा कि हर बच्चा, चाहे वह किसी भी पृष्ठभूमि से हो, एआई शिक्षा का लाभ उठा सके।

शिक्षक प्रशिक्षण इस पहल की दूसरी बड़ी आवश्यकता है। एआई शिक्षा को सफल बनाने के लिए केवल पाठ्यपुस्तकें नहीं, बल्कि सक्षम और प्रशिक्षित शिक्षक भी आवश्यक हैं। एनईपी 2020 शिक्षकों को सीखने का सहायक मानती है, जो बच्चों को प्रेरित करें, मार्गदर्शन दें और जिज्ञासा को पोषित करें। इसके लिए शिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करने होंगे, जिसमें उन्हें एआई की बुनियादी समझ, नैतिक पक्ष और शिक्षण में तकनीक के उपयोग की विधियाँ सिखाई जाएं।

एआई शिक्षा का एक और महत्वपूर्ण पहलू नैतिकता है। यदि बच्चों को केवल तकनीक सिखाई जाए और उसमें मानवीय संवेदनाओं, जिम्मेदारी और सह-अस्तित्व का भाव न जोड़ा जाए, तो यह शिक्षा अधूरी होगी। एनईपी 2020 ने नैतिक और मानवीय मूल्यों को शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बताया है। अतः एआई के साथ नैतिक एआई की अवधारणा सिखाना अनिवार्य होना चाहिए, जिससे बच्चे समझें कि तकनीक का उपयोग समाज और मानवता के कल्याण के लिए कैसे किया जा सकता है।

इस योजना को सफल बनाने के लिए पाठ्यचर्या में भी नवाचार की आवश्यकता है। एआई शिक्षा को बोझ न बनाकर बच्चों के दैनिक जीवन से जोड़ना होगा। उदाहरण के लिए, खेल-खेल में मशीन की सोच समझाना, चित्रों से आंकड़ों का विश्लेषण सिखाना या कहानियों के माध्यम से कार्य-प्रणाली का अर्थ समझाना-ऐसे उपायों से बच्चे इसे सहज रूप से ग्रहण करेंगे। एआई को बच्चों के अनुभवात्मक और खोज-आधारित शिक्षण का हिस्सा बनाया जा सकता है।

यह पहल भारत के लिए वैश्विक प्रतिस्पर्धा के दौर में भी एक रणनीतिक अवसर प्रस्तुत करती है। आज विश्व के विकसित देश प्राथमिक स्तर पर ही बच्चों को कोडिंग, डेटा साक्षरता और एआई आधारित समस्या समाधान सिखा रहे हैं। यदि भारत भी अपने बच्चों को प्रारंभिक अवस्था से इस दिशा में तैयार करता है, तो आने वाले दशक में वह कृत्रिम बुद्धिमत्ता का केंद्र बनने की दिशा में अग्रसर हो सकता है। इससे न केवल रोजगार के नए अवसर खुलेंगे, बल्कि भारत नवाचार और तकनीकी नेतृत्व में भी अग्रणी बन सकता है।

फिर भी, आलोचनात्मक दृष्टि से देखा जाए तो केवल नीतिगत घोषणा पर्याप्त नहीं है। एआई शिक्षा को वास्तविक रूप में प्रभावी बनाने के लिए तीन प्रमुख सुधार आवश्यक हैं। पहला, डिजिटल ढांचे का समान विस्तार, ताकि हर स्कूल में इंटरनेट, कंप्यूटर और स्मार्ट उपकरण उपलब्ध हों। दूसरा, स्थानीय भाषाओं में शिक्षण सामग्री, ताकि भाषा किसी बच्चे की सीखने में बाधा न बने और एनईपी 2020 के बहुभाषिकता के सिद्धांत का पालन हो। तीसरा, सार्वजनिक-निजी साझेदारी के माध्यम से शिक्षा में तकनीकी निवेश को बढ़ाना, जिससे संसाधनों और प्रशिक्षण की कमी पूरी की जा सके।

इन सुधारों के साथ यदि यह योजना प्रभावी रूप से लागू होती है, तो यह भारत की शिक्षा प्रणाली में एक मौलिक परिवर्तन ला सकती है। यह केवल तकनीकी ज्ञान नहीं, बल्कि भविष्य की जीवनशैली, कार्य संस्कृति और मानवीय दृष्टिकोण को भी नया आकार देगी। अंततः यह कहा जा सकता है कि प्राथमिक स्तर से कृत्रिम बुद्धिमत्ता की शिक्षा शुरू करना केवल एक तकनीकी पहल नहीं, बल्कि यह एक वैचारिक क्रांति है। यह बच्चों को उस युग के लिए तैयार करती है जहाँ मशीनें और मानव मिलकर कार्य करेंगे, लेकिन निर्णय और विवेक का केंद्र फिर भी मनुष्य ही रहेगा। एनईपी 2020 ने जिस इक्कीसवीं सदी के नागरिक की कल्पना की है-जो जिज्ञासु, सृजनशील, संवेदनशील और जिम्मेदार हो-एआई शिक्षा उसी सपने को साकार करने का माध्यम बन सकती है।

यदि सरकार इस दिशा में समावेशी दृष्टिकोण, शिक्षक सशक्तिकरण और नैतिक चेतना के साथ आगे बढ़ती है, तो यह पहल न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि भारत के सामाजिक और आर्थिक विकास में भी एक नया अध्याय लिख सकती है। यह वह कदम है जो भारत को ज्ञान से शक्ति की ओर ले जाएगा-और विकसित भारत 2047 के स्वप्न को साकार करने की ठोस आधारशिला बनेगा।

# नैतिकता, ईमानदारी और सुशासन एक आदर्श शासन प्रणाली के स्तम्भ

**-कांतिलाल मांडोत-**

भारत एक लोकतांत्रिक देश है जहाँ जनता की इच्छा ही सर्वोपरि मानी जाती है। लोकतंत्र की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसके चुनाव कितने निष्पक्ष, पारदर्शी और नैतिक आधारों पर संचालित होते हैं। चुनाव केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि जनता के प्रति जवाबदेही की कसौटी भी है। बिहार, जो भारत के राजनीतिक इतिहास में एक अहम स्थान रखता है, यहां के चुनाव हमेशा से देशभर में चर्चा का विषय रहे हैं। ईमानदारी, नैतिकता और सुशासन-ये तीनों शब्द न केवल एक आदर्श शासन प्रणाली के स्तंभ हैं, बल्कि बिहार की राजनीति में परिवर्तन के प्रतीक भी बन चुके हैं। बिहार चुनाव के संदर्भ में इन तीनों मूल्यों की भूमिका, चुनौतियों और संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालता है।

**बिहार की राजनीतिक पृष्ठभूमि**

बिहार की राजनीति ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आधुनिक भारत तक अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं। जयप्रकाश नारायण के ह्यसंपूर्ण क्रांति आंदोलनह्ल से लेकर लालू प्रसाद यादव के सामाजिक न्याय के दौर और नीतीश कुमार के सुशासन के युग तक, बिहार की राजनीति ने हमेशा नई दिशा देने का प्रयास किया है। हालांकि, इन दशकों में जातिगत समीकरण, धनबल, बाहुबल और भ्रष्टाचार ने राजनीति की पवित्रता को कई बार प्रभावित किया। यही कारण है कि आज भी जनता के बीच सबसे बड़ा सवाल यही है। क्या चुनाव में ईमानदारी, नैतिकता और सुशासन को प्राथमिकता दी जा रही है?

**ईमानदारी का प्रश्न**

ईमानदारी किसी भी लोकतंत्र की आत्मा होती है। यदि जनप्रतिनिधि और प्रशासन ईमानदार हों, तो विकास स्वाभाविक रूप से होता है। लेकिन बिहार की राजनीति में पूर्व की सरकारों में लंबे समय तक यह मूल्य हाशिए पर रहा। कई चुनावों में उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज रहे, और धनबल के सहारे चुनाव जीतने की परंपरा ने ईमानदारी की जड़ों को कमजोर किया। हाल के वर्षों में हालांकि एक सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है। युवा मतदाताओं में यह जागरूकता बढ़ी है कि ईमानदार उम्मीदवारों को वोट देना ही सच्चा लोकतंत्र है। सोशल मीडिया, जनमंचों और नागरिक संगठनों ने पारदर्शिता की मांग को बल दिया है। दल अब अपने घोषणा पत्रों में अधिक व्यावहारिक और तथ्य आधारित वादे कर रहे हैं। ईमानदारी को चुनावी मुद्दा बनाने में युवाओं और सिविल सोसाइटी की भूमिका अहम रही है। इन प्रयासों के बावजूद यह कहना कठिन है कि ईमानदारी पूरी तरह से बिहार की राजनीति में स्थापित हो चुकी है। लेकिन इसकी मांग अब जनता के एजेंडे का हिस्सा बन चुकी है, जो लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है। राजनीतिक नैतिकता का अर्थ है कि सत्ता प्राप्ति के लिए नैतिक सीमाओं का पालन करना, सार्वजनिक जीवन में आचरण की शुचिता बनाए रखना, और अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदार रहना। बिहार चुनावों में नैतिकता की स्थिति मिश्रित रही है। एक ओर नेताओं ने नैतिकता की बातें कीं, तो दूसरी ओर राजनीतिक गठबंधन और दल-बदल ने उसकी परीक्षा ली है। बिहार में कई बार देखा गया है कि व्यक्तिगत लाभ या सत्ता में बने रहने के लिए राजनीतिक नैतिकता से समझौता किया गया। जाति, धर्म और क्षेत्र के आधार पर वोट माँगना आज भी नैतिकता के विपरीत माना जाता है, फिर भी यह एक आम चुनावी रणनीति बन चुकी है। चुनावों के समय जनता से किए गए वादों को पूरा न करना नैतिक पतन का द्योतक है। फिर भी, नैतिकता का पुनर्जागरण धीरे-धीरे हो रहा है। कई युवा नेता और सामाजिक कार्यकर्ता राजनीति में नैतिक मूल्यों को पुनर्स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके अलावा, मीडिया और नागरिक संगठनों की निगरानी ने भी राजनीतिक दलों को कुछ हद तक जवाबदेह बनाया है।

**सुशासन की अवधारणा**

सुशासन शब्द बिहार की राजनीति में विशेष रूप से चर्चित रहा है। जब 2005 में नीतीश कुमार ने सुशासन बाबू की छवि के साथ सरकार बनाई, तो यह नारा केवल राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि एक नई शासन दृष्टि बन गया। सुशासन का अर्थ है-पारदर्शी, जवाबदेह, न्यायसंगत और जनहितकारी प्रशासन। बिहार ने इस दिशा में कई सुधार देखे, जैसे सड़क, बिजली, शिक्षा, कानून-व्यवस्था और महिला सशक्तिकरण में सुधार।

**सुशासन के प्रमुख स्तम्भ में**

कानून व्यवस्था में सुधार, पहले जहाँ अपराध राजनीति से गहराई से जुड़ा था, अब कई सुधारात्मक कदम उठाए गए। ग्रामीण सड़कों, पुलों, स्कूलों और अस्पतालों के निर्माण से जनता को राहत मिली। पंचायती चुनावों में महिलाओं को 50% आरक्षण देकर सामाजिक भागीदारी को बढ़ावा दिया गया। ह्यसाइकिल योजनाह्ल और ह्यपोशाक योजनाह्ल जैसे प्रयासों ने शिक्षा को बढ़ावा दिया। महिलाओं के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभ पहुंचाने का कार्य सतारूढ़ सरकार ने किया। लेकिन बिहार में यह चेतना अवश्य आई है कि शासन केवल सत्ता का खेल नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम होना चाहिए। चुनाव में तीनों मूल्यों का परस्पर संबंध है। ईमानदारी, नैतिकता और सुशासन-ये तीनों एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हैं। ईमानदारी के बिना नैतिकता टिक नहीं सकती, और नैतिकता के बिना सुशासन असंभव है। यदि उम्मीदवार ईमानदार और नैतिक होंगे, तो शासन अपने आप पारदर्शी होगा। इसी प्रकार, यदि शासन ईमानदार और जवाबदेह होगा, तो जनता का विश्वास राजनीति में बढ़ेगा। बिहार के चुनावों में यह त्रिकोण अब धीरे-धीरे मजबूत हो गया। जनता अब केवल वादों पर नहीं, बल्कि उम्मीदवारों के चरित्र और नीतियों पर ध्यान दे रही है। राजनीति में नए चेहरे, युवा ऊर्जा, और सामाजिक जागरूकता इस मजबूत शासन की नींव है। यद्यपि बिहार ने कई सुधारों की दिशा में कदम बढ़ाए हैं, फिर भी कुछ प्रमुख चुनौतियाँ बनी हुई हैं। धनबल और बाहुबल का हिस्सा न बनने दिया जाए। कई बार अपराध और राजनीति के गठजोड़ ने ईमानदारी को कमजोर किया। युवाओं को बेहतर अवसर मिलने से राजनीति में आदर्शवाद का विकास हुआ है। चुनावी घोषणाएँ अक्सर जमीनी हकीकत से दूर होती हैं। राजनीतिक दलों को अपने उम्मीदवार चयन में ईमानदारी और योग्यता को प्राथमिकता देनी चाहिए। शिक्षा प्रणाली में नागरिक नैतिकता और राजनीतिक जागरूकता को शामिल किया जाना चाहिए। चुनाव आयोग को अपराधियों और धनबलियों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। मीडिया को निष्पक्ष रहकर जनमत निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। लोकतंत्र में जनता सबसे बड़ी शक्ति होती है। यदि मतदाता सजग, जागरूक और नैतिकता के पक्षधर होंगे, तो राजनीतिक दल स्वतः सुधार करने को बाध्य होंगे। बिहार की जनता में यह जागरूकता तेजी से बढ़ी है। आज युवा वर्ग सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रष्टाचार, अन्याय और प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ आवाज उठा रहा है। ग्रामीण स्तर पर भी पंचायत चुनावों में पारदर्शिता की माँग बढ़ी है, जो लोकतंत्र के परिपक्व होने का संकेत है। बिहार के चुनाव केवल राजनीतिक घटनाएँ नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना के प्रतीक हैं। ईमानदारी, नैतिकता और सुशासन जैसे मूल्य अब केवल आदर्श नहीं, बल्कि जनआकांक्षा बन चुके हैं।

# विशेष

## रेल सुरक्षा: ज़िम्मेदारी और सुदृढ़ता की दरकार

**-दिलीप कुमार पाठक-**

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में मंगलवार को एक दर्दनाक ट्रेन हादसा हुआ। यहां कोरबा पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी आपस में टकरा गईं। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि कई डिब्बे क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में लोको पायलट समेत 11 लोगों की मौत हो गई। वहीं कई यात्री घायल हैं। हादसा इतना भीषण था कि पैसेंजर ट्रेन मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गई थी। जानकारी के मुताबिक, यह पैसेंजर ट्रेन गेवरा से बिलासपुर जा रही थी, जबकि मालगाड़ी बिलासपुर से आ रही थी। इस हादसे ने एक बार फिर छत्तीसगढ़ रेल एवं भारतीय रेल सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। छत्तीसगढ़ में ट्रेन हादसे कोई नई बात नहीं है, 2025 में अब तक तीन से ज्यादा रेल हादसे हो चुके हैं, ये घटनाएं यात्रियों के लिए चिंता का विषय हैं। हर बार रेलवे प्रशासन की लापरवाही या तकनीकी खामी को जिम्मेदार ठहराया जाता है, लेकिन हादसे रुक नहीं रहे। रेलवे विशेषज्ञों द्वारा की गई घटना की प्रारंभिक जांच के मुताबिक खड़ी मालगाड़ी से टकराने वाली यात्री ट्रेन का चालक दल रेड सिग्नल पर उसे नियंत्रित करने में विफल रहा। रिपोर्ट में आगे बताया गया कि ट्रेन का चालक दल सही समय और सही स्थिति में ट्रेन को नियंत्रित न कर पाने के लिए ज़िम्मेदार है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रेन लाल सिग्नल को पार कर गई और दोपहर 3:50 बजे अगले लाल सिग्नल पर खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई। जांच रिपोर्ट पांच विशेषज्ञों द्वारा तैयार की गई थी, हालाँकि केवल तीन ने ही इस पर हस्ताक्षर किए हैं। सिग्नल और दूरसंचार विभाग के अधिकारी ने रिपोर्ट पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। रिपोर्ट में गेवरा स्टेशन मास्टर का एक बयान भी शामिल है, जिन्होंने कहा कि मेमू ट्रेन के रवाना होने के बाद, उन्हें वीएचएफ संचार पर गार्ड से एक संदेश मिला जिसमें टक्कर होने के कारण एम्बुलेंस बुलाने का अनुरोध किया गया था। वहीं एक अधिकारी ने बताया कि रेलवे सुरक्षा आयुक्त अब दुर्घटना के कारणों की जांच करेंगे और एक विस्तृत रिपोर्ट देंगे। खैर ये रिपोर्ट आदि तो कागजी गतिविधियां होती रहती हैं, परंतु जो लोग सिस्टम की लापरवाही से मर गए उनकी ज़िम्मेदारी कौन लेगा? क्या मुआवजा मिल जाने से मरने वाले लौट आएंगे? जब किसी के घर का सदस्य असामयिक मर जाता है या सिस्टम की भेंट चढ़ जाता है तब किसी तरह से कोई बहाना किसी पर थोप दिया जाता है, जबकि ये सिस्टम एवं सरकार का फेलियर कहा जाएगा। पिछले कुछ सालो से रेल हादसों की बाढ़ सी आ गई है, सोशल मीडिया पर खूब मजाक उड़ाया जाता है कि भैया मैं आज रेल सफर करने वाला हूं मेरे लिए दुआएं कीजिए! लोगों के अंदर रेल्वे हादसों के बीच बढ़ता खौफ रेल्वे एवं सरकार के लिए शर्मनाक है। सरकार से जब रेल हादसों के बारे में पूछा जाता है किसकी ज़िम्मेदारी है? तो सरकार की तरफ से कहा जाता है कि अब रेल हादसों में मरने वालों की संख्या में गिरावट आई है जबकि ये बेहद असंवेदनशील बयान है। अगर सिस्टम के कारण किसी एक भी व्यक्ति की जान जाती है तो सरकार को ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए। कभी हमारे देश में नैतिकता के आधार पर मंत्रियों के इस्तीफे हो जाते थे, 1956 में, तत्कालीन रेल मंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने तमिलनाडु में अरियालुर रेल दुर्घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे दिया था। नीतीश कुमार ने 2 अगस्त 1999 को गैसल ट्रेन दुर्घटना के बाद पद छोड़ दिया था। ममता बनर्जी ने भी रेल मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, परंतु अटल बिहारी वाजपेयी ने इस्तीफा स्वीकार नहीं किया था। अगस्त 2017 में, सुरेश प्रभु ने चार दिनों में दो दुर्घटनाओं की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। औरैया के पास कैफियत एक्सप्रेस का पटरी से उतरना, जिसमें 70 से अधिक लोग घायल हो गए थे और मुजफ्फरनगर के पास खतौली में कलिंग उत्कल एक्सप्रेस का पटरी से उतरना, जिसमें 22 लोगों की मौत हो गई और 150 से अधिक लोग घायल हो गए थे। अब नैतिक ज़िम्मेदारी जैसी कोई बात नहीं रह गई है, मंत्रियों के पास बहाने ही बहाने हैं, विचित्र सी स्थिति है, क्या लोगों के जान की कीमत मुआवजे से तय होगी? यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है कि रेल दुर्घटनाएं, खास तौर पर पटरी से उतरना, इतनी दुर्लभ नहीं हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, 2021 में 17, 993 रेल दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, रिकॉर्ड बताते हैं कि पिछले 10 सालों में ट्रेन दुर्घटनाओं में लगभग 2.6 लाख लोगों की जान गई है और इनमें से ज्यादातर मौतें टक्कर की वजह से नहीं बल्कि इसलिए हुई क्योंकि लोग ट्रेन से गिर गए या ट्रेन के नीचे दब गए।

# सड़कों पर बिखर रहे मानव के चिथड़े, मानव खून से लाल होती सड़कें चिंतनीय?

**-नरेन्द्र भारती-**

देश में प्रतिदिन हो रहे सड़क हादसों के कारण मानव खून से सड़कें लाल हो रही है सड़कों पर मानव के चिथडे बिखर रहे हैं यह बहुत ही चिंतनीय है। कयोंकि सड़कों पर मौत रेंग रही है लाशों के अंबार लग रहे हैं। 3 नवंबर 2025 को राजस्थान के जयपुर व तेलंगाना के रंगारेडडी में बहुत ही भीषण हादसों में काफी लोगों की दर्दनाक मौतें होने से रौगटें खडे हो जाते हैं। जयपुर में तेज रफतार डंपर ने करीब एक दर्जन गाड़ियों को टक्कर मारी जिसमें करीब तेरह लोगों की मौत हो गई और दस लोग घायल हो गए। तेलंगाना के रंगारेडडी में एक सड़क हादसे में 24 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। मिटटी से भरे डंपर ने राज्य परिवहन की बस को टक्कर मार दी डंपर की मिटटी बस के अंदर यात्रियों पर गिर गई और यात्री दब गए बस में 70 यात्री सवार थे बस में जयादातर कालेज के छात्र थे। यह बस तंदूर से हैदराबाद जा रही थी। बेशक प्रतिवर्ष सड़क हादसों को रोकने व सड़क सुरक्षा हेतू करोडों रुपया बहाया जाता है मगर नतीजा वही ढाक के तीन पात ही निकलता है अगर सही तरीके से पैसा खर्चा किया जाए तो इन हादसो पर विराम लग सकता है मगर ऐसा नहीं हो रहा है हर वर्ष लाखों लोग मारे जा रहे है। देश में प्रतिदिन इतने भीषण व दर्दनाक व खौफनाक सड़क हादसे हो रहे है कि पूरे के पूरे परिवार मौत की नींद सो रहे हैं। देश के प्रत्येक राज्यों तथा महानगरों व शहरों से लेकर गांवों तक हर रोज लाशें बिछ रही है बेकसूर लोग बेमौत मारे जा रहे है। 24 अक्तूबर 2025 की अल सुबह आंध्रप्रदेश के कुरनुल जिला के चिन्नातेकुर के पास एक प्राईवेट बस व दोपहिया वाहन से टक्कर के बाद आग लग गई जिससे 22 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई बस में 44 यात्री सवार थे। 18 यात्री जीवित हैं। हादसे में शव पूरी तरह जल चुके हैं उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया हे। 14 अक्तूबर 2025 को भी राजस्थान के जैसलमेर में एक बस को आग लग जाने से 22 यात्री बेमौत मारे गए थे। देश की सड़कों पर लाशों के चिथड़े बिखर रहे हैं। लाशों के अंबार लग रहे है। आंकडो. के अनुसार 8 जुलाई 2019 सोमबार को उतर प्रदेश के आगरा के यमुना एक्सप्रैस वे पर एक भीषण सडक हादसे में 29 लोग की दर्दनाक मौत हो गइ थी और 23 घायल हो गए थे। यह हादसा तक हुआ जब लोग गहन निंद्रां में सोए थे। यह बस एक नाले में गिरी थी। यह बस लखनउ से दिल्ली आ रही थी। यह हादसा सुबह चार बजे के करीब हुआ था। सफर कर रहे लोगों ने सपने मे भी नहीं सोचा होगा कि यह उनका आखिरी सफर होगा। सड़क हादसे अभिशाप बनते जा रहे है। इस शाप से कब मुक्ति मिलेगी यह एक यक्ष प्रश्न है। लापरवाहियों व जानबूझकर हादसे हो रहे है। एक चालक की गलती से लोगों को मौत नसीब हो रही है। आंकडें बताते है कि सड़क दुर्घटनाओं में भारत अन्य देशों से शीर्ष पर है। हिमाचल के बंजार में भी एक बस हादसे में 45 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। अभी इस हादसे की स्याही भी नहीं सूखी थी कि1 जुलाई 2019 को जम्मू-कश्मीर के किशतवाड़ जिले में एक मिनी बस के खडड में गिरने से 35 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। 28 सीटर बस में 52 लोग सवार थे। पल भर में लाशों में तब्दील हो गए। लोगों की अकाल मौत हो गई थी। गत वर्ष1 जुलाई 2018 को एक ऐसा ही बस हादसा उतराखंड में घटित हुआ था। उतराखंड के गढवाल मंडल के पौडी जिले के नैनीडांडा विकास खंड के पिपली भौन मोटर मार्ग पर धूमाकोट के नजदीक एक यात्रियों से भरी एक बस के 70 फुट गहरी खाई में गिर जाने से 50 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी बस में मरने वालों में 22 पुरुष तथा 17 महिलाए और आठ बच्चे शामिल थे। ऐसा ही एक भीषण हादसा पशिचिमी बंगाल में हुआ जहां 29 जनवरी 2018 को पश्चिमी बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के इस्माइलपुर में एक सरकारी बस के नदी में गिरने से 36 यात्रियों की मौत हो गई। यह बस नदी पर बनी रेलिग तोड़कर नदी में जा गिरी। 9 यात्रियों ने तैर कर अपनी जान बचा ली तथा 9 लोग घायल हो गए थे। बस में 60 यात्री सफर कर रहे थे। यह दर्दनाक हादसा सुबह छह बजे के करीब हुआ। बेशक प्रतिवर्ष जनवरी माह में पूरे भारतवर्ष में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है मगर ऐसे आयोजन औपचारिकता भर रह गए हैं। क्योकि प्रशासन द्वारा लोगों को इन सात दिनों में यातायात नियमों के बारे में बताया जाता है फिर पूरा वर्ष लोग अपनी मनमानी करते है और यातयात नियमों का उल्लंघन करते है और मौत के मुंह में समाते जा रहे हैं 2025 के पहले सप्ताह से ही लोग सड़क हादसों में मारे जा रहें है। दस महिनों में लाखों लोग मारे जा चुके है। यह आंकड़ा बडे पैमाने पर बढता जा रहा है इसे सरकारों की लापरवाही की संज्ञा देना गलत नहीं होगा। हर रोज सड़क हादसों में मौते हो रही है। अक्सर देखा गया है कि ज्यादातर सड़क हादसे सर्दियों में होते है क्योकि धुंध के कारण आपसी टक्कर में दुर्घटनाएं होती हैं। पंजाब, दिल्ली व उतरप्रदेश व हिमाचल प्रदेश में धूंध के कारण दर्जनों हादसों में सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं। मगर राज्यों की सरकारों को इससे कोई सरोकार नहीं है। देश के प्रत्येक राज्यों में हादसों की दर बढती जा रही है दुर्घटना के बाद मुआवजे की राशि बांटने में व समाचार पत्रों में सुखियों में रहने में प्रशासन व नेता लोग आगे रहते हैं नेताओं द्वारा घड़ियाली आंसू बहाए जातें है। सड़क हादसों को रोकने के लिए एक नीति बनानी होगी। जागरुकता अभियान चलाने होगें। सरकारों को लोगों को यातयात नियमों से संबधित शिविरों का आयोजन करना चाहिए। आज करोडों के हिसाब से वाहन पंजीकृत है मगर सही ढंग से वाहन चलाने वालो की संख्या कम है क्योकि आधे से ज्यादा लोगों को यातयात के नियमों का ज्ञान तक नहीं होता। पुलिस प्रशासन चालान काटकर अपना कर्तव्य निभा रहे है मगर चालान इसका हल नहीं है इसका स्थायी समाधान ढूंढना होगा। आज बिना हैलमैट के नाबालिग से लेकर अधेड़ उम्र के लोग वाहनो को हवा में चलाते है और दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। जानबूझकर व नशे की हालत में दुर्घटना करने वाले चालकों के लाईसैस रदद करने चाहिए। ज्यादातर हादसे में नाबालिग चालक ही मारे जाते हैं। प्रशासन की लापरवाही के कारण भी इसमें साफ झलकती है क्योकि आज फर्जी लाईसैसों के बलबूते बहुत से वाहन चालक वाहन चलाते है यदि सही तरीके से पूरी औपचारिकताएं निभा कर लाईसैंस जारी किए जाएं तो अधिकांश लोग फेल हो जाएगें कुछ लोग अपनी पहुंच के कारण लाईसैंस बनवा लेते है भले ही उन्हे गाड़ियों का ज्ञान तक नहीं होता इस बाबत प्रशासन को सख्ती बरतनी चाहिए कि चाहे कितनी भी बड़ी पहुंच वाला हो पूरें नियमों को पूरा करने के बाबजूद ही लाईसैंस जारी किया जाए। अगर ऐसा किया जाता है तो निश्चित रुप से दुर्घटनाओं में कमी आ सकती है। आज ज्यादातर युवा व लोग शराब पीकर व अन्य प्रकार का नशा करके वाहन चलाते है नतीजन खुद ही मौत को दावत देते हैं भले ही पुलिस यन्त्रों के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कस रही है मगर फिर भी लोग नियमों का उल्लघन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। सरकार द्वारा पुलिस को दी गई हाईवे पैट्रोलिंग की गाड़ियां भी यातायात को कम करने में नाकाम साबित हो रही हैं। जयादातर हादसे ओवर स्पीड के कारण हो रहे है। बढती सड़क दुर्घटनाओं के अनेक कारण है सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है कि 80 प्रतिशत हादसे मानवीय लापरवाही के कारण होते हैं। लापरवाह लोग सीट बैल्ट तक नहीं लगाते और तेज रफतार में वाहन चलाते हैं। देश में सड़क हादसों में स्कूली बच्चों के मारे जाने के हादसे भी समय-समय पर होते रहते हैं मगर कुछ दिन चैक रखा जाता है फिर वही परिपाटी चलती रहती है।

स्वामी: गायत्री मीडिया, मुद्रक: रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादक: शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित
कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

# जिलाधिकारी ने किया कान्हा गौशाला का निरीक्षण, दिए साफ-सफाई व पशु देखभाल के निर्देश



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने नगर पालिका परिषद हसनपुर के अध्यक्ष राजपाल सैनी की उपस्थिति में कान्हा गौशाला एवं पशु आश्रय स्थल हसनपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आश्रय स्थल के टीनशेड को चारों ओर से तिरपाल से ढका जाए ताकि ठंड के मौसम में पशुओं को ठंड से बचाया जा सके। उन्होंने गौशाला में साफ-सफाई के कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सर्दी के मौसम में सभी पशुओं को काउकोट (पशु जैकेट) पहनाए जाएं। डॉक्टर से बीमार पशुओं की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि पांच पशु बीमार हैं, जिनका इलाज चल रहा है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बीमार पशुओं के उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर, भूसा स्टोर, चोकर स्टोर, सीसीटीवी कैमरा रूम आदि का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि पशुओं को भूसा, खल, चोकर और पानी की कमी नहीं रहनी चाहिए, तथा गौशाला में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पशुओं के भोजन की दिनचर्या की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि भूसे में उचित मात्रा में पानी, चोकर और हरा चारा मिलाकर पशुओं को खिलाया जाए, तथा सूखा भूसा अकेले न दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पशुओं को दिन में तीन बार चारा अवश्य दिया जाए। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने स्वयं गायों को गुड़ खिलाया और संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# अमरोहा प्रीमियर लीग (APL-18) नफ़ीस अब्बासी कप 2025

*** हिंद एग्रीकल्चर फ़ाइनल में पहुँची, मुंसिफ़ खान की विस्फोटक पारी ने जीता दिल**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** अब्बासी क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में चल रही अमरोहा प्रीमियर लीग (APL-18) नफ़ीस अब्बासी कप 2025 के पहले सेमीफ़ाइनल में हिंद एग्रीकल्चर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फ़रहान ख़ान इलेवन को हराकर फ़ाइनल में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए फ़रहान ख़ान इलेवन ने 176 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा किया। टीम की ओर से सलीम ख़ान ने 64 और जैद ने 46 रनों की बेहतरीन पारियाँ खेलीं। हिंद एग्रीकल्चर की ओर से सोनू सैनी ने घातक गेंदबाज़ी करते हुए 4 विकेट झटके, जबकि फ़ैज़्यब मलिक ने 2 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए हिंद एग्रीकल्चर ने मात्र 11.4 ओवर में जीत दर्ज कर ली। टीम के धुरंधर बल्लेबाज़ मुंसिफ़ ख़ान ने केवल 49 गेंदों में आतिशी 137 रन ठोक डाले, जिसमें 12 छक्के और 13 चौके शामिल थे। हर्ष ने भी 25 रनों का योगदान दिया।मुंसिफ़ ख़ान को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। लीग के अध्यक्ष फ़िरोज़ कमाल अब्बासी ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्देश्य अमरोहा की क्रिकेट प्रतिभाओं को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने का अवसर देना है। कल दूसरा सेमीफ़ाइनल मनपसंद इलेवन और विहान इलेवन के बीच खेला जाएगा, जिसमें कार्तिक, सिद्धू और आर्यन चौधरी जैसे क्ङ्ग20 लीग के चर्चित खिलाड़ी उतरेंगे।

# शिक्षा विभाग कर्मी की पत्नी को घूरने और फब्तियां कसने में दो पर केस

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** शिक्षा विभाग कर्मी की पत्नी को घूरने और फब्तियां कसने के मामले में पड़ोस में रहने वाले दो सगे भाइयों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। दोनों काफी दिनों से पीड़िता को परेशान कर रहे थे।

कार्रवाई के बाद पुलिस ने आरोपों की जांच शुरू कर दी है। घटना शहर के एक मोहल्ले की है। यहां पर बेसिक शिक्षा विभाग मे तैनात एक कर्मचारी का परिवार रहता है। उनकी पत्नी का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले सगे भाई विभोर जैन व राहुल जैन काफी दिन से परिवार के लोगों को परेशान कर रहे हैं। विभोर शराब का सेवन करता है।

रास्ते में खड़े होकर आते-जाते घूरता रहता है, फब्तियां कसता है। घर की रेकी करते हुए पति और बच्चों के साथ गाली-गलौज करता है। दो दिन पूर्व सुबह में पीड़िता घर के आगे पानी डाल रही थी। आरोप है कि विभोर घूर के देखने लगा, इसके बाद सीटी बजाते हुए वहां से गुजर गया। पीड़िता ने इस बाबत शहर कोतवाली में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में विभोर जैन व राहुल जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपों की जांच की जा रही है। आरोपी सगे भाइयों को जल्दी गिरफ्तार करते हुए चालान किया जाएगा।

# तिगरी मेले के बाद मां गंगा का आंचल हुआ मैला, घाटों के किनारे गंदगी के ढेर

**उत्तम भारत संवाददाता**

**गजरौला।** तिगरी गंगा मेले का बुधवार को समापन हो गया। अब गंगा घाटों के किनारे गंदगी के अंबार लगे हैं। मेला स्थल पर पसरी गंदगी से उठ रही बदबू से तिगरी के ग्रामीण बेहाल हैं। प्रशासनिक स्तर पर सफाई व्यवस्था को बनाए रखने को लेकर किए गए दावे भी खोखले साबित हुए। जिला प्रशासन के संयोजन में आयोजित ऐतिहासिक तिगरी गंगा मेले की तैयारियों के दौरान ही सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने को प्राथमिकता दी जा रही थी। खुले में शौच पर रोक के लिए जिले की प्रत्येक नगर पालिका ने सुलभ शौचालय भी मेला क्षेत्र में बनवाए थे। स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करने की बात भी कही गई। इसके उलट धरातल पर प्रशासनिक दावे खोखले साबित हुए। मेले के समापन के बाद अब मां गंगा का आंचल भी मैला नजर आ रहा है। मेला स्थल पर गंदगी के अंबार लगे हैं। कई टन कूड़ा इकट्ठा हो गया है। तिगरी के ग्रामीण गंदगी से उठ रही बदबू के बीच बेहाल हैं। गंदगी से गांव में संक्रामक रोगों के प्रसार का खतरा भी बढ़ गया है। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने मेलास्थल की सफाई व्यवस्था जल्द ही दुरुस्त करवाए जाने की बात कही।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**उत्तम भारत संवाददाता**

**हसनपुर।** कस्बे में हसनपुर-संभल मार्ग पर आंबेडकर कॉलेज के पास बाइक सवार को अज्ञात वाहन टक्कर मार कर फरार हो गया। हादसे में बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी पर मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव ढक्का मोड़ निवासी 24 वर्षीय वसीम पुत्र अनीश अपनी बाइक से बुधवार देर शाम उझारी से वापस अपने गांव ढक्का मोड़ लौट रहा था। जैसे ही उसकी बाइक हसनपुर-संभल मार्ग पर उझारी में आंबेडकर राजकीय इंटर कॉलेज के पास पहुंची तभी तभी अज्ञात वाहन चालक उसकी बाइक में टक्कर मार कर वाहन को लेकर फरार हो गया। टक्कर लगते ही वसीम गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल वसीम को उझारी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्साक ने वसीम को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बुधवार की देर रात्रि को ही वसीम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वसीम की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। वसीम एक बहन व तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। परिवार के पालन पोषण की जिम्मेदारी वसीम के कंधे पर थी। वसीम सिलाई का काम करता था जबकि उसके पिता अनीश अहमद बेंगलुरु में रहकर कार्य करते हैं। वसीम की मौत से उसकी माता चमन जहां व इकलौती बहन तथा भाइयों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस अज्ञात वाहन का पता लगाने में जुटी है।

# अमरोहा प्रीमियर लीग (APL-18) नफ़ीस अब्बासी कप 2025




*** हिंद एग्रीकल्चर फ़ाइनल में पहुँची, मुंसिफ़ खान की विस्फोटक पारी ने जीता दिल**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** अब्बासी क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में चल रही अमरोहा प्रीमियर लीग (APL-18) नफ़ीस अब्बासी कप 2025 के पहले सेमीफ़ाइनल में हिंद एग्रीकल्चर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फ़रहान ख़ान इलेवन को हराकर फ़ाइनल में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए फ़रहान ख़ान इलेवन ने 176 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा किया। टीम की ओर से सलीम ख़ान ने 64 और जैद ने 46 रनों की बेहतरीन पारियाँ खेलीं। हिंद एग्रीकल्चर की ओर से सोनू सैनी ने घातक गेंदबाज़ी करते हुए 4 विकेट झटके, जबकि फ़ैज़्यब मलिक ने 2 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए हिंद एग्रीकल्चर ने मात्र 11.4 ओवर में जीत दर्ज कर ली। टीम के धुरंधर बल्लेबाज़ मुंसिफ़ ख़ान ने केवल 49 गेंदों में आतिशी 137 रन ठोक डाले, जिसमें 12 छक्के और 13 चौके शामिल थे। हर्ष ने भी 25 रनों का योगदान दिया।मुंसिफ़ ख़ान को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। लीग के अध्यक्ष फ़िरोज़ कमाल अब्बासी ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्देश्य अमरोहा की क्रिकेट प्रतिभाओं को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने का अवसर देना है। कल दूसरा सेमीफ़ाइनल मनपसंद इलेवन और विहान इलेवन के बीच खेला जाएगा, जिसमें कार्तिक, सिद्धू और आर्यन चौधरी जैसे UP T20 लीग के चर्चित खिलाड़ी उतरेंगे।




# पूर्व दिशा की ओर जाने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के उपरांत रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से दिनांक 07.11.2025 से 09.11.2025 तक पूर्व दिशा की ओर निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | स्थान | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **दिनांक 07.11.2025 (शुक्रवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाज़ियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एनआर, गोंडा जं. एवं बस्ती |
| 04090 | आनन्द विहार (ट.) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, सहतवार, सुरेमनपुर, छपरा एवं पाटलिपुत्र |
| 04070 | आनन्द विहार (ट.) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता., | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्रनगर ट., बख्तियारपुर, बिहार शरीफ एवं नालंदा |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा | 16:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा जं., गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय एवं खगड़िया जं. |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद | 02:20 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, आलमनगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., अमेठी, मॉ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, भदोही, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ एवं गोमो |
| 04458 | आनन्द विहार (ट.) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., हाथीदा जं., बडहिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर एवं सुलतानगंज |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनिया |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं., |
| 04094 | हजरत निजामुद्दीन | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04096 | आनन्द विहार (ट.) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा एवं दिघवारा |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड | 12:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी, बुढ़वल, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर जं. |
| 03256 | आनन्द विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर |
| 05580 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | पूर्णियाँ कोर्ट | 13:45 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, शिशो, सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल, गढ़ बरुआरी, सहरसा जं., दौरम मधेपुरा, मुरलीगंज और बनमनखी जं. |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदार गंज | 19:35 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर |
| 03640 | दिल्ली जं. | 19:00 | गया | 11:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |
| 05090 | आनन्द विहार (ट.) | 18:00 | छपरा | 14:00 | सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., रामकोला, पडरौना, थावे जं., दिघवा दुबौली एवं मशरख |
| **दिनांक 08.11.2025 (शनिवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | वाता. कुर्सीयान एवं एग्जि. कुर्सीयान | अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा |
| 04090 | आनन्द विहार (ट.) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, सहतवार, सुरेमनपुर, छपरा एवं पाटलिपुत्र |
| 04008 | आनंद विहार (ट.) | 08:30 | जोगबानी | 17:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, आलमनगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी जं., औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरैमनपुर, छपरा,सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं., मानसी जं., नवगछिया, कटिहार जं., पूर्णिया जं., अररिया कोर्ट एवं फारबिसगंज |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा | 16:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा जं., गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय एवं खगड़िया जं. |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद | 02:20 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, आलमनगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., अमेठी, मॉ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, भदोही, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ एवं गोमो |
| 04458 | आनन्द विहार (ट.) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., हाथीदा जं., बडहिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर एवं सुलतानगंज |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनिया |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं., |
| 04094 | हजरत निजामुद्दीन | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04096 | आनन्द विहार (ट.) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा एवं दिघवारा |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड | 12:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी, बुढ़वल, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज, सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर जं. |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | प्रयागराज जं. | 19:40 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर |
| 02310 | आनन्द विहार (ट.) | 19:30 | राजेंद्रनगर (ट.) | 10:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. इकोनॉमी | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर एवं पटना जं. |
| 05590 | आनन्द विहार (ट.) | 13:00 | छपरा | 09:00 | सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., रामकोला, पडरौना, थावे जं., दिघवा दुबौली और मशरख |
| 05502 | आनन्द विहार (ट.) | 05:30 | मुजफ्फरपुर जं. | 22:15 | शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र एवं हाजीपुर जं. |
| 05512 | आनन्द विहार (ट.) | 12:00 | सहरसा जं. | 17:15 | 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. |
| **दिनांक 09.11.2025 (रविवार) को पूर्व दिशा में प्रस्थान करने वाली रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | | |
| 02254 | नई दिल्ली (वंदे भारत) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | वाता. कुर्सीयान एवं एग्जि. कुर्सीयान | अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा |
| 04090 | आनन्द विहार (ट.) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, बलिया, सहतवार, सुरेमनपुर, छपरा एवं पाटलिपुत्र |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा | 16:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, गोंडा जं., गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं. एवं समस्तीपुर जं. |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव जं., ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., शाहपुर पटोरी, बरौनी जं., बेगूसराय एवं खगड़िया जं. |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद | 02:20 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, आलमनगर, उतरेटिया जं., रायबरेली जं., अमेठी, मॉ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, भदोही, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ एवं गोमो |
| 04458 | आनन्द विहार (ट.) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, पटना जं., पटना साहेब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., हाथीदा जं., बडहिया, लक्खीसराय जं., किउल जं., कजरा, अभयपुर, धरहरा, जमालपुर जं., बरियारपुर एवं सुलतानगंज |
| 04016 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ, गोंडा जं., गोरखपुर, कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं. एवं बैरगनिया |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 23:30 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., जंघई जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद जं., आसनसोल जं., दुर्गापुर, बर्द्धमान एवं बैण्डेल जं., |
| 04094 | हजरत निजामुद्दीन | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. | गाजियाबाद, गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा और दानापुर |
| 04096 | आनन्द विहार (ट.) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाज़ीपुर सिटी, फेफना जं., बलिया, सहतवार, बकुल्हा, छपरा एवं दिघवारा |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड | 12:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी एवं सामान्य | गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी, बुढ़वल, गोंडा, गोरखपुर, कप्तानगंज जं., सिसवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर जं. |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया | 00:30 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य | गोविंदपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड |
| 05580 | आनन्द विहार (ट.) | 05:15 | पूर्णियाँ कोर्ट | 13:45 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., बगहा, नरकटियागंज जं., सिकटा, रक्सौल जं., बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड, शिशो, सकरी जं., झंझारपुर, घोघरडीहा, निर्मली, सरायगढ़, सुपौल, गढ़ बरुआरी, सहरसा जं., दौरम मधेपुरा, मुरलीगंज और बनमनखी जं. |
| 05284 | आनन्द विहार (ट.) | 07:00 | मुज़फ़्फ़रपुर जं. | 04:50 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | मुरादाबाद, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एनआर, गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जं., बेतिया, सगौली जं., बापूधाम मोतिहारी, पिपरा, चकिया, मेहसी एवं मोतीपुर |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | प्रयागराज जं. | 19:40 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर |
| 02392 | आनन्द विहार (ट.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयन. एवं सामा. | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर |
| 05220 | आनन्द विहार (ट.) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयन. एवं सामा. | गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर एवं हाजीपुर |
| 03310 | दिल्ली जं. | 11:45 | धनबाद | 13:00 | 3 टियर वाता. इकोनॉमी | टूण्डला जं., गोविंदपुरी, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जं., कोडरमा, हज़ारीबाग़ रोड, पारसनाथ एवं गोमो |
| 05590 | आनन्द विहार (ट.) | 13:00 | छपरा | 09:00 | सामान्य | गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर जं., बुढ़वल जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., कप्तानगंज जं., रामकोला, पडरौना, थावे जं., दिघवा दुबौली और मशरख |
| 05504 | आनन्द विहार (ट.) | 05:30 | मुजफ्फरपुर जं. | 22:15 | 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी | कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र एवं हाजीपुर जं. |
| 05514 | आनन्द विहार (ट.) | 12:00 | सहरसा जं. | 17:15 | शयनयान एवं सामान्य | गाजियाबाद, अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बादशाहनगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं., बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील पदार्थ जैसे कि पटाखे, पेट्रोल, गैस सिलेण्डर, केरोसिन, इत्यादि कदापि लेकर सफर न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य जानकारी जैसे कि सीट उपलब्धता और समय–सारणी आदि के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहको की सेवा मे मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

P-08:28 paga09_jhn.qxd 11/6/2025 5:50 PM Page 1



# बंगाल मतदाता सूची संशोधन में अनियमितता की शिकायतों पर चुनाव आयोग ने करेगा कड़ी कार्रवाई

**कोलकाता।** चुनाव आयोग (ईसीआई) ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान रिपोर्ट की गई अनियमितता की शिकायतों को लेकर सख्त कार्रवाई करने का फैसला किया है, जबकि एसआईआर के लिए राज्य भर में 1.10 करोड़ से अधिक गणना फॉर्म पहले ही वितरित किए जा चुके हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, यह फैसला उन रिपोर्टों के मद्देनजर लिया गया है, जिनमें कुछ बूथ-स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) ईसीआई के दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए रिश्तेदारों और राजनीतिक सहयोगियों सहित तीसरे पक्ष को अपनी ओर से फॉर्म वितरित करने की अनुमति देने की बात कही गयी है। ऐसा ही एक मामला पश्चिम मिदनापुर जिले के दासपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बीएलओ रितुपर्णा हाजरा से जुड़ा था, जिनके पति असीम हाजरा कथित तौर पर उनकी जगह फॉर्म वितरित कर रहे थे। गौरतलब है कि श्री हाजरा तृणमूल कांग्रेस के एक सक्रिय नेता हैं।

सीईओ कार्यालय के सूत्र ने कहा, 'संबंधित बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और उनके जवाब के आधार पर आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।' उन्होंने बताया कि अन्य क्षेत्रों से भी ऐसी ही शिकायतें सामने आई हैं, जिससे सीईओ कार्यालय को जांच शुरू करने के लिए प्रेरित होना पड़ा है। अधिकारियों ने बीएलओ को निर्धारित स्थानों पर बैठने और मतदाताओं से फॉर्म लेने के लिए कहने के खिलाफ भी चेतावनी जारी की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'सभी बीएलओ को ईसीआई के मानदंडों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है।' इस बीच, चार नवंबर को शुरू हुए एसआईआर अभियान ने काफी प्रगति कर ली है। बुधवार रात (पांच नवंबर) आठ बजे तक सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में तैनात 80,681 बीएलओ द्वारा पूरे बंगाल में 1.10 करोड़ से अधिक फॉर्म वितरित किए गए।चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने कहा, 'अब तक प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है और राज्य के किसी भी हिस्से से किसी बड़ी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। अगर किसी भी तरह के प्रतिरोध या असहयोग की सूचना मिलती है, तो संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) को तुरंत मामले की जाँच करने के लिए कहा जाता है।' अधिकारियों के अनुसार, इस प्रक्रिया के लिए लगभग 7.66 करोड़ गणना प्रपत्र तैयार किए गए हैं, जिनकी प्रत्येक मतदाता को दो प्रतियाँ दी गई हैं। बीएलओ को दोनों पर प्रतिहस्ताक्षर करने होंगे। इनमें से एक आयोग के लिए रखा जाएगा और दूसरा मतदाता को रिकॉर्ड के लिए मुहर लगी पावती के साथ लौटाया जाएगा। पश्चिम बंगाल में एसआईआर 23 वर्षों के अंतराल के बाद किया जा रहा है। इससे पहले राज्य में एसआईआर 2002 में किया गया था।

यह प्रक्रिया अगले वर्ष मार्च तक, 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले पूरी होने की उम्मीद है। एक अन्य घटनाक्रम में, प्रमुख सचिव एस.बी. जोशी और उप सचिव अभिनव अग्रवाल सहित वरिष्ठ चुनाव आयोग के अधिकारियों की एक टीम कल कूचबिहार, अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी जिलों में संशोधन प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा करने के लिए उत्तर बंगाल पहुँची। एक अधिकारी ने कहा, 'वे बीएलओ, रिटर्निंग अधिकारियों और जिला अधिकारियों के प्रदर्शन का आकलन करेंगे और अपनी समीक्षा के हिस्से के रूप में राजनीतिक प्रतिनिधियों के साथ बातचीत कर सकते हैं।'

चुनाव आयोग का प्रतिनिधिमंडल जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ), सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों (एईआरओ) और सेक्टर मजिस्ट्रेटों (एसएम) के साथ बैठकें करने वाला है। अधिकारियों ने कहा कि टीम कल जलपाईगुड़ी और दार्जिलिंग के कुछ हिस्सों में जाने से पहले सुबह अलीपुरद्वार और कूचबिहार का दौरा करेगी।

# कांग्रेस ने की एसआईआर समयसीमा बढ़ाने और बिजली दरें कम करने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने आज कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात रखी। उन्होंने विशेष रूप से मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) की समयसीमा बढ़ाए जाने और बिजली दरों में कमी किए जाने पर जोर दिया है।

आज यहां पत्रकारों से चर्चा के दौरान श्री बैज ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा शुरू किए गए मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य में दस्तावेज जमा करने और सत्यापन के लिए दी गई एक माह की समयसीमा अपर्याप्त है। उन्होंने कहा, 'वर्तमान में राज्य में धान कटाई का समय चल रहा है, उसके बाद किसानों को धान बेचने के लिए सोसायटी में जाना पड़ता है। अतः यह समय बढ़ाना आवश्यक है।' उनकी मांग है कि इस समयसीमा को बढ़ाकर न्यूनतम तीन माह किया जाए ताकि कोई मतदाता छूटे नहीं। साथ ही, उन्होंने यह भी मांग रखी कि बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) जब मतदाता के घर जाएं तो उनके घर आने का पुष्टि प्रमाण पत्र हासिल करें, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि फर्जी तरीके से पुनरीक्षण न हुआ हो।

एक अन्य प्रमुख मुद्दे पर बात करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कोयले पर लगने वाला शेष (सेस) केंद्र सरकार ने खत्म कर दिया है, ऐसे में बिजली की उत्पादन लागत भी कम हो गई है। उन्होंने मांग की कि विद्युत कंपनी (वीसीए) का पुनर्निर्धारण करे और बिजली के दामों में तत्काल कटौती की जाए। उन्होंने कहा, 'बिजली के दाम बढ़ाने, 400 यूनिट के हाफ बिजली की छूट खत्म करने तथा स्मार्ट मीटर के कारण बिजली के दाम लगातार तीन महीने से बहुत बढ़ कर आए हैं, जिससे उपभोक्ता परेशान हैं।'

दीपक बैज ने बिलासपुर रेल दुर्घटना को रेलवे की सरासर लापरवाही बताते हुए मृतकों के परिजनों के लिए 1 करोड़ रुपये के मुआवजे और नौकरी की मांग की। हरियाणा चुनाव परिदृश्य पर उन्होंने राहुल गांधी द्वारा प्रस्तुत तथ्यों का हवाला देते हुए कहा कि चुनाव में हेराफेरी के गंभीर आरोप लगे हैं और इसकी जांच होनी चाहिए।

# वोट डालने के बाद खान सर की अपील, सभी मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लें

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में गुरुवार को पहले चरण के मतदान के बीच मशहूर एजुकेटर खान सर ने कुम्हरार विधानसभा क्षेत्र में अपना वोट डाला। वोट डालने के बाद उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर नागरिक का मत बेहद कीमती है और इसीलिए सभी लोगों को इस लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेना चाहिए।



खान सर ने कहा, 'हर व्यक्ति को इस लोकतांत्रिक त्योहार में शामिल होना चाहिए और अपने वोट का इस्तेमाल करना चाहिए।' उन्होंने कहा कि वोट डालने के पीछे हर व्यक्ति के अपने मुद्दे होते हैं, जैसे शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य सुविधाएं, विकास कार्य और सुरक्षा। वोट देते समय इन मुद्दों को ध्यान में रखकर ही निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने मतदाताओं से आग्रह करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को ऐसे प्रत्याशी को चुनना चाहिए जो उसे सही और जिम्मेदार लगे। खान सर ने कहा कि लोकतंत्र तब ही मजबूत बनता है, जब ज्यादा से ज्यादा लोग चुनाव प्रक्रिया में शामिल हों।

मतदान केंद्र पर मौजूद लोगों ने भी खान सर को देखकर उत्साह दिखाया। कई युवाओं ने कहा कि खान सर जैसे शिक्षकों के मतदान करने से आम जनता, खासकर युवाओं में प्रेरणा मिलती है और उनमें यह संदेश जाता है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी बेहद आवश्यक है।

कुम्हरार विधानसभा सीट पटना शहर की महत्वपूर्ण सीटों में से एक है, जहां बड़े पैमाने पर युवा और मध्यम वर्ग के मतदाता रहते हैं। इस सीट पर हमेशा से मुकाबला रोचक रहा है।

कुम्हरार बिहार का एक प्रमुख विधानसभा क्षेत्र है, जो पटना जिले में स्थित है। यह पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

# उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा की गाड़ी पर पथराव, राजद पर लगाया आरोप

**लखीसराय।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में गुरुवार को मतदान जारी है। इस बीच, लखीसराय विधानसभा क्षेत्र में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के वाहन पर पथराव की खबर है। उपमुख्यमंत्री सिन्हा ने इसका आरोप राजद पर लगाया है।

बताया जा रहा है कि बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा का काफिला चुनाव प्रबंधन के सिलसिले में इलाके से गुजर रहा था। इस दौरान कुछ लोगों ने उनकी गाड़ी पर कीचड़ फेंक दिया और नारेबाजी की।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना खुडियाडी गांव की है। उन्होंने बताया कि यहां सही तरीके से व्यवस्था नहीं की गई थी। उनकी गाड़ी पर



जूते फेंके गए, पथराव किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह काम राजद के गुंडों ने किया है। सत्ता में आए बिना ही ये लोग गुंडागर्दी पर उतर आए हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे लोगों की छाती पर बुलडोजर एक्शन होगा। इस पूरे मामले की शिकायत चुनाव आयोग से की जाएगी। एनडीए जीत रहा है, तो इन्हें तकलीफ हो रही है।

उन्होंने कहा कि सुबह पोलिंग एजेंट को लौटा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि पेट्रोलिंग में केंद्रीय रिजर्व फोर्स को नहीं लगाया गया है। उन्होंने इसकी शिकायत चुनाव आयोग से करने की बात कही और यह भी मांग की है कि जो भी दोषी हो, उस पर कार्रवाई की जाए।

बिहार में पहले चरण में 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों के लिए सुबह 7 बजे से मतदान जारी है। कई मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें लगी हैं। पहले चरण में 1,314 उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर है, जिनमें 1,192 पुरुष और 122 महिला उम्मीदवार शामिल हैं।

चुनाव आयोग के अनुसार, पहले चरण में कुल 3,75,13,302 मतदाता हैं, जिनमें 1,98,35,325 पुरुष, 1,76,77,219 महिलाएं और 758 थर्ड जेंडर शामिल हैं, जो 1,314 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। 121 विधानसभा क्षेत्रों में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 45,341 है, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों में 36,733 और शहरी क्षेत्रों में 8,608 मतदान केंद्र शामिल हैं।

# 'वोट चोरी' के आरोप पर मोहन यादव का पलटवार, बोले-राहुल गांधी पद की गरिमा का ध्यान रखें

भोपाल। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के 'वोट चोरी' के आरोपों पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने गुरुवार को पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष पद की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए।

दरअसल राहुल गांधी ने बुधवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव की मतदाता सूची की कई कमियां गिनाई थीं और चुनाव आयोग पर हमला बोला था।

इस पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि जब बिहार में प्रथम चरण की वोटिंग हो रही है, ऐसे माहौल में हरियाणा चुनाव की बात निकालकर राहुल गांधी जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी बात किसी के गले उतरने वाली नहीं है।

पहले भी उन्होंने चुनाव आयोग और ईवीएम को लेकर भ्रम का माहौल बनाया था, जिसकी सुप्रीम कोर्ट में धज्जियां उड़ी थीं। मेरी यही सलाह है कि राहुल गांधी अपने पद की गरिमा का ध्यान रखें और ऐसी बातों से बचें।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बिहार चुनाव के प्रथम चरण के मतदान को लेकर जनता से लोकतंत्र के इस पर्व में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा, 'मैं बिहार की जनता से अपील करता हूं कि लोकतंत्र के इस महायज्ञ में अपने मताधिकार का सही से उपयोग करें।

मोहन यादव ने कहा कि बिहार की जनता विकास चाहती है, इसलिए फिर एनडीए सरकार बनाने जा रही है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस लगातार मतदाता सूची पर सवाल उठा रहे हैं और यहां तक आरोप लगाए जा रहे हैं कि कई राज्यों की सरकार ही चुरा ली गई। इतना ही नहीं, कांग्रेस विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भी सरकार और चुनाव आयोग पर हमले बोल रही है।

# सीतामढ़ी में सीएम योगी की हुंकार, बोले- जो राम का नहीं, वह हमारे किसी काम का नहीं

**सीतामढ़ी।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सीतामढ़ी जिले के परिहार और सुरसंड विधानसभाओं में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

परिहार से भाजपा प्रत्याशी गायत्री देवी और सुरसंड से जदयू प्रत्याशी नागेंद्र राउत के पक्ष में विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि बिहार की जनता अब पहचान का संकट से निकलकर, विकास का विकल्प चुन रही है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने भगवान श्रीराम और जानकी पर सवाल उठाए उनको सबक सिखाना है, क्योंकि जो राम का नहीं है, वह हमारे किसी काम का नहीं है।

माता जानकी की जन्मभूमि की धरती को नमन करते हुए सीएम योगी ने कहा कि यह वही क्षेत्र है जिसे भगवान श्रीराम के अनुज लक्ष्मण के वंशजों ने संरक्षित किया था। यह माता सीता की भूमि है, जिसे नमन करना हर भारतीय का सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि परिहार और गोरखपुर के बीच आस्था और संस्कार का गहरा रिश्ता है। यहां के लोग गोरखनाथ बाबा को खिचड़ी चढ़ाने आते हैं, गोरखपुर के बाजारों में यहीं के लोगों की पहचान है। यह हजारों वर्षों की एक साझा विरासत है, राम और जानकी की विरासत।

सीएम योगी ने जनता से सवाल किया कि वे लोग कौन थे, जिन्होंने बिहार के नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया?

उन्होंने कहा कि जिस बिहार ने देश को बुद्ध, महावीर, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, जयप्रकाश नारायण और कर्पूरी ठाकुर दिए, उस बिहार को राजद और कांग्रेस ने भ्रष्टाचार और अराजकता में झोंक दिया



था। सीएम योगी ने कहा कि बिहार के नौजवानों ने अपनी मेधा से दुनिया में नाम कमाया, लेकिन कांग्रेस-राजद ने उसी बिहार की पहचान धूमिल की। अब बिहार की जनता ठगी के मायाजाल में नहीं फंसेगी। मुख्यमंत्री योगी ने विपक्ष पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस और राजद ने भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण का विरोध किया था। उन्होंने कहा, 'वे कहते थे राम हुए ही नहीं, उन्होंने रथयात्रा रोकी, रामभक्तों पर गोलियां चलवाई। लेकिन हमने कहा था 'राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे' और आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन गया है।'

उन्होंने यह भी बताया कि अब माता जानकी के धाम सीतामढ़ी में भी भव्य मंदिर निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है। यह काम केवल एनडीए ही कर सकता है।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए परिवर्तन का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली है। उन्होंने कहा कि आज बिहार में सड़क, बिजली, पानी, रेलवे और एयर कनेक्टिविटी सब बेहतर हुई है। हर जिले में मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज खुले हैं। गरीब कल्याणकारी योजनाओं से हर परिवार तक राहत पहुंची है।

उन्होंने कहा कि 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, 50 करोड़ को स्वास्थ्य बीमा, 12 करोड़ को उज्ज्वला योजना, 4 करोड़ को आवास और 3 करोड़ को मुफ्त बिजली कनेक्शन मिले हैं। यह एनडीए की सरकार ही है जो बिना भेदभाव हर गरीब तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है।

सीएम योगी ने जनता से आह्वान करते हुए कहा कि जो राम का नहीं, वह हमारे किसी काम का नहीं। अब बिहार में भी यूपी की तरह माफिया राज समाप्त होगा। जो खानदानी माफिया हैं, उनकी उलटी गिनती शुरू हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि जैसे उत्तर प्रदेश में माफिया पस्त हुआ, वैसे ही बिहार में भी एनडीए की सरकार बनते ही माफिया का अंत निश्चित है। योगी ने जनता से अपील करते हुए कहा कि भाजपा की गायत्री देवी और जदयू के नागेंद्र राउत को भारी मतों से विजयी बनाइए। कमल और तीर के निशान पर बटन दबाकर बिहार को विकास के पथ पर अग्रसर करिए।

# सुवेंदु अधिकारी ने लगाया केएमसी पर अवैध तरीके से जन्म प्रमाणपत्र जारी करने का आरोप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने गुरुवार को कोलकाता नगर निगम (केएमसी) पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि केएमसी अवैध तरीके से जन्म प्रमाणपत्र जारी कर रहा है।

इन प्रमाणपत्रों का मकसद वास्तविक नागरिकों की मदद नहीं, बल्कि उन संदिग्ध व्यक्तियों को फायदा पहुंचाना है जिनके नाम विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान मतदाता सूची से हटाए जा सकते हैं।

सुवेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर चुनाव आयोग से तत्काल जांच की मांग की। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, 'यह मतदाता सूची में हेरफेर करने और लोकतंत्र को कमजोर करने का घोर प्रयास है। जन्म प्रमाणपत्र देश के नागरिकों के लिए कानूनी दस्तावेज हैं, जो आमतौर पर नवजात शिशुओं या दुर्लभ मामलों में देरी से पंजीकरण के लिए जारी होते हैं। ये राजनीतिक हथियार नहीं हैं, जिनका उद्देश्य वोट बैंक के लिए जनसांख्यिकी बदलना हो।'

सुवेंदु अधिकारी ने केएमसी स्वास्थ्य विभाग में आरटीआई दाखिल की, जिसमें पिछले 30 दिनों में जारी जन्म प्रमाणपत्रों के विस्तृत आंकड़े मांगे गए।

दूसरा, केएमसी आयुक्त को पत्र लिखकर 6 अक्टूबर से 5 नवंबर 2025 तक के आंकड़े मांगे, साथ ही 2024 की इसी अवधि से तुलना की।

इसमें कुल जारी प्रमाणपत्र, केएमसी क्षेत्र से बाहर गैर-निवासियों को दिए गए प्रमाणपत्र, 2007 से पहले जन्मे लोगों के देरी से पंजीकरण वाले मामले और हाल के जन्मों के प्रमाणपत्र शामिल हैं। उन्होंने जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के तहत कानूनी मानदंडों को तोड़ने की कोशिश को बर्दाश्त न करने की चेतावनी दी।

सुवेंदु अधिकारी ने कहा, 'तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) एसआईआर प्रक्रिया को बदनाम करने की कोशिश कर रही है, जबकि अवैध घुसपैठिए बंगाल छोड़कर भाग रहे हैं।'

यह आरोप चुनाव आयोग के एसआईआर अभियान के बीच आया है, जो 4 नवंबर 2025 से शुरू हुआ। इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को साफ-सुथरा बनाना है, जिसमें जन्म प्रमाणपत्र जैसे दस्तावेज नागरिकता साबित करने के लिए मान्य हैं। भाजपा का दावा है कि 2020 से 'दुआरे सरकार' जैसी योजनाओं के नाम पर बैकडेटेड और नकली प्रमाणपत्र जारी हो रहे हैं, जो अवैध घुसपैठियों (खासकर बांग्लादेशी और रोहिंग्या) को वोटर बनने में मदद करते हैं।

# बालाघाट में दंपति की गला रेतकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**बालाघाट।** मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में दंपति की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई। पति का शव बेडरूम में, जबकि महिला का रक्तरंजित शव रसोई में मिला। हत्या की वजह का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि वारदात रात में अंजाम दी गई, जिसका पता गुरुवार सुबह चला।

पुलिस के अनुसार, रमेश हाके पत्नी पुष्प कला के साथ कटंगी के वार्ड क्रमांक दो के नत्थी टोला में रहता था। रमेश सरकारी विभाग में वाहन चालक था और सेवानिवृत्त हो चुका था। उसके दो बेटे हैं और दोनों नागपुर में रहते हैं। गुरुवार सुबह जब दूधवाला घर पहुंचा तो उसे घर का दरवाजा खुला हुआ मिला। उसने पड़ोसियों को इसकी सूचना दी।

पड़ोसी इकट्ठा हुए। जब लोगों ने अंदर जाकर देखा तो दंपति के शव खून से सने पड़े थे। रमेश का शव जहां बेडरूम में मिला, वहीं उसकी पत्नी का शव रसोई घर में पड़ा था।

दोहरे हत्याकांड की सूचना पर पहुंची पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घर को सील कर दिया। जांच के लिए डॉग स्क्वाड की मदद ली गई। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि रात को दंपति के घर कौन आया था और वारदात की आखिर वजह क्या है।

पुलिस थाने के प्रभारी धर्मेंद्र कुसराम का कहना है कि मामले की जांच में डॉग स्क्वाड और एफएसएल आदि टीम की मदद ली जा रही है।

उधर, इस हत्याकांड के बाद से क्षेत्र के लोग दहशत में हैं। पुलिस की जांच के बाद ही यह खुलासा हो पाएगा कि हत्या में कौन लोग शामिल हैं और उन्होंने हत्या क्यों की । बालाघाट जिले में लगभग डेढ़ माह पहले भी व्यापारी दंपति की हत्या हुई थी।

# 'ठगबंधन में न कोई स्वीकार्य नेता और न नीयत', चुनाव के बीच राजद और जदयू में वार-पलटवार

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में जारी मतदान के बीच जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के बीच घमासान मचा है। दोनों दलों ने सोशल मीडिया पर एक-दूसरे पर वार-पलटवार किए हैं।

राजद ने गुरुवार को दावा किया कि एनडीए में शामिल पार्टियों के नेता और कार्यकर्ता अपने सहयोगी दलों को वोट नहीं दे रहे हैं। पार्टी ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, 'अंदर के मतभेद का अंडर करंट अब सामने आने लगा है। जदयू वाले भाजपा और लोजपा को वोट नहीं डाल रहे हैं। वहीं भाजपा और लोजपा वाले जदयू को वोट नहीं डाल रहे हैं।'

मतदाताओं से तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने की अपील करते हुए राजद ने आगे लिखा, 'अपने-अपने षड्यंत्र, अपनी-अपनी महत्वाकांक्षाएं और अपने-अपने मुख्यमंत्री उम्मीदवार, इस सिरफुटव्वल और घात भीतरघात में अपना वोट आपको बर्बाद नहीं करना है।'

राजद के इन दावों के बाद जदयू ने पलटवार किया और 'एक्स' पर लिखा, 'टूटे-फूटे लालटेन के सहारे सत्ता का दिवास्वप्न देख रहे इस ठगबंधन में न कभी कोई स्वीकार्य नेता रहा है, न नीयत। स्वार्थ की बैसाखी पर टिका यह गिरोह अब कुछ ही दिनों का मेहमान है। इसके बाद न इनके नेता दिखेंगे, न कार्यकर्ता।'

नीतीश कुमार की पार्टी ने मतदाताओं से आग्रह करते हुए लिखा, 'इन लालची बंदरों के चक्कर में अपना वोट बर्बाद न करें, अपना वोट बिहार के विकास के लिए दें।'

जदयू ने आगे लिखा, 'झूठ की बुनियाद पर बनी इमारत ढहने को है। अब रुझान नहीं, परिणाम आने वाला है और वो भी एनडीए के प्रचंड बहुमत के साथ।'

गौरतलब है कि पहले चरण में 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों के लिए सुबह 7 बजे मतदान जारी है। मतदान केंद्र पर सुबह से ही मतदाताओं की कतारें लगी हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, दोपहर 1 बजे तक 42.31 प्रतिशत मतदान हुआ है।

पहले चरण में 1314 उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर है, जिनमें 1192 पुरुष और 122 महिला उम्मीदवार शामिल हैं।

## 2005 से पहले शाम ढलते ही लोग घरों में दुबक जाते थेः नीतीश कुमार

**जमुई।** बिहार विधानसभा चुनाव में गुरुवार को जारी पहले चरण की 121 सीटों पर मतदान के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जमुई पहुंचे और एक चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने 2005 से पहले की सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि 2005 से पहले शाम ढलते ही लोग घरों में दुबक जाते थे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चुनावी सभा को संबोधित किया। कहा कि आप सभी जानते हैं कि हमारी सरकार 24 नवंबर 2005 को सत्ता में आई थी और 20 साल से सत्ता में है। इन 20 वर्षों में हमारी सरकार ने बिहार में विकास कार्य किया। पूर्व की सरकारों को निशाने पर लेते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि पिछली सरकार ने राज्य को बहुत बुरी हालत में छोड़ दिया था।

# नीतीश कुमार के कार्यकाल में कोई जातीय या सांप्रदायिक दंगा नहीं हुआः जीतन राम मांझी

**गया।** बिहार विधानसभा चुनाव में गुरुवार को प्रथम चरण के लिए मतदान जारी है। प्रथम चरण में राज्य की 121 सीटों के लिए मतदान होना है। इस बीच केंद्रीय मंत्री और 'हम' के संस्थापक जीतन राम मांझी ने मतदाताओं से जंगलराज के खिलाफ एनडीए के पक्ष में वोट डालने की अपील की है।

केंद्रीय मंत्री और हम के संस्थापक जीतन राम मांझी कहते हैं कि नीतीश कुमार निष्पक्षता से प्रशासन चला रहे हैं और विकास हो रहा है। पहले, जब हम इस क्षेत्र में रहते थे, तो दिन में केवल 6-7 घंटे बिजली उपलब्ध होती थी। आज, बिहार को बिजली 23-24 घंटे उपलब्ध रहती है।

केंद्रीय मंत्री मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार में सड़कों का जाल बिछा दिया है। पहले गया से पटना 4-5 घंटों में जाते थे और अब सवा घंटे में पहुंच जाते हैं। स्कूल में शिक्षक पहुंच रहे हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतरीन काम हुआ है। अस्पतालों की संख्या बढ़ी है।

उन्होंने कहा कि यह सब दर्शाता है कि बिहार में सुशासन है। यह सुशासन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की वजह से है। इसलिए हम मतदाताओं से आग्रह करेंगे कि आप एनडीए के पक्ष में मतदान करें।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस-राजद के शासनकाल में बिहार जिस तरह से जंगलराज और माफिया राज की भेंट चढ़ गया था, राज्य की जनता अभी उसको भूली नहीं है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास की सीढ़ियां चढ़ी हैं। इसलिए हम मतदाताओं से एनडीए के पक्ष में वोट डालने की अपील करते हैं।

केंद्रीय मंत्री और हम के संस्थापक जीतन राम मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार के कार्यकाल में किसी भी तरह का कोई जातीय दंगा या धार्मिक अशांति नहीं हुई। कानून-व्यवस्था के लिहाज से भी स्थिति नियंत्रण में रही है। मोकामा में एक घटना हुई, तब भी जरूरत पड़ने पर हमने अपने पक्ष के लोगों को जेल में डालने में कोई संकोच नहीं किया। नीतीश कुमार का मूल सिद्धांत है कि वे न तो किसी को फंसाते हैं और न ही किसी को गलत तरीके से बचाते हैं।

# फर्जी बम धमकी ईमेल के पीछे की मुख्य आरोपी महिला गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में स्कूलों को भेजे गए फर्जी बम धमकी ईमेलों के सनसनीखेज मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। उत्तरी संभाग साइबर क्राइम पुलिस ने तमिलनाडु की रहने वाली सॉफ्टवेयर इंजीनियर को गिरफ्तार किया है।

यह गिरफ्तारी बॉडी वारंट पर गुजरात के अहमदाबाद जेल से बेंगलुरु लाने के बाद हुई। आरोपी ने कथित रूप से एक पुरुष सहकर्मी के प्रेम प्रस्ताव को ठुकराने के बदले में उसे फंसाने के लिए यह साजिश रची थी। उसके खिलाफ गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु समेत 11 राज्यों में 21 से अधिक मामले दर्ज हैं।

मामला 14 जून 2025 को तब शुरू हुआ जब कलसी पाल्या क्षेत्र के एक पब्लिक स्कूल को बम धमकी वाला ईमेल मिला। स्कूल प्रिंसिपल ने तुरंत कलसी पाल्या थाने में शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान शहर पुलिस आयुक्त के निर्देश पर मामला उत्तरी संभाग साइबर क्राइम यूनिट को सौंप दिया गया।

साइबर एक्सपर्ट ने ईमेल के आईपी एड्रेस, वीपीएन ट्रेल और वर्चुअल नंबर्स का पीछा किया। आरोपी ने 'गेटकोड' ऐप से वर्चुअल मोबाइल नंबर्स हासिल कर 6-7 व्हाट्सएप अकाउंट्स बनाए थे और टोर ब्राउजर और डार्क वेब का इस्तेमाल कर अपनी लोकेशन छिपाई। जांच में पता चला कि बेंगलुरु के कलसी पाल्या में ही 6 अन्य स्कूलों को इसी तरह की धमकियां भेजी गई।



आरोपी चेन्नई में एक प्रमुख एमएनसी में सीनियर कंसल्टेंट और रोबोटिक्स इंजीनियर थी। उसने बेंगलुरु प्रोजेक्ट के दौरान एक सहकर्मी, दिविज प्रभाकर, से एकतरफा प्यार किया। दिविज ने फरवरी 2025 में किसी और से शादी कर ली। गुस्से में आकर रेने ने दिविज के नाम पर फर्जी ईमेल आईडी बनाई। इनसे स्कूलों, अस्पतालों और स्टेडियमों को धमकियां भेजीं, ताकि दिविज पर शक हो।

एक ईमेल में लिखा, 'गुजरात विमान दुर्घटना जैसा विस्फोट आपके स्कूलों में होगा।' 12 जून 2025 की अहमदाबाद एयर इंडिया फ्लाइट क्रैश (274 मौतें) के बाद बीजे मेडिकल कॉलेज को भेजे ईमेल में दावा किया, 'हमने ही प्लेन क्रैश किया, अब तुम्हें पता चला कि हम मजाक नहीं कर रहे।'

बाबासाब नेमागौड़, डीसीपी उत्तर ने बताया कि आरोपी महिला को अहमदाबाद, गुजरात में एक अलग मामले में गिरफ्तार किया गया था। जांच में हमें पता चला कि उसने कई स्कूलों को धमकी भरे ईमेल भेजे थे, उसे बॉडी वारंट पर बेंगलुरु लाया गया और आगे की जांच की जा रही है।

P-09:28 paga09_jhn.qxd 11/6/2025 5:16 PM Page 1



# चिराग पासवान की वोटर्स से अपील-जो आपके भविष्य के लिए अच्छा हो, उसे करें वोट

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को पहले चरण के लिए वोटिंग जारी है। इस बीच केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि यह मतदान का पहला चरण है। सबसे पहले मैं अपने सभी मतदाता भाइयों और बहनों से अपील करना चाहूंगा कि वे अपने सबसे महत्वपूर्ण अधिकार यानी मतदान के अधिकार का प्रयोग जरूर करें। आप जिस पर विश्वास करते हैं, जिस पर आपको भरोसा है कि वह आपके भविष्य के लिए सही नेतृत्व प्रदान करेगा, उसे वोट दें।



चिराग ने आगे कहा, 'मैं चाहता हूं कि बिहार में आज पहले चरण में रिकॉर्ड मतदान हो। मैं खुद भी मतदान करने जा रहा हूं।''

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की बुधवार को हरियाणा चुनाव को लेकर हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस पर चिराग पासवान ने कहा कि राहुल गांधी यह भी बताएं कि जो आरोप लगा रहे हैं, क्या यह संभव है। अगर उनके पास सबूत है तो बताएं। उन्होंने कहा कि क्या यह संभव है कि एक व्यक्ति शारीरिक रूप से 22 जगहों पर जाकर मतदान करें। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जो आरोप लगाते हैं, वे कोर्ट का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाते? यह जिम्मेदारी सरकार की नहीं है।

जब आप मतदान में विसंगतियों की शिकायतें करते हैं तो चुनाव आयोग एसआईआर लाता है, लेकिन आपको उससे भी समस्या है। अगर उन्हें अपने पास मौजूद जानकारी पर इतना भरोसा है तो उन्हें अदालत का दरवाजा खटखटाना चाहिए।

एक मीडिया पोस्ट में चिराग ने लिखा कि साथियों! बिहार के चल रहे विधानसभा चुनाव का आज प्रथम चरण का मतदान होना है। ऐसे में जरूरी है अधिक से अधिक संख्या में मतदान करना। आप सभी से विनम्र अपील है कि अपने-अपने नजदीकी मतदान केंद्रों पर जाकर अवश्य मतदान करें। आपका मत, बिहार के विकास और सशक्त लोकतंत्र की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# केंद्रीयमंत्री सुकांत मजूमदार के काफिले पर हमले का आरोप, भाजपा-टीएमसी में झड़प

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के नवद्वीप में बुधवार देररात केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री और प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के काफिले पर हमले का आरोप लगा है। मजूमदार पार्टी के कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद लौट रहे थे।

भाजपा ने आरोप लगाया है कि काफिला नवद्वीप के मुख्य बस स्टैंड के पास टीएमसी और भाजपा समर्थकों के बीच झड़प के दौरान फंस गया। इसी दौरान सत्तारूढ़ दल के कुछ कार्यकर्ताओं ने काफिले की गाड़ी पर हमला कर दिया। मजूमदार का दावा है कि हमला पूरी तरह उकसावे के बिना किया गया और हमलावर नशे की हालत में थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा के कई कार्यकर्ताओं को बुरी तरह पीटा गया, जिनमें कुछ गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना के बाद मंत्री का काफिला वहां से सुरक्षित निकल गया।

स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व ने सभी आरोपों को खारिज किया है। नवद्वीप नगर पालिका के चेयरमैन बिमान साहा का कहना है कि तनाव तब शुरू हुआ जब भाजपा समर्थकों ने टीएमसी की ट्रेड यूनियन शाखा आईएनटीटीयूसी के एक स्थानीय कार्यालय पर हमला किया। इसके बाद बस स्टैंड के पास आईएनटीटीयूसी समर्थकों के विरोध प्रदर्शन के दौरान दोनों गुटों में फिर से भिड़ंत हो गई।

गौरतलब है कि हाल के महीनों में राज्य में भाजपा नेताओं के काफिलों पर हमले की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। पिछले महीने मालदा जिले से भाजपा सांसद खगेन मुर्मू के वाहन पर जलपाईगुड़ी में हमला हुआ था, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हुए और अभी भी इलाजरत हैं। इसी तरह, अक्टूबर में दार्जिलिंग से भाजपा सांसद राजू बिष्ट के काफिले पर भी सुकिया पोखरी क्षेत्र में तृणमूल समर्थकों द्वारा हमले का आरोप लगा था।

# वोट डालने के बाद लालू परिवार ने किया आग्रह, बिहार में बदलाव के लिए जनता करे वोट

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बीच पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने गुरुवार को कहा कि मेरी सभी से अपील है कि वे वोट जरूर डालें। मैं सभी का धन्यवाद करती हूं और सभी से वोट डालने का आग्रह करती हूं।

पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान पूर्व सीएम ने कहा कि बिहार की जनता इस बार बदलाव करने जा रही है और महागठबंधन की सरकार आ रही है। राजद नेता और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने अपने पूरे परिवार के साथ मतदान किया। राजद नेता मीसा भारती ने भी वोट डाला।

वोट डालने के बाद मीसा भारती ने मीडिया से कहा कि मैं बस इतना कहना चाहती हूं कि सभी को अपने बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए वोट देना चाहिए।

उन्होंने कहा मुझे संख्या की चिंता नहीं है, लेकिन हम निश्चित रूप से सरकार बनाने जा रहे हैं, क्योंकि युवा



यही चाहते हैं और वे अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। युवाओं और बिहार की जनता ने तय कर लिया है कि इस बार तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। इस बार महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है।

मीसा भारती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि इस बार मतदान सरकारी नौकरी और रोजगार के लिए, इस बार मतदान नए बिहार के लिए।

लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया पोस्ट एक्स पर लिखा कि बदलेगा बिहार बदलें सरकार। बिहार की जागरूक जनता जनार्दन से करबद्ध अनुरोध है कि बिहार बदलने के लिए राष्ट्रीय जनता दल महागठबंधन, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में सक्रियता से आगे आकर बढ़चढ़ कर मतदान करें और बिहार में पढाई, दवाई, कमाई, सुनवाई, कार्रवाई के प्रण वाली तेजस्वी सरकार का आना सुनिश्चित करें।

एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा कि ये चुनाव धर्मयुद्ध है, जो जनता नीतीश सरकार के खिलाफ लड़ रही है। विजय सत्य की होगी।

# बिहार विधानसभा चुनाव : पहले चरण में 121 सीटों पर मतदान के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध

**पटना।** बिहार में गुरुवार की सुबह सात बजे से विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 121 सीटों पर मतदान का कार्य शुरू हो गया। मतदान को लेकर सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।` ` पहले चरण में 121 विधानसभा सीटों के 3.75 करोड़ से ज्यादा मतदाता 1314 उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगे।

इस चरण में एनडीए और महागठबंधन के कई दिग्गजों का सियासी भविष्य दांव पर लगा है।` ` चुनाव के पहले चरण में जिन 121 सीटों पर मतदान होना है, उनमें एनडीए के 121 उम्मीदवार और महागठबंधन के 126 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।`

मतदान को लेकर सुरक्षा का कड़े प्रबंध किए गये हैं। चुनाव आयोग ने बिहार चुनाव में लगभग 8.5 लाख चुनाव अधिकारियों को तैनात किया है। इसमें लगभग 4.53 लाख मतदान कर्मी, 2.5 लाख पुलिस अधिकारी, 28, 370 मतगणना कर्मी, 17, 875 माइक्रो ऑब्जर्वर, 9, 625 सेक्टर अधिकारी, मतगणना के लिए 4, 840 माइक्रो ऑब्जर्वर और 90, 712 आंगनवाड़ी सेविकाएं शामिल हैं।

90, 712 बीएलओ और 243 ईआरओ सहित चुनाव मशीनरी मतदाताओं के लिए फोन कॉल पर और ईसीआईनेट ऐप पर बुक-ए-कॉल टू बीएलओ सुविधा के माध्यम से



उपलब्ध है।`

मतदान शुरू होने के पहले से ही कई मतदान केंद्रों पर के मतदाता पहुंच गये है। सभी मतदान केंद्रों पर सशस्त्र पुलिस बलों को तैनात किया गया है।` इस चरण में मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, पटना और भोजपुर जिलों में मतदान का कार्य शुरू हुआ है।

पहले चरण के मतदान में कई पार्टियों के अध्यक्षों के भी भविष्य तय होंगे। एनडीए की बात करें तो भाजपा के 48 प्रत्याशी, जदयू के 57, लोजपा (रामविलास) के 14 और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। महागठबंधन की तरफ से राजद के 73 उम्मीदवार, कांग्रेस के 24, भाकपा माले के 14, वीआईपी के 5, माकपा के 3 और भाकपा के 5, इंडियन इंकलाब पार्टी के 3 उम्मीदवार चुनाव में ताल ठोक रहे हैं।

# पश्चिम बंगाल में एसआईआर अभियान की रफ्तार तेज, दो दिन में 1.10 करोड़ फॉर्म वितरित

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान ने पहले दो दिनों में ही जोर पकड़ लिया। बुधवार रात 10 बजे तक कुल 1.10 करोड़ से अधिक एन्यूमरेशन फॉर्म मतदाताओं तक पहुंचाए जा चुके हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पहले दिन चार नवंबर को करीब 18 लाख फॉर्म वितरित हुए थे, जबकि दूसरे दिन 05 नवंबर की शाम चार बजे तक यह संख्या बढ़कर 66 लाख हो गई थी। देर रात तक जारी वितरण अभियान ने दोनों दिनों का संयुक्त आंकड़ा 1.10 करोड़ पार गया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने बताया कि हाउस-टू-हाउस विजिट के दौरान बूथ लेवल अधिकारी और बूथ लेवल एजेंट निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप सक्रिय हैं और अभियान सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है। रात 8:00 तक यह संख्या एक करोड़ 10 लाख पर पहुंची है। आयोग ने मतदान योग्य व्यक्तियों तक फॉर्म पहुंचाने तथा समयबद्ध सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

राज्य में कुल 80 हजार 681 बूथ लेवल अधिकारी तैनात हैं, जबकि राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों की संख्या 70 हजार से अधिक बताई गई है। जिला निर्वाचन अधिकारियों ने सभी दलों से प्रति बूथ अधिकतम एक एजेंट नियुक्त करने का आह्वान दोहराया है, ताकि सत्यापन कार्य में व्यवधान न हो।

वर्तमान में राज्य में कुल सात करोड़ 66 लाख 37 हजार 529 पंजीकृत मतदाता हैं और यह अभियान सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में जारी है। वर्ष 2002 के अंतिम व्यापक पुनरीक्षण में शामिल मतदाताओं से केवल आवश्यक विवरण भरकर फॉर्म जमा करने का अनुरोध किया गया है।

इसी सिलसिले में चुनाव आयोग की तीन सदस्यीय केंद्रीय टीम आठ नवम्बर तक कूचबिहार, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जिलों का दौरा कर अभियान की प्रगति की समीक्षा करेगी।

# 'शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण करती है, सिर्फ मंदिर जाकर मैं शिक्षक नहीं बनूंगा', वोट डालने के बाद बोले खेसारी लाल यादव

**छपरा।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में गुरुवार को 121 सीटों पर मतदान जारी है। भोजपुरी फिल्मों के लोकप्रिय गायक-अभिनेता और छपरा सीट से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के उम्मीदवार खेसारी लाल यादव ने वोट डाला।

वोटिंग के बाद वे अपने चिर-परिचित अंदाज में नजर आए और राम मंदिर पर दिए पुराने बयान पर कायम रहते हुए कहा कि मंदिर में पढ़कर मैं मास्टर नहीं बन जाऊंगा। उन्होंने प्रदेश में अच्छे विश्वविद्यालय और शिक्षण संस्थानों की जरूरत पर जोर दिया। साथ ही, बिहार में विकास के लिए सरकार बदलने की आवश्यकता पर बल दिया।

चुनाव के दौरान भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार पवन सिंह के बयान को लेकर खेसारी लाल यादव ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि मुझ पर टिप्पणी करने वालों का बिहार के विकास से कोई लेना-देना नहीं है। मैं यहां किसी व्यक्ति से लड़ने नहीं आया हूं, बल्कि



बिहार के विकास, बेहतर शिक्षा, पलायन रोकने, नौकरी, रोजगार और अस्पतालों के लिए आया हूं। मेरा मानना है कि जब तक यह सरकार नहीं हटेगी, तब तक बिहार में बेहतर विकास की कल्पना भी नहीं की जा सकती। सरकार नहीं बदलेगी तो विकास नहीं हो सकता।

राम मंदिर पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मैं अपने पुराने बयान पर कायम हूं। आस्था रखना अच्छी बात है, लेकिन सिर्फ मंदिर जाने से क्या मैं शिक्षक बन जाऊंगा? राम मंदिर जाने से क्या मैं प्रोफेसर या अधिकारी बन जाऊंगा? नहीं। आस्था एक निजी मामला है, लेकिन शिक्षा ही राष्ट्र का निर्माण करती है। तो हां, मंदिर बनाइए, मस्जिद बनाइए, जो चाहें बनाइए, लेकिन अच्छे विश्वविद्यालय भी बनाइए। हमारे बच्चों की शिक्षा और उनके भविष्य के लिए काम कीजिए। लोगों को रोजगार दीजिए। हम ट्रंप जैसे किसी को वोट नहीं देते, हम अपने नेताओं को वोट देते हैं, इस उम्मीद में कि वे हमारे लिए काम करेंगे। आप राम मंदिर भी बनाइए, लेकिन साथ ही हमारे बच्चों के भविष्य के लिए बेहतर विश्वविद्यालय भी बनाएं।

जनता से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि आपको वोट जरूर देना चाहिए क्योंकि यही आपके बच्चों का भविष्य तय करेगा। मैंने नाश्ता नहीं किया है। मैं उठा और वोट देने आया हूं। अगर मैं वोट नहीं डालूंगा, तो दूसरों को कैसे प्रेरित कर पाऊंगा? जिसे चाहो वोट दो, लेकिन यही आपके बच्चों का भविष्य तय करेगा।

# युवाओं ने बदले उम्मीदों के रंगः बिहार चुनाव में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार बने प्रमुख मुद्दे

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में गुरुवार को राज्यभर में मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विशेष रूप से युवाओं में मतदान को लेकर उत्साह देखने को मिला। पहली बार वोट डालने पहुंचे युवा मतदाता जहां गर्व और जिम्मेदारी की भावना से ओतप्रोत दिखाई दिए, वहीं उन्होंने राज्य में बदलाव, विकास और रोजगार की दिशा में नई उम्मीदें भी जताई।

राजधानी पटना के मतदान केंद्रों पर सुबह से ही युवाओं की लंबी कतारें देखी गई। पहली बार मतदान करने वाली पटना की शीतल ने कहा, 'यह मेरे जीवन का बेहद खास पल है। पहली बार वोट डालकर गर्व महसूस हो रहा है। मैं चाहती हूं कि बिहार में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार हो ताकि राज्य की छवि बदले। '

सारण जिले में मतदान करने पहुंचे एक युवा मतदाता ने कहा कि उन्होंने इस दिन का लंबे समय से इंतजार किया था। उन्होंने कहा, 'पहले थोड़ा घबराहट थी कि मतदान की प्रक्रिया कैसी होगी, लेकिन वोट डालने के बाद बहुत गर्व महसूस हुआ। मैं चाहता हूं कि हमारे नेता विकास और शिक्षा पर गंभीरता से काम करें। बिहार को अब अपनी पुरानी छवि से बाहर निकलना चाहिए। '

शेखपुरा जिले के एक मतदाता ने भी इसी भाव को दोहराते हुए कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत किए बिना बिहार का विकास संभव नहीं। उन्होंने कहा, 'सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और अस्पतालों की बेहतर व्यवस्था सबसे बड़ी आवश्यकता है। '

सीतामढ़ी की मतदाता इश्रत ने शिक्षा व्यवस्था की कमियों पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'सरकारी स्कूलों में पढ़ाई का स्तर बेहद कमजोर है। शिक्षकों की अनुपस्थिति और नियमित कक्षाओं की कमी बच्चों के भविष्य पर प्रभाव डाल रही है। '

मुजफ्फरपुर की पहली बार मतदान करने वाली अमीदा ने कहा कि उन्होंने बिहार के सर्वांगीण विकास के लिए वोट दिया है। उनका कहना था कि नई सरकार को रोजगार के अवसर बढ़ाने पर प्राथमिकता देनी चाहिए, ताकि युवाओं को पलायन न करना पड़े।

सीवान जिले में भी शांतिपूर्ण मतदान के बीच मतदाताओं ने रोजगार और स्वास्थ्य को सबसे अहम मुद्दा बताया। एक मतदाता ने कहा, 'युवाओं के पास काम नहीं है। नौकरी और शिक्षा सबसे बड़ी चुनौतियाँ हैं। हमने इन्हीं मुद्दों को ध्यान में रखते हुए अपना मत दिया है। '

दूसरी ओर, मतदान केंद्रों पर महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। पटना के दिग्गा विधानसभा क्षेत्र में एक 'पिंक बूथ' पर तैनात महिला पीठासीन अधिकारी ने बताया कि मतदान की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई थीं और सुबह सात बजे से शांतिपूर्ण ढंग से मतदान प्रक्रिया शुरू हुई।

उन्होंने कहा, 'मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सभी कर्मियों ने पूरी तत्परता से कार्य किया। महिलाओं में मतदान को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। '

चुनाव आयोग के अनुसार, पहले चरण में राज्य के 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ। कुल 3 करोड़ 75 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के पात्र थे, जिनमें लगभग 1.98 करोड़ पुरुष, 1.76 करोड़ महिलाएं और 758 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल थे।

राज्यभर में 45,341 मतदान केंद्र बनाए गए, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों में 36,733 और शहरी क्षेत्रों में 8,608 केंद्र स्थापित किए गए। इनमें से 926 महिला-प्रबंधित और 107 दिव्यांग-प्रबंधित केंद्र रहे, जबकि 320 केंद्रों को आदर्श मतदान केंद्र घोषित किया गया। सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की सुविधा उपलब्ध रही ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

कुल मिलाकर, बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण ने यह स्पष्ट कर दिया कि राज्य के युवा अब विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को लेकर सजग हैं। उनका मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि बदलाव की दिशा में एक मजबूत संदेश भी है – एक ऐसे बिहार के लिए, जो अवसरों और प्रगति की नई कहानी लिखे।

# पटना के वेटनरी कॉलेज बूथ पहुंचे लालू यादव और तेजस्वी, डाला वोट

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में गुरुवार को पहले चरण के मतदान के तहत 121 विधानसभा सीटों पर मतदान का कार्य चल रहा है। इस बीच, राजद के अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव, राबड़ी देवी और विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव अपने परिवार के साथ पटना के वेटनरी कॉलेज बूथ पहुंचे और मतदान किया।

लालू यादव के साथ उनकी पुत्री मीसा भारती और रोहिणी आचार्य भी पहुंचीं। तेजस्वी के साथ उनकी पत्नी भी वोट देने मतदान केंद्र पहुंचीं और वोट डाला। मतदान करने के बाद पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने लोगों से घरों से निकलकर मतदान करने की अपील की।

राजद नेता और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने कहा कि हम तो यही कहेंगे कि बदलाव ज़रूरी है, नया बिहार बनाएं, नई सरकार बनाएं। बिहार के लोगों से अपील है कि मतदान केंद्र जाएं। बिहार के भविष्य को देखकर



वोट करें। हमारी यही उम्मीद है बिहार की जीत होगी। हम लोग जीतेंगे।

इधर, राबड़ी देवी ने भी बिहार के लोगों से मतदान करने की अपील की। लोग घरों से बाहर निकलें और वोट करें। उन्होंने दावा किया कि इस बार बदलाव होगा। जनता इस बार बदलाव करेगी।

इधर, रोहिणी आचार्य ने कहा कि यह चुनाव गांवों में रोजगार के लिए दर-दर ठोकर खाने वाले हमारे मजदूर भाइयों के लिए है। मुझे विश्वास है कि हमारे लोग, बिहार के लोग, रोजगार देने वाली सरकार चुनेंगे और डबल इंजन सरकार को उखाड़ फेंकेंगे।

सांसद मीसा भारती ने कहा कि लोग सोच-समझकर अपने बच्चों के भविष्य और उनके रोजगार के लिए वोट करें। उल्लेखनीय है कि बिहार में गुरुवार की सुबह सात बजे से विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 121 सीटों पर मतदान का कार्य शुरू हो गया। मतदान को लेकर सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। पहले चरण में 121 विधानसभा सीटों के 3.75 करोड़ से ज्यादा मतदाता 1314 उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगे। इस चरण में एनडीए और महागठबंधन के कई दिग्गजों का सियासी भविष्य दांव पर लगा है।

# शांतिपूर्ण माहौल में दोपहर एक बजे तक 42.31 प्रतिशत हुआ मतदान

**पटना।** बिहार विधानसभा के प्रथम चरण के चुनाव में आज दोपहर एक बजे तक 42.31 प्रतिशत वोट पड़े हैं। राज्य निर्वाचन कार्यालय के अनुसार, प्रथम चरण में विधानसभा की 121 सीट के लिए मतदान जारी है। दोपहर एक बजे तक 45341 मतदान केंद्रों पर कुल 42.31 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान गोपालगंज जिले में सबसे अधिक 46.73 प्रतिशत जबकि पटना जिले में सबसे कम 37.72 प्रतिशत मतदान हुआ है।

दोपहर एक बजे तक मधेपुरा जिले में 44.16 प्रतिशत, सहरसा जिले में 44.20 प्रतिशत, दरभंगा जिले में 39.35 प्रतिशत, मुजफ्फरपुर जिले में 45.41 प्रतिशत, सीवान जिले में 41.20 प्रतिशत, सारण जिले में 43.06 प्रतिशत, वैशाली जिले में 42.60 प्रतिशत, समस्तीपुर जिले में 43.03 प्रतिशत, बेगूसराय जिले में 46.02 प्रतिशत, खगड़िया जिले में 42.94 प्रतिशत, मुंगेर जिले में 41.47 प्रतिशत, लखीसराय जिले में 46.37 प्रतिशत, शेखपुरा जिले में 41.23 प्रतिशत, नालंदा जिले में 41.87 प्रतिशत, भोजपुर जिले में 41.15 प्रतिशत और बक्सर जिले में 41.10 प्रतिशत मतदाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने पटना के एक मतदान केन्द्र में सपरिवार मतदान किया। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि 'विकसित बिहार' के लिए लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए मतदान अवश्य करें।

दरभंगा से यहां प्राप्त समाचार के अनुसार जिले के कुशेश्वरस्थान विधानसभा क्षेत्र सुघराइन पंचायत के चार बूथ पर मतदान पूरी तरह ठप है। लगातार उपेक्षा और सड़क नहीं बनने के विरोध में ग्रामीणों ने मतदान प्रक्रिया का बहिष्कार कर रखा है।ग्रामीणों के विरोध का असर इतना गहरा रहा कि बूथ संख्या 284 (उतक्रमित मध्य विद्यालय सुघराइन, दक्षिणी भाग), 285 (उतक्रमित मध्य विद्यालय सुघराइन उत्तरी भाग), 286 (रेज़्ड प्लेटफ़ॉर्म/हेलिपैड) और 287 (उतक्रमित मध्य विद्यालय सुघराइन मध्य भाग) चारों बूथों पर एक भी वोट नहीं डाला गया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से सड़क निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन लगातार सरकार और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी से वे नाराज़ हैं। इसी कारण एकमत होकर पूरे गांव ने मतदान का बहिष्कार किया।

उल्लेखनीय है कि प्रथम चरण में 121 विधानसभा सीटों के लिये 45341 मतदान केंद्र बनाये गये हैं, जहां तीन करोड़ 75 लाख 13 हजार 302 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं। इनमें एक करोड़ 98 लाख 35 हजार 325 पुरुष, एक करोड़ 76 लाख 77 हजार 219 महिला और 758 तीसरे जेंडर मतदाता शामिल हैं। इन 121 विधानसभा सीटों के लिए 122 महिला और 1192 पुरुष उम्मीदवार चुनावी अखाड़े में उतरे हैं।पहले चरण के चुनाव में सबसे अधिक 20 उम्मीदवार कुढ़नी और मुजफ्फरपुर में वहीं भोरे, अलौली और परबत्ता में सबसे कम पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे हैं।

# केरल जनवरी तक एक व्यापक वर्केशन नीति का मसौदा पेश करेगा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल काम और छुट्टियों के मिश्रण की बढ़ती संस्कृति की संभावनाओं का दोहन करने के लिए अगले साल जनवरी तक एक व्यापक वर्केशन नीति पेश करेगा।

पर्यटन मंत्री पीए मोहम्मद रियास ने कहा कि केरल पर्यटन विभाग पिछले चार वर्षों से राज्य में वर्केशन पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न उपाय कर रहा है। उन्होंने कहा कि केरल को भारत में सर्वश्रेष्ठ वर्केशन गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए, हम उन विभिन्न कारकों पर विचार करेंगे जो वर्केशन अनुभव को बेहतर बना सकते हैं, जिसमें आवश्यक सुविधाओं में सुधार, इंटरनेट कनेक्शन, परिवहन सुविधाएँ आदि शामिल हैं।

मंत्री ने कहा कि केरल की समृद्ध प्राकृतिक सुंदरता, हमारे विश्व स्तरीय बुनियादी ढाँचे के साथ मिलकर, वर्केशन संस्कृति की संभावनाओं का दोहन कर सकती है और पर्यटन क्षेत्र में हमारी प्रगति को और बढ़ावा दे सकती है।

# महिला क्रिकेट विश्व कप स्टार स्नेहा राणा को 50 लाख रुपये देगी धामी सरकार

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली उत्तराखंड की बेटी स्नेहा राणा से दूरभाष पर वार्ता कर टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन और भारत को विजय दिलाने के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने स्नेहा राणा की उपलब्धियों और देश-प्रदेश का गौरव बढ़ाने पर उन्हें 50 लाख की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने स्नेहा राणा को भारतीय क्रिकेट टीम में चयन होने पर बधाई देते हुए कहा कि उत्तराखंड की बेटियां देश को गौरवान्वित कर रही हैं और स्नेहा राणा का प्रदर्शन इसी का उज्ज्वल उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने कहा, 'स्नेहा राणा ने मेहनत, संकल्प और प्रतिभा से उत्तराखंड का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है। उनकी सफलता हमारे युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा है। राज्य सरकार खिलाड़ियों को सर्वोत्तम सुविधाएं और प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है।'' मुख्यमंत्री के सम्मान और प्रोत्साहन राशि की घोषणा पर स्नेहा राणा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह देश व उत्तराखंड का नाम रोशन करने के लिए निरंतर प्रयास करती रहेंगी।

# बिहार में मतदान को लेकर राजस्थान के मुख्यमंत्री की अपील- जिम्मेदारी और जागरूकता से मताधिकार का उपयोग करें

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बिहार की जनता से गुरुवार को विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। मुख्यमंत्री शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि बिहार में आज लोकतंत्र के महापर्व का पहला चरण प्रारंभ हुआ है। सभी मतदाताओं से मेरा आग्रह है कि वे पूरे उत्साह, जिम्मेदारी और जागरूकता के साथ अपने मताधिकार का उपयोग करें। इस अवसर पर पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने जा रहे सभी युवा साथियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं! पहले मतदान, फिर जलपान! उल्लेखनीय है कि बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए राज्य के 18 जिलों में मतदान गुरुवार सुबह 7 बजे शुरू हो गया। इस चुनाव में 121 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान हो रहा है और 1314 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 1192 पुरुष और 122 महिला उम्मीदवार शामिल हैं।

# 17 लाख रुपए की इनामी नक्सली कमला सोड़ी ने किया आत्मसमर्पण, हिंसा का मार्ग छोड़ अपनाई मुख्यधारा

**खैरागढ़-छुईखदान-गंडई।** छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति-2025 तथा विकासोन्मुखी प्रशासनिक प्रयासों से प्रभावित होकर 17 लाख रुपए की इनामी महिला नक्सली कमला सोड़ी उर्फ उंगी उर्फ तरुणा (आयु 30 वर्ष) ने आज पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (केसीजी) के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

कमला सोड़ी वर्ष 2011 से माओवादी संगठन से सक्रिय रूप से जुड़ी हुई थी और इस दौरान उसने मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ (एमएमसी) जोन में भर्ती, प्रचार, हिंसक गतिविधियों और पुलिस बलों पर हमलों की योजना में भूमिका निभाई थी। वह एमएमसी जोन प्रभारी रामदर की टीम की प्रमुख सदस्य रही है। मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा उस पर 17 लाख रूपये का संयुक्त इनाम घोषित था। सुरक्षा बलों द्वारा चलाए जा रहे सतत नक्सल विरोधी अभियानों और शासन की जनहितकारी योजनाओं से प्रेरित होकर कमला सोड़ी ने हिंसा का मार्ग त्यागते हुए समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का निर्णय लिया है।

शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति-2025 के तहत लगातार संवाद, जनजागरण एवं विकास कार्यों के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों में शांति स्थापना की दिशा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हो रही है। इन्हीं प्रयासों से प्रेरित होकर कमला सोड़ी ने मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया।

# हथियारों और विस्फोटकों का जखीरा बरामद

**चुराचांदपुर (मणिपुर)।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बरामद की गई सामग्री में एक 7.62 मिमी एसएलआर राइफल, एक एके-56 राइफल, एक एम4ए1 एमके ढ्ढ्ढ राइफल (यूबीजीएल सहित), चार एसएलआर मैगजीन, तीन एके-56 मैगजीन, दो एम4ए1 मैगजीन, एक देशी एके मैगजीन, 99 एसएलआर राउंड, 151 एके-56 राउंड, एक लेथोड और आठ लेथोड ग्रेनेड शामिल हैं। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान विशिष्ट खुफिया सूचनाओं के आधार पर शुरू किया गया था।

# बिहार में पहले चरण की 121 विधानसभा सीट के लिए मतदान शुरू

**पटना।** बिहार में प्रथम चरण में 121 विधानसभा सीटों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया।

प्रथम चरण में 121 विधानसभा सीटों के लिये 45341 मतदान केंद्रों पर वोटिंग सुबह सात बजे शुरू हो गयी। सुरक्षा कारणों से मुंगेर जिले की तीन सीटें तारापुर, मुंगेर और जमालपुर के अलावा सहरसा जिले की सिमरी बख्तियारपुर, महिषी और लखीसराय जिले की सूर्यगढ़ा सीट के 56 मतदान केन्द्रों पर मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक ही चलेगा वहीं अन्य सीटों पर शाम छह बजे तक मतदान होगा।

राजधानी पटना समेत मतदान वाले 18 जिलों के कई मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की कतारें लग गई हैं। ग्रामीण इलाकों में सुबह-सुबह मतदान करने के इच्छुक मतदाताओं की कतारें ज्यादा लंबी देखी जा रही है।

इन विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। सभी मतदान केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच होने वाले मतदान के दौरान असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। लगातार निगरानी रखने के लिये एक वृहत कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां से राज्यभर की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मतदान प्रक्रिया की लाइव स्ट्रीमिंग की जा रही है।

जिन 121 विधानसभा क्षेत्रों में आज मतदान हो रहा है उनमें आलमनगर, बिहारीगंज, सिंहेश्वर (सुरक्षित), मधेपुरा, सोनबर्षा (सुरक्षित), सहरसा, सिमरी बख्तियारपुर, महिषी, कुशेश्वरस्थान (सुरक्षित), गौराबौराम, बेनीपुर, अलीनगर, दरभंगा ग्रामीण, दरभंगा, हायाघाट, बहादुरपुर, केवटी, जाले, गायघाट, औराई, मीनापुर, बोचहां (सुरक्षित), सकरा (सुरक्षित), कुढ़नी, मुजफ्फरपुर, कांटी, बरुराज, पारू, साहेबगंज, बैकुंठपुर, बरौली, गोपालगंज, कुचायकोट, भोरे (सुरक्षित), हथुआ, सिवान, जीरादेई, दरौली सुरक्षित), रघुनाथपुर, दरौंधा, बड़हरिया, गोरियाकोठी, महराजगंज, एकमा, मांझी, बनियापुर, तरैया, मढ़ौरा, छपरा, गरखा सुरक्षित), अमनौर, परसा, सोनपुर, हाजीपुर, लालगंज, वैशाली, महुआ, राजा




पाकड़ (सुरक्षित), राघोपुर, महनार, पातेपुर (सुरक्षित), कल्याणपुर (सुरक्षित), वारिसनगर, समस्तीपुर, उजियारपुर, मोरवा, सरायरंजन, मोहिउद्दीननगर, विभूतिपुर, रोसड़ा (सुरक्षित), हसनपुर, चेरिया बरियारपुर, बछवाड़ा, तेघड़ा, मटिहानी, साहेबपुर कमाल, बेगूसराय, बखरी (सुरक्षित), अलौली(सुरक्षित), खगड़िया, बेलदौर, परबत्ता, तारापुर, मुंगेर, जमालपुर, सूर्यगढ़ा, लखीसराय, शेखपुरा, बरबीघा, अस्थावां, बिहारशरीफ, राजगीर (सुरक्षित), इस्लामपुर, हिलसा, नालन्दा, हरनौत, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, दीघा, बांकीपुर, कुम्हरार, पटना साहिब, फतुहा, दानापुर, मनेर, फुलवारी (सुरक्षित), मसौढ़ी (सुरक्षित), पालीगंज, बिक्रम, सन्देश, बड़हरा, आरा, अगिआंव(सुरक्षित), तरारी, जगदीशपुर, शाहपुर, ब्रह्मपुर, बक्सर, डुमराँव और राजपुर (सुरक्षित) शामिल है।

इन विधानसभा सीटों के लिए 122 महिला और 1192 पुरुष उम्मीदवार चुनावी अखाड़े में उतरे हैं। इन उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला तीन करोड़ 75 लाख 13 हजार 302 मतदाता 45341 मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन(ईवीएम) का बटन दबाकर करेंगे। इनमें एक करोड़ 98 लाख 35 हजार 325 पुरुष, एक करोड़ 76 लाख 77 हजार 219 महिला और 758 तीसरे जेंडर मतदाता शामिल हैं। इस चरण के मतदान में राष्ट्रीय जनतंत्रिक गठबंधन (राजग) से जिन दिग्गज नेताओं के भाग्य का फैसला होना है उनमें दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, 15 मंत्री विजय कुमार चौधरी, श्रवण कुमार, मंगल पाण्डे, मदन सहनी, नितिन नवीन, महेश्वर हजारी, सुनील कुमार, रत्नेश सदा, केदार प्रसाद गुप्ता, सुरेन्द्र मेहता, संजय सरावगी, डा. सुनील कुमार, जिवेश कुमार, राजू कुमार सिंह और कृष्ण कुमार मंटू के अलावा बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव, राम कृपाल यादव, श्याम रजक, अनंत सिह, अमरेन्द्र पांडेय, हरिनारायण सिंह, उमेश कुशवाहा और मैथिली ठाकुर शामिल हैं। इसी तरह महागठबंधन से जिन दिग्गज नेताओं के भाग्य का फैसला होना है, उनमें मुख्यमंत्री पद का चेहरा तेजस्वी यादव के अलावा अवध बिहारी चौधरी, डा. रामानंद यादव, वीणा देवी, ललित कुमार यादव, विजेन्द्र चौधरी, रेणु कुशवाहा, खेसारी लाल यादव, आलोक मेहता, भाई वीरेन्द्र, अनिरूद्ध यादव, अवधेश राय के नाम शामिल है। इसके अलावा तेज प्रताप यादव, आईपी गुप्ता, शिवदीप लांडे, आनंद मिश्रा, वी.के.रवि, जयप्रकाश सिंह, आर.के.मिश्रा, राम नारायण सिंह, पुष्पम प्रिया, के.सी. सिन्हा समेत अन्य शामिल है।

प्रथम चरण के चुनाव में राजग के घटक जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के 57, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 48, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 13 और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के दो उम्मीदवार चुनावी अखाड़े में उतरे हैं। एक अन्य सीट मढ़ौरा में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की उम्मीदवार भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री सीमा सिंह का नामांकन रद्द होने के बाद राजग ने निर्दलीय उम्मीदवार अंकित कुमार को समर्थन दिया हैं। वहीं महागठबंधन के घटक राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के 71, कांग्रेस के 24, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी (भाकपा माले) के 14, विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के छह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के पांच, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और इंडियन इंक्लूसिव पार्टी (आईआईपी) के तीन-तीन उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे हैं। प्रशांत किशोर की पार्टी जनसुराज से 118 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे हैं। बिहार विधानसभा चुनाव का दूसरा चरण 11 नवंबर को होगा, जिसमें 122 सीटों के लिये मतदान कराया जायेगा। इसके बाद 14 नवंबर को मतगणना होगी और परिणाम घोषित किये जायेंगे।

# माता-पिता और जनता का आशीर्वाद अपनी-अपनी जगह : तेजप्रताप यादव

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को जन शक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और महुआ विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार तेज प्रताप यादव ने मतदान किया।

मतदान के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान तेजप्रताप यादव ने कहा कि बिहार की जनता को अपना वोट जरूर देना चाहिए। हर वोट महत्वपूर्ण है। इसलिए, बिहार की जनता घर से बाहर निकले और मत का इस्तेमाल करें।

पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने बड़े बेटे तेजप्रताप को जीत की शुभकामनाएं दी हैं, उन्होंने कहा कि वह अपने पैर पर खड़ा हो रहा है और एक मां के तौर पर मैं उन्हें आशीर्वाद देती हूं। जब इसे लेकर तेजप्रताप यादव से जवाब मांगा गया तो उन्होंने कहा कि माता-पिता का आशीर्वाद विशेष स्थान रखता है, और जनता के आशीर्वाद का अपना महत्व है।

तेज प्रताप यादव के महुआ से चुनाव लड़ने पर बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने कहा कि मेरा आशीर्वाद तेजप्रताप के साथ है। क्या आप अपने भाई-बहनों को आशीर्वाद नहीं देते।

उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि इस बार बिहार से बेरोजगारी खत्म होने वाली है। गांवों में जो लोग रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं, उन्हें आठ दिन बाद बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्हें बिहार में ही रोजगार मिल जाएगा।

तेजप्रताप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में



लिखा कि हमलोग बिहार के संपूर्ण विकास के लिए पूर्ण रूप से समर्पित और तत्पर हैं। हमारा मकसद बिहार में संपूर्ण बदलाव कर एक नई व्यवस्था का नव निर्माण करना है। हमलोग बिहार के संपूर्ण विकास के लिए लंबी लड़ाई लड़ने को तैयार हैं।

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को 121 सीटों पर पहले चरण के लिए वोटिंग जारी है। मतदान केंद्रों पर भारी संख्या में वोटर अपने मत का प्रयोग करने के लिए पहुंच रहे हैं। दूसरे चरण के लिए 11 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। 14 नवंबर को परिणाम घोषित किया जाएगा।

# तवा से रोटी पलटती रहनी चाहिए नहीं तो जल जाएगी, 20 साल बहुत हुआ: लालू यादव

**पटना।** बिहार चुनाव के पहले चरण की वोटिंग के बीच राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने मतदाताओं से खास अंदाज में अपील की।

लालू प्रसाद यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'तवा से रोटी पलटती रहनी चाहिए नहीं तो जल जाएगी। 20 साल बहुत हुआ! अब युवा सरकार और नए बिहार के लिए तेजस्वी सरकार अति आवश्यक है।''

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के एक्स हैंडल में लिखा, 'याद रखिए तेजस्वी की गारंटी ही आपकी खुशियों की गारंटी है। तेजस्वी यादव जी की गारंटी से ही आपका परिवार आगे बढ़ेगा और खुशहाल, प्रगतिशील और सुरक्षित रहेगा। इधर-उधर की बातों पर ध्यान नहीं देना है, केवल सरकारी नौकरी, रोजगार, बदलाव, फैक्ट्री और बिहार में तीव्र गति से प्रगति के लिए ही मतदान करना है। आपको एवं आपके परिवार को कचोटने वाले मुद्दे ही



वास्तविक मुद्दे हैं। उसके आगे कुछ नहीं देखना है।''

आगे लिखा, 'अगर आपको अपने बच्चों के लिए सरकारी नौकरी चाहिए, बिहार के लिए अच्छा भविष्य चाहिए और बिहार को अग्रणी राज्यों में शामिल करना है, तो आपको भारी संख्या में मतदान केंद्र जाकर महागठबंधन के लिए वोट करना है। किसी भी प्रलोभन, बहकावे, भटकावे या लालच में आकर अपना जीवन बर्बाद न करें। बिहार देश का सबसे पिछड़ा राज्य बन चुका है। इसे आगे लाने के लिए नौकरी और रोजगार अत्यावश्यक है। अपना बिहारी स्वाभिमान जगाएं और तेजस्वी सरकार बनाकर बिहार को आगे बढ़ाएं।''

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों के लिए सुबह 7 बजे मतदान शुरू हुआ। मतदान केंद्र पर सुबह से ही मतदाताओं की कतारें लगी हैं।

चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार सुबह 9 बजे तक 13.13 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। शुरुआती दो घंटों में सबसे अधिक वोट सहरसा में डाले गए हैं, जहां बड़ी संख्या में मतदाताओं ने अपने मत का इस्तेमाल किया है। सहरसा में सुबह 9 बजे तक 15.27 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के अनुसार, इस चुनाव में कुल 3, 75, 13, 302 मतदाता हैं, जिनमें 1, 98, 35, 325 पुरुष, 1, 76, 77, 219 महिलाएं और थर्ड जेंडर के 758 मतदाता शामिल हैं।

# तमिलनाडु भाजपा ने लोगों से की खास अपील, वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने का जश्न उत्साह से मनाएं

**चेन्नई।** तमिलनाडु भाजपा प्रवक्ता ए.एन.एस. प्रसाद ने राज्य के लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 7 नवंबर को वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के राष्ट्रव्यापी समारोह में शामिल होने का आग्रह किया है।

एकता और देशभक्ति के प्रतीक के रूप में इस गीत की स्थायी भूमिका पर जोर देते हुए, प्रसाद ने तमिलनाडु भर के नागरिकों, छात्रों और परिवारों से इस ऐतिहासिक अवसर को गर्व और भक्ति के साथ मनाते हुए, एक साथ वंदे मातरम गाने की अपील की।

एक बड़ी पहल के तहत, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश भर में कई कार्यक्रमों के माध्यम से भारत के राष्ट्रीय गीत, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा 1875 में रचित, की 150वीं वर्षगांठ मनाने का संकल्प लिया है।

केंद्र सरकार ने प्रत्येक घर, स्कूल और संस्थान से एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना के प्रतीक वंदे मातरम के सामूहिक गायन में भाग लेने की अपील की है।

30 अक्टूबर को अपने 'मन की बात' संबोधन में, प्रधानमंत्री मोदी ने याद दिलाया कि कैसे रवींद्रनाथ टैगोर ने 1896 में पहली बार इस गीत का गायन किया था और इसे 'राष्ट्रीय गौरव का एक पवित्र मंत्र जिसने पीढ़ियों को प्रेरित किया है' बताया।

उन्होंने कहा, 'अगर यह गीत 19वीं सदी में बनाया गया था, तो भी यह भारत की हजारों साल पुरानी संस्कृति की भावना से गहराई से जुड़ा है। यह 140 करोड़ भारतीयों को ताकत और एकता देता है और हर दिल में मां भारत के लिए प्यार जगाता है।''

इस समारोह के एक भाग के रूप में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के नेतृत्व में 7 नवंबर से 26 नवंबर तक एक राष्ट्रव्यापी अभियान की घोषणा की है, जिसका समापन संविधान दिवस पर होगा। पार्टी भारत के न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के संवैधानिक मूल्यों का सम्मान करने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, युवा उत्सव, स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनियां और कला एवं साहित्यिक प्रतियोगिताएं आयोजित करेगी।

तमिलनाडु की भूमिका के बारे में बोलते हुए, प्रसाद ने कहा कि राज्य को स्वतंत्रता संग्राम में अपनी गौरवशाली विरासत के अनुरूप इस समारोह को मनाने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने आग्रह किया, 'तमिलनाडु का हर घर, स्कूल और कार्यालय वंदे मातरम से गूंज उठे। स्कूल शिक्षा विभाग को इन समारोहों में छात्रों और युवाओं को सक्रिय रूप से शामिल करना चाहिए।''

भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन से सभी राज्य विभागों को व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देश जारी करने का आग्रह किया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि देशभक्ति का जोश हर नागरिक तक पहुंचे। उन्होंने कहा, 'यह त्योहार राष्ट्र का है, किसी राजनीतिक दल का नहीं। सभी सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक संगठन एकजुट होकर तमिलनाडु की आवाज को वंदे मातरम के राष्ट्रीय गान में गूंजने दें।''तमिलनाडु के स्वतंत्रता संग्राम के नायकों, सुब्रमण्यम भारती, वी.ओ. चिदंबरम पिल्लई, सुब्रमण्यम शिवा, तिरुप्पुर कुमारन, वंचिनाथन और अंजलाई अम्मल, के योगदान पर प्रकाश डालते हुए प्रसाद ने कहा कि वंदे मातरम के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा ने इसे स्वतंत्रता के लिए एक आह्वान बना दिया। उन्होंने आगे कहा, 'महान कवि भारती ने घोषणा की थी, 'हम वंदे मातरम कहते हैं, अपनी महान मातृभूमि को नमन करते हुए, ' जाति, धर्म और राजनीति से परे। यह विरासत आज भी जारी रहनी चाहिए।''

प्रसाद ने कहा, 'आइए 7 नवंबर को तमिलनाडु के घरों, स्कूलों और संस्थानों में इस अमर गीत की गूंज सुनाई दे।'' उन्होंने प्रत्येक नागरिक से परिवार और दोस्तों के साथ खुशी से इसमें शामिल होने और सोशल मीडिया पर इस उत्सव को साझा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं है–यह हमारे राष्ट्र की आत्मा है, जो पीढ़ियों को प्रेम और एकता के सूत्र में बांधती है।''

# बिहार चुनाव: सुबह 9 बजे तक 13.13 प्रतिशत मतदान, लखीसराय जिले में सबसे कम वोट पड़े

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में सुबह 9 बजे तक 13.13 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। चुनाव आयोग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, शुरुआती दो घंटों में सबसे अधिक वोट सहरसा में डाले गए हैं।

पहले चरण में 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों के लिए सुबह 7 बजे मतदान शुरू हुआ। मतदान केंद्र पर सुबह से ही मतदाताओं की कतारें लगी हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, सहरसा में बड़ी संख्या में मतदाताओं ने अपने मत का इस्तेमाल किया है, जहां सुबह 9 बजे तक 15.27 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

सुबह 9 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, बिहार के बेगूसराय जिले में 14.60 प्रतिशत, भोजपुर में 13.11 प्रतिशत, बक्सर में 13.28 प्रतिशत, दरभंगा में 12.48 प्रतिशत, गोपालगंज में 13.97 प्रतिशत, खगड़िया में 14.15 प्रतिशत, मधेपुरा में 13.74 प्रतिशत, मुंगेर में 13.37 प्रतिशत, मुजफ्फरपुर में 14.38 प्रतिशत, नालंदा में 12.45 प्रतिशत, पटना में 11.22 प्रतिशत, समस्तीपुर में 12.86 प्रतिशत, सारण में 13.30 प्रतिशत, शेखपुरा में 12.97 प्रतिशत, सीवान में 13.35 प्रतिशत और वैशाली जिले में 14.30 प्रतिशत मतदान हुआ है। लखीसराय जिले में सबसे कम वोट डाले गए हैं। शुरुआती दो घंटों में यहां सिर्फ 7 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

बिहार के उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी अशोक प्रियदर्शी ने जानकारी दी कि 121 विधानसभा क्षेत्रों में सभी मतदान केंद्रों पर मतदान निर्धारित समय पर शुरू हुआ।

पहले चरण में 1314 उम्मीदवारों की किस्मत दांव पर है, जिनमें 1192 पुरुष और 122 महिला उम्मीदवार शामिल




हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, पहले चरण में कुल 3, 75, 13, 302 मतदाता हैं, जिनमें 1, 98, 35, 325 पुरुष, 1, 76, 77, 219 महिलाएं और 758 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं, जो 1314 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे।

121 विधानसभा क्षेत्रों में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 45, 341 है, जिनमें ग्रामीण क्षेत्रों में 36, 733 और शहरी क्षेत्रों में 8, 608 मतदान केंद्र शामिल हैं। 320 आदर्श मतदान केंद्र घोषित किए हैं, जिनमें से 926 महिला-प्रबंधित और 107 दिव्यांग-प्रबंधित हैं।

अकेले पटना में 5, 677 मतदान केंद्र हैं, जिनमें 541 केवल महिलाओं के लिए, 49 आदर्श मतदान केंद्र, 14 दिव्यांगजनों के अनुकूल मतदान केंद्र और 3 युवा-केंद्रित बूथ शामिल हैं। मुजफ्फरपुर में मतदाता 11 विधानसभा सीटों के लिए 4, 186 मतदान केंद्रों पर वोट डाल रहे हैं, जहां लगभग 32.98 लाख मतदाता हैं।

# बिहार विधानसभा चुनाव 2025: सीएम नीतीश कुमार ने कहा- 'पहले मतदान, फिर जलपान'

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार की जनता से अपील की है कि वे घरों से बाहर निकलें और वोट का प्रयोग जरूर करें। बिहार में गुरुवार को पहले चरण की 121 सीटों पर मतदान जारी है। मतदान केंद्रों पर सुबह से ही वोटरों की लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं।

सीएम नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि लोकतंत्र में मतदान केवल हमारा अधिकार ही नहीं, दायित्व भी है। आज बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान हो रहा है – सभी मतदाताओं से आग्रह है कि अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। मतदान करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। पहले मतदान, फिर जलपान।

डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने एक्स पोस्ट में लिखा कि एक-एक बिहारी का मतदान, राज्य के विकास में योगदान! लोकतंत्र के महापर्व में गृह विधानसभा क्षेत्र तारापुर में मत का प्रयोग किया। आप सभी बढ़-चढ़कर मतदान करिए और एक सशक्त, सुरक्षित, समृद्ध तथा विकसित बिहार के लिए वोट करें।

डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने एक्स पोस्ट में लिखा कि पहले मतदान फिर जलपान। लोक आस्था के महापर्व छठ के बाद लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाते हुए लखीसराय विधानसभा के लिए वोट किया। मतदान केवल अधिकार नहीं, यह भविष्य और विकास के लिए सबसे बड़ा दायित्व है। लखीसराय की देवतुल्य



जनता से अपील करता हूं कि घर से बाहर निकलकर मतदान अवश्य करें, अपने एक-एक वोट से लखीसराय, बिहार और देश को मजबूत बनाएं। जिसने छठ पूजा जैसे पवित्र और महान पर्व को मजाक बनाया, जनता के पास उसको जवाब देने का यही समय है सही समय है। पहले मतदान करें, फिर उत्साह के साथ लोकतंत्र का पर्व मनाएं। आपका वोट आपकी आवाज है। आपका वोट हमारे लखीसराय का भविष्य है। जय लोकतंत्र। जय लखीसराय।

एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा कि आज लखीसराय का बड़ा इम्तिहान है। लखीसराय का इम्तिहान इसलिए क्योंकि अब यहां से ही तय होगा कि लखीसराय को किधर लेकर जाना है। यह सिर्फ एक चुनाव नहीं, बल्कि यह तय करने का क्षण है क्योंकि हमारा लखीसराय आगे विकास के पथ पर बढ़ेगा या अतीत के उस 15 साल के जंगलराज वाला अंधेरे दौर की ओर लौट जाएगा, जहां भय था, आतंक था, युवा गलत दिशा में धकेले जा रहे थे और विकास ठहर गया था। पिछले 15 वर्षों में आपने साहस, विश्वास और दृढ़ता से धर्म का रास्ता चुना और उसी का परिणाम है कि लखीसराय आज विकास, सुशासन और उम्मीद के रास्ते पर मजबूत खड़ा है। अब जिम्मेदारी आप सबकी है कि एक गलत निर्णय आप सभी का कल ना बिगाड़ दे। लखीसराय को आगे बढ़ाना है, ना कि पीछे ले जाना है।

इसलिए विनम्र आग्रह है कि भारी संख्या में मतदान कीजिए, लोकतंत्र के इस महापर्व में पूरे उत्साह से भाग लीजिए और अपना एक-एक वोट लखीसराय के उज्ज्वल भविष्य के नाम कीजिए। आप सभी को शुभकामनाएं लखीसराय का भविष्य आपके हाथ में है।

# बिहार चुनाव: गिरिराज सिंह और नितिन नबीन ने डाला वोट, एनडीए की 121 सीटें जीतने का दावा

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चरण में गुरुवार सुबह 7 बजे से ही मतदान शुरू हो गया है। राज्य के कई जिलों में लोग अपने मताधिकार का उपयोग पूरे उत्साह के साथ कर रहे हैं। इसी क्रम में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह बाराहिया के इंटर-लेवल स्टेट-रन हायर सेकेंडरी स्कूल स्थित मतदान केंद्र पहुंचे और अपना वोट डाला।

गिरिराज सिंह ने मतदान के बाद कहा कि इस बार एनडीए 121 सीटें जीतेगी और 2010 के चुनाव से भी अधिक सीटें हासिल करेगी। उन्होंने दावा किया कि जनता का पूरा समर्थन एनडीए के साथ है और बिहार में मजबूत सरकार बनेगी।

लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के सेना से जुड़े बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी



ने सेना पर बयान देकर खुद को ही शर्मिंदा किया है। उन्हें इन मुद्दों की कोई समझ नहीं है। वे गरीबी को समझने के लिए 'कलावती' के घर जाते हैं, जबकि पीएम मोदी उसी वर्ग से उठकर आए हैं। फटे जूते पहनने वाला ही जानता है कि चलने में कैसी तकलीफ होती है। राहुल गांधी ऐसा बयान देकर समाज और सेना के बीच भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।

वही, दूसरी ओर पटना के दीघा स्थित मिलर हाई स्कूल के मतदान केंद्र में मंत्री



नितिन नवीन ने अपना वोट डाला। उन्होंने भी लोगों से बड़ी संख्या में मतदान करने की अपील की।

मंत्री नितिन नवीन ने कहा, 'मैं हर मतदान केंद्र पर सभी मतदाताओं से अपील करता हूं कि वे बड़ी संख्या में आएं और मतदान करें। मैंने अपने बूथ पर पहला वोट डाल दिया है, अब आप भी अपने बूथ पर पहला वोट डालें।''

मतदान केंद्रों पर पहुंचे लोगों में काफी जोश देखा गया। पटना के एक मतदाता ने कहा, 'ये सिर्फ हमारा अधिकार नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी भी है कि हम अपनी सरकार चुनें। आज वोट डालकर बहुत खुशी हुई।''

वहीं सीवान के एक अन्य मतदाता ने कहा कि वे महंगाई, स्वास्थ्य व्यवस्था और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर वोट कर रहे हैं। उन्होंने कहा, '20 साल से एक ही सरकार है। इस बार हम बदलाव चाहते हैं।''राज्य भर में प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। पहले चरण के मतदान को लेकर चुनाव आयोग और पुलिस लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं ताकि मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके।

बिहार के कई इलाकों में सुबह से ही लंबी कतारें देखने को मिलीं, जिससे साफ है कि जनता लोकतंत्र के इस उत्सव में पूरे उत्साह से हिस्सा ले रही है।

# बिहार चुनाव : सम्राट चौधरी, तेजस्वी यादव समेत नेताओं ने मतदाताओं से की अपील, बढ़-चढ़ करें मतदान

**पटना।** बिहार चुनाव के पहले चरण की वोटिंग प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इस चरण में प्रदेश के 18 जिलों में मतदान है। इसी बीच बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत तमाम नेताओं ने बिहार चुनाव में मतदाताओं से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लिखा, 'पहले मतदान, फिर जलपान। लोकतंत्र की जननी बिहार की भूमि पर विधानसभा चुनाव-2025 के प्रथम चरण का आज मतदान है। बिहार की महान जनता से मेरा सादर आग्रह है कि अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग अवश्य करें और विकसित तथा समृद्ध बिहार के पक्ष में बढ़-चढ़कर मतदान करें। आपका एक-एक वोट बिहार का भविष्य तय करेगा और वैभवशाली बिहार की एक मजबूत नींव भी रखेगा। मतदान अवश्य करें, बिहार के हित में करें।''

बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, 'सभी बिहार के भाग्य विधाताओं को



मेरा प्रणाम। आज मतदान का महत्वपूर्ण दिन है। बिहार की आगे की नियति कैसी होगी ये आपके द्वारा दबाया गया एक बटन तय करेगा। लोकतंत्र, संविधान और मानवीयता के लिए आपका मतदान करना बहुत आवश्यक है। मैं सभी मतदाताओं से, विशेष रूप से पहली बार अपने मत का प्रयोग कर रही जेन-जेड से, माताओं-बहनों से, व्यापारियों से, किसान से, दूसरे प्रदेशों में रहने वाले प्रवासियों से, हर आम नागरिक से, नौकरी के लिए कोचिंग कर रहे हर छात्र से, अपनी बीमारियों का इलाज करा रहे हर मरीज और उसके परिवार से और बिहार के एक-एक मतदान के योग्य नागरिक से ये अपील करना चाहता हूं कि मतदान जरूर कीजिएगा, हर हाल में कीजिएगा।''

उन्होंने कहा, 'बिहार का हाल खुशहाल तभी होगा जब आप सब अपने मत का प्रयोग करेंगे। आपके मत का प्रयोग बनाएगा बिहार की उन्नति का सुयोग। इसलिए याद रखें बिहार के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपने मत का प्रयोग जरूर करें। सबसे पहले मतदान याद से, बाकी सब काम-काज बाद में! '

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भी कहा, 'अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें। आपका मत बिहार के विकास और सशक्त लोकतंत्र की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।''

वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने लिखा, 'जन-जन की भागीदारी से ही लोकतंत्र मजबूत होता है। इसलिए पहले मतदान, फिर जलपान ! अपने परिवार, पड़ोस और गांव के साथ बूथ तक चलें। हर एक वोट बिहार के उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय करता है। एनडीए सरकार विकास की योजनाओं, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा को और आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। आपका एक मत – विकास की निरंतरता है। मतदान जरूर करें। बटन वही, जो विकास लाए सही।''

P-11:28 paga09_jhn.qxd 11/6/2025 8:39 PM Page 1



# आर्य समाज में मनाया गया 97 वार्षिक महोत्सव

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट** । बहुत ही धूमधाम से ग्राम सदरपुर मतलब पुर के आर्य समाज में 97 वां वार्षिक महोत्सव मनाया गया। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कांठ तहसील क्षेत्र के ग्राम सदरपुर मतलवपुर में वार्षिक महोत्सव मनाया जा रहा है जिसमें प्रातः उपस्थित सभी आर्य बंधुओं ने हवन में आहुति देकर सुख, शांति की कामना की। जानकारी देते हुए आर्य समाज के अध्यक्ष राजवर्धन आर्य ने बताया कि सदरपुर मतलब पुर में बहुत ही प्राचीन आर्य समाज है जिसकी सेवा करने का मौका हमें मिला है। उन्होंने कहा कि हर मनुष्य को वेदों का ज्ञान होना चाहिए। कार्यक्रम में गुरुकुल पीठ के आचार्य अखिल आनंद सरस्वती ने स्वामी दयानंद सरस्वती के बताएं सच्चे मार्ग पर चलने के लिए अपने विचार रखे। आर्य समाज के भजनों से मन मोह लिया। कार्यक्रम में उपस्थित आर्य समाज के उप प्रधान समरपाल सिंह आर्य, हर ज्ञान सिंह ,मंत्री अश्वनी आर्य, पुनीत आर्य, राहुल, सौरभ, मुनेश कुमार आर्य कांठ आर्यसमाज से ओम कार सिंह सतपाल सिंह दीवान जी भारी संख्या में महिलाएं ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# गौशाला में जाकर की गौ सेवा



**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** गौ सेवा गतिविधि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकताओं ने आज सादकपुर खिचड़ी की गौशाला में जाकर गौ सेवा की एवं बीमार गौवंशों का उपचार कराया। विकास शर्मा जिला संयोजक गौ सेवा गतिविधि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने बताया कि वर्तमान में इस गौशाला में 300 से ज्यादा गौवंश सुरक्षित एवं संरक्षित है। गौ सेवा गतिविधि के जिला संयोजक विकास शर्मा ने जिलाधिकारी मुरादाबाद को एक पत्र देकर गौशाला में बीमार, छोटे बच्चे, बयान वाली गाय को अलग से बांधने के लिए एक कैटल शैड की आवश्यकता है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा एक कैटल शैड बनाने की आदेश दिए गए थे। परंतु वह कैटल शैड नहीं बन पाया था। गौ सेवा गतिविधि के जिला संयोजक विकास शर्मा ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आदित्य श्रीवास्तव जी जो वर्तमान में छजलैट ब्लॉक का कार्य देख रहे हैं। उनसे मिलकर गौशाला में आ रही समस्याओं से अवगत कराया उनके द्वारा तत्काल एक कैटल शैड को बंद कराकर उसमें बीमार, घायल, छोटे बच्चे, एवं प्रसव वाली गायों को रखकर उनकी अलग से देखभाल करने के आदेश दिए गए हैं। आज उस क्रम में कैटल शैड का शुभ आरंभ कर दिया गया है । उस कैटल शैड में पांच गायों को शिफ्ट किया गया है। इस कैटल शैड की देखभाल के लिए दो केयरटेकरों को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। इन पशुओं की खाने-पीने की व्यवस्था भी अलग से की गई है। ठंड होने के कारण पशुओं के लिए कैटल शैडों को त्रिपाल बांधा गया है। ताकि निराश्रित गौवंशों को ठंड से बचाया जाए। जब से ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आदित्य श्रीवास्तव ने छजलैट का चार्ज लिया है, तब से गौशाला में काफी सुधार देखने को मिल रहा है। इस गौशाला से 10 प्रधानों को जोड़ा गया है। जिनकी जिम्मेदारी अपनी ग्राम सभा में गौचराग्रह एवं ग्राम समाज की जमीन पर हरा चारा उगा कर गौशाला पहुंचाने की है। कुछ गांव में चारा बुलाने बाली जमीन खाली पड़ी है। उन जमीनों पर दोबारा चारा नहीं बुवाया गया है। जल्दी इस समस्या को लेकर जिला अधिकारी मुरादाबाद को अवगत कराया जाएगा। गौ सेवा गतिविधि की टीम क्षेत्र की गौशाला में जाकर गौवंशों की स्थिति को देखते हैं लोगों को गौशालाओं से जोड़ने का प्रयास करती है। अपने स्तर से एवं लोगों को जागरुक कर गौशाला को चारा उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित करती है। घायल बीमार गोवंशों को गौशाला में ले जाकर सुरक्षित एवं संरक्षित करने का कार्य करती है।

# विहिप ने शुरू किया धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान



**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** बृहस्पतिवार को नगर में विश्व हिंदू परिषद की ओर से हिंदू जागरण, हिंदू हित संवर्धन, राष्ट्र निर्माण एवं शक्ति संवर्धन के लिए धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान चलाया गया। जिसमें दान दाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

विश्व हिंदू परिषद के मोनू विश्नोई बजरंगी ने बताया कि नगर कांठ में बृहस्पतिवार से धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान चलाया गया है। यह अभियान 20 नवंबर तक चलेगा। अभियान के पहले दिन दानदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि धर्म की रक्षा के लिए हर व्यक्ति से निवेदन रहेगा कि वह यथाशक्ति दान करके संगठन को मजबूत करें। इस सहयोग से विश्व हिंदू परिषद के चलाए जा रहे सेवा कार्यों को सुचारू रूप से चलाया जा सकेगा। यह सहयोग विहिप के कार्यक्रमों की स्थिरता और वृद्धि को सुनिश्चित करेगा। संस्था में दिया गया अनुदान सहयोग हिंदू हित तथा राष्ट्र निर्माण संवर्धन में सहयोग करेगा। संस्था का प्रमुख उद्देश्य भावी पीढ़ी को संस्कारवान व नशामुक्त बनाना, समाज में समरसता स्थापित करना व बच्चियों को लव जेहाद से बचाना है। इसके अलावा एकल विद्यालय योजना, चिकित्सा सुविधाएं, गौसेवा व गौसंवर्धन के लिए गौशालाओं का निर्माण एवं संचालन, सुदूर वनवासी क्षेत्र के बालक-बालिकाओं हेतु छात्रावास तथा वेद विद्यालय इत्यादि सेवा भी चलाई जा रही हैं। संगठन के सफल प्रयासों से एकल विद्यालय, गौशालाएं, वेद विद्यालय, कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, चिकित्सा केंद्र चलाए जा रहे हैं। वर्तमान में देश में हिदू समाज विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहा है। निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए इन चुनौतियों का जवाब देना नितांत आवश्यक है। हमारा सबसे पहला कर्तव्य अपनी धार्मिक, सांस्कृतिक विरासत को बचाना है। साथ ही साथ धर्म रक्षा करना भी है। इस अवसर पर, मोनू विश्नोई बजरंगी, अखिलेश चौहान, अजयपाल तोमर, सचिन अग्निहोत्री आदि कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# 21 दिन बाद भी नही हो पायी लापता डेढ़ वर्ष के बच्चो की तालाश

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** रहस्यमी परिस्थितियों में डेढ़ वर्ष के बच्चे की तलाश करने में पुलिस 21 दिन उपरांत भी विफल रही है। पुलिस को सीसीटीवी कैमरे में एक संदिग्ध कार की तलाश है। नगर के नवादड़ी निवासी अंकित जड़ी बूटी बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। पिछले लगभग 4 वर्ष से वह थाना छजलैट क्षेत्र के करुला नदी के पास डेरा डालकर अपने परिवार के साथ रह रहा था। गत 16 अक्टूबर को शाम वह छजलैट किसी कार्य से गया था। उसकी पत्नी अपने अबोध बच्चों रोहन और डेढ़ वर्षीय मोहन को छोड़कर किसी कार्य से डेरे के भीतर चली गई। इसी बीच कोई मोहन का अपहरण कर ले गया। पुलिस ने अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर 300 सीसीटीवी कैमरे खंगाल चुकी है।

इसके साथ ही पुलिस सर्विलांस सीडीआर खंगालकर करुला नदी के आसपास के क्षेत्र में लगातार ड्रोन कैमरों लगातार निगरानी कर कूड़े कचरे में मौजूद कपड़ों को पोटली एवं जंगल में हर संदिग्ध वस्तु को खंगाल रही है। इसके उपरांत भी छजलैट पुलिस विफल रही। बच्चों के माता-पिता को अब किसी अनहोनी का भय सता रहा है।

अब पुलिस को सीसीटीवी कैमरे में एक संदिग्ध कार की तलाश है। आनन फानन में बच्चे का रहस्यमई ढंग से गायब होना पुलिस के लिए गले की हड्डी बना हुआ है। बाहर से आकर बसे इस गरीब परिवार से क्षेत्रवासियों को भी काफी सहानुभूति है। क्षेत्रवासी एवं परिजन किसी भी हालत में इस मामले का रहस्ययोघाटन चाहते हैं। एसएचओ प्रदीप कुमार सहरावत का कहना है कि पुलिस अनेक संदिग्ध लोगों से भी पूछताछ कर रही है।

# पुलिस मुठभेड़ में नेकपाल हत्याकांड का आरोपी अमन गिरफ्तार, तमंचा व बाइक बरामद



**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** मझोला थाना क्षेत्र में फर्मकर्मी नेकपाल की हत्या के वांछित आरोपी अमन को पुलिस ने गुरुवार तड़के मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में आरोपी अमन के पैर में गोली लगी, जबकि उसका साथी राजा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी तमंचा, कारतूस और एक बाइक बरामद की है। घायल आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि बुधवार रात मझोला थाना क्षेत्र के प्रीतम नगर, एकता कॉलोनी में युवक नेकपाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आरोपी अमन और उसका बहनोई राजा वारदात के बाद तमंचे लहराते हुए मौके से फरार हो गए थे। घटना के बाद उच्च अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की थी और फील्ड यूनिट ने साक्ष्य संकलन का कार्य किया था। मृतक के भाई गगन की तहरीर पर थाना मझोला में अमन पुत्र राजू, राजा पुत्र गेंदनलाल, गेंदनलाल पुत्र रामप्रसाद, राजू पुत्र गेंदालाल यादव और चारद्दपांच अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। एसपी सिटी के पर्यवेक्षण और सीओ सिविल लाइंस के मार्गदर्शन में मझोला थाना पुलिस की विशेष टीम गठित की गई। गुरुवार सुबह पुलिस टीम ने आरोपी अमन और राजा के ग्राम कंजीवाली के पीछे खदाना वाले रास्ते से जाने की सूचना प्राप्त हुई।सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की। इस दौरान बाइक सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी। पुलिस ने मौके पर उसे दबोच लिया, जिसकी पहचान नेकपाल हत्याकांड के मुख्य आरोपी अमन पुत्र राजू निवासी प्रीतम नगर, थाना मझोला के रूप में हुई।पुलिस ने अमन के कब्जे से एक देशी तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और सफेद रंग की टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की। वहीं, अमन का साथी राजा पुत्र गेंदनलाल मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस टीमें जुटी हुईं हैं।घायल अमन को पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी पर हत्या का मुकदमा दर्ज है और अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सीएचसी कांठ में लगाया कैम्प



**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम मुरादाबाद द्वारा सीएचसी कांठ में आयोजित कैम्प में 47 मरीजों की स्क्रीनिंग करने के उपरांत मरीजों का परीक्षण कर उनको औषधि वितरित की गई। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम मुरादाबाद द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में एक कैंप लगाया गया जिसमें 47 मरीजों की स्क्रीनिंग करने के उपरांत मरीजों का परीक्षण कर उनको औषधि वितरित की गई तथा मरीजों में उनके परिवार वालों की काउंसलिंग भी की गई और उन्हें मानसिक स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। इस दौरान मानसिक बीमारियों से संबंधित लक्षणों जैसे नींद ना आना देर से नींद आना, चिंता, घबराहट उलझन आदि रहना, एक ही कार्य को बार-बार करना उदास रहना किसी प्रकार के नशे की लत लग जाना, उल्टा सीधा बोलना, गुस्सा अधिक करना, बेवजह गाली गलोज करना, बुद्धि का काम विकास होना, बेवजह सबसे ग्रसित रहना आदि लक्षणों के बारे में चिकित्सकों ने बताया।

इस अवसर पर मुरादाबाद से आए साइकोलॉजिस्ट एसके शर्मा, सोशल वर्कर जमींदार सिंह, कम्युनिटी नर्स सलिल दीक्षित, चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजीव सिंह, बीपीएम चंद्रशेखर यादव, महेंद्र सिंह, सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# मझोला थाना क्षेत्र में फर्म कर्मी की गोली मारकर हत्या, क्षेत्र में फैली सनसनी



**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** मझोला थाना क्षेत्र के मंडी समिति प्रीतम नगर में बुधवार रात फर्म कर्मी नेकपाल (23) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद आरोपी अमन और उसका बहनोई राजा तमंचे लहराते हुए मौके से फरार हो गए। घटना की वजह प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और दोनों आरोपियों की तलाश में टीमों को लगा दिया गया है।जानकारी के अनुसार, बुधवार रात नेकपाल अपने घर के बाहर खड़ा था। तभी पड़ोसी अमन और उसका बहनोई राजा वहां पहुंचे। दोनों के बीच कहासुनी हुई इस दौरान राजा ने तमंचा निकालकर नेकपाल के सीने में गोली मार दी। गोली लगते ही नेकपाल मौके पर लहूलुहान होकर गिर पड़ा। फायरिंग की आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग दौड़े, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो गए।परिजन घायल युवक को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में पिता कन्हैया, मां मोहन देई, छोटा भाई केशव और दो बहनें हैं। बताया जा रहा है कि करीब दो माह पहले अमन, नेकपाल की बहन को अपने साथ ले गया था और बाद में वापस घर छोड़ गया था। इसी घटना से दोनों परिवारों में तनाव बना हुआ था।परिजनों के अनुसार, मंगलवार को जब परिवार तिगरी गंगा स्नान मेले में गया हुआ था, तब अमन और राजा ने नेकपाल के मामा पप्पू के साथ मारपीट की थी। बुधवार को परिवार के लौटने पर नेकपाल ने इस बारे में अमन से बात करने की कोशिश की, लेकिन बात बढ़ गई और गोली चल गई।सूचना पर एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह, पुलिस टीम और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।एसपी सिटी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की गई हैं और जल्द ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बाल विकास परियोजना मूंढापांडे के अंतर्गत तीन दिवसीय पोषण भी, पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ सफल समापन



**उत्तम भारत संवाददाता/मूंढापांडे।** मुरादाबाद के मुंडापांडे बाल विकास परियोजना मूंढापांडे के अंतर्गत तीन दिवसीय पोषण भी, पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन ब्लॉक सभागार पर किया गया। इस प्रशिक्षण में क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों पर 0 से 6 वर्ष के बच्चों को पोषण के साथ-साथ प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करने के तरीकों पर कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित करना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजर शकुंतला देवी और मंजू रानी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर एवं स्वास्थ्य विभाग के बीपीएम ने बच्चों के सर्वांगीण विकास में पोषण और शिक्षा की समान भूमिका पर जोर दिया। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर शक्ति यादव सिंह ने प्रशिक्षण की सभी गतिविधियों को सफलतापूर्वक संपन्न कराया और कार्यकत्रियों को नई शिक्षा पद्धतियों से परिचित कराया। 3 कार्यक्रम में सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने समय पर उपस्थिति दर्ज की और प्रशिक्षण में गहरी रुचि दिखाई। मंजू, कंचन देवी, रितिका और विपुल कुमार ने आयोजन में पूर्ण सहयोग प्रदान किया। प्रशिक्षण के अंत में कार्यकत्रियों को विभागीय नोटिस एवं आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए, ताकि वे अपने-अपने केंद्रों पर पोषण भी, पढ़ाई भी अभियान को प्रभावी रूप से लागू कर सकें।

# समाज को संगठित करने के लिए बिश्नोई सभा उत्तर प्रदेश का 9 नवंबर को होगा पुनर्गठन

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ ।** समाज को संगठित करने के लिए बिश्नोई सभा उत्तर प्रदेश का पुनर्गठन 9 नवंबर को करने का फैसला किया गया है। यह जानकारी आज देर शाम कार्यालय के प्रभारी संजय कुमार बिश्नोई ने दी। उल्लेखनीय है कि समाज के विकास के लिए एवं समाज को संगठन करने के उद्देश्य बिश्नोई सभा उत्तर प्रदेश को पुनर्गठन करने का निर्णय विचार विमर्श के बाद किया गया है। इस संबंध में भाजपा विधायक सलिल बिश्नोई, एवं स्थाई सदस्यों की सहमति से तथा वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट प्रदीप बिश्नोई, पूर्व अध्यक्ष नरेश सिंह बिश्नोई, वीरेंद्र विश्नोई, श्रवण बिश्नोई पूर्व महामंत्री लखनऊ राजीव बिश्नोई, सुदेश बिश्नोई मीडिया प्रभारी आदि से परामर्श के उपरांत एक सभा का आयोजन 9 नवंबर को 11.00 बजे बिश्नोई सभा उत्तर प्रदेश के मुख्यालय लोदीपुर धाम में किया जा रहा है जिसमें संस्था की आगामी योजनाओं के संबंध में चर्चा की जाएगी तथा सदस्यों की सहमति से अन्य विषयों पर भी चर्चा हो होगी।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्र-छात्राओं और महिलाओं को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह के निदेर्शानुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मुरादाबाद में मिशन शक्ति के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और महिलाओं को केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

## समाचार

# सीएचसी कांठ में हुई 8 की नसबन्दी

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में कुल 8 पुरुष व महिलाओं की नसबंदी की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में नसबंदी कैंप बृहस्पतिवार को लगाया गया जिसमें कुल 10 महिलाएं व पुरुषों ने नसबंदी कराने के लिए अपना पंजीकरण कराया जिसमें दो पंजीकरण रिजेक्ट किए गए। कुल 8 लोगों की नसबंदी सफलतापूर्वक की गई। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजीव सिंह ने कहा कि सभी आशाएं अपने-अपने क्षेत्र में जाकर महिलाओं को जागरूक करें और अन्य स्वास्थ्य कर्मी पुरुषों को नसबंदी करने के लिए प्रेरित करें, जिससे परिवार नियोजन के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इस अवसर पर डॉ राजीव सिंह, डॉक्टर रविंद्र सिंह, भगवान सिंह, चीफ फार्मासिस्ट भगवान सिंह, आयशा, मेन्तरन, विवेक, यशीर, उमेश कुमार, सरोज, पुष्पा, चितरंजन, आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय इंटर स्कूल फुटबाल टूनार्मेंट में मॉडर्न पब्लिक स्कूल की टीम बनी चौंपियन

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** दिल्ली रोड स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल मे सातवीं अबुल हसन मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबॉल टूनार्मेंट का हुआ समापन समारोह किया जिसमें प्रतियोगिता का खिताब मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने जीता व स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल की टीम दूसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण स्कूल के निदेशक सऊद आलम व प्रधानाचार्य शकील अहमद द्वारा किया गया और सभी खिलाड़ियों को बधाई दिए आयोजन सचिव शाहवेज अली ने बताया प्रतियोगिता में मुरादाबाद रामपुर अमरोहा संभल के साथ मुरादाबाद शहर के स्कूलों की टीमों ने किया बढ़-चढ़कर प्रतिभा फाइनल मैच मॉडर्न पब्लिक स्कूल स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल रामपुर के बीच खेला गया जिसमें मॉडर्न पब्लिक स्कूल की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करने के साथ चौंपियन ट्रॉफी पर कब्जा किया दोनों ही टीमों ने पहले हाफ में जबरदस्त टक्कर दी और एक भी गोल होने नहीं दिया, दूसरे हाफ में मॉडर्न पब्लिक स्कूल की टीम ने रणनीति बनाई और बड़ी होशियारी के साथ लगातार दो गोल जड़े व चौंपियन ट्रॉफी पर कब्जा किया प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब एम पी एस के सरताज मुमताज को मिला, सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का खिताब स्मार्ट इंडियन स्कूल के आशीष को मिला, बेस्ट स्टॉपर का खिताब अक्षय प्रताप व गोल्डन बूट का खताब मोहम्मद नोमान को दिया गया । निर्णायक मंडल में अनुभव कुमार, तुषार, फैजान, आतिफ रजा, मोहम्मद फरमान, ऋतिक, कीर्ति बाजपाई आदि को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शकील अहमद, सुशील कुमार, अहसान खान, शादाब खान, कामरान केसर, नाजिश आदि उपस्थित रहे।

# मारपीट में मां-बेटी घायल, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** गांव बारूभूड़ा में भैंस का दूध बेचने को लेकर हुई कहासुनी में मां-बेटी घायल हो गई। पुलिस को दी तहरीर में महिला सुनिता देवी ने कहा है कि भैंस का दूध बेचने को लेकर पड़ोसी कांता देवी से कहासुनी हो रही थी। इस पर कांता देवी के बेटे अमित और आकाश मौके पर पहुंचे और मारपीट करने लगे। बेटी आंचल बीच-बचाव करने आई तो आरोपियों ने उसको भी मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल मां-बेटी का मेडिकल परीक्षण कराकर आरोपी मां बेटों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मारपीट में तीन पर मुकदमा दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** पुलिस ने गांव सिरसवां गोड़ निवासी नवी हसन पुत्र दूल्हे हसन की तहरीर पर गांव के वरकत अली,फरजंद और फिरोज के खिलाफ बेवजह गाली गलौज करने मना करने पर लाठी डंडों से पीटकर घायल करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर घायल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।

# पांच के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** पुलिस ने गांव पीपलसाना निवासी मुजफ्फर पुत्र खैराती की तहरीर पर गांव के चार पिता-पुत्र समेत पांच के खिलाफ रास्ते में रोककर मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में ग्रामीण ने कहा है कि 31अटूबर को गांव में ही अपने साथी तय्यब के साथ सुपर मार्डन शादी हाल में दावत खाकर लौट रहा था। रास्ते में शाबिर और उसके पुत्र शाकिर, गुड्डू,शारूख और हबीब अशरफ ने रोककर गालियां देते हुए कहा कि दोबारा इधर दिखाई दिया तो जान से मार देंगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मां-बेटी को पीटने में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** पुलिस ने कस्बे के मोहल्ला बगियवाला निवासी मैराज पत्नी आफताब की तहरीर पर पड़ोसी वसीम,निशा और शबाना पर बेटी सादिया के साथ गाली गलौज करने, शादी में बाधा डालने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मझोला बिजली घर के जेई ने सभी नियम रख दिए ताक पर

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद ।** विद्युत वितरण उपखंड के अंतर्गत 33ध्11 केवी के अवर अभियंता के द्वारा बिजली विभाग के सभी नियम तक पर रखकर अपने निजी फायदे के चलते कनेक्शन दे दिए जा रहे हैं जिसमें नियम के अनुसार 40 मी पर केबल सर्विस का नियम है व उससे अधिक लाइन का निर्माण करने के लिए एस्टीमेट का नियम है परंतु अवर अभियंता द्वारा मोटी रकम वसूलकर उपभोक्ता को 40 मीटर से अधिक वाले कनेक्शन को भी केबिल सर्विस पर दे दिया जाता है। लेकिन उपभोक्ता द्वारा रकम न देने पर केबल सर्विस की जगह भी ज्यादा से ज्यादा एस्टीमेट बनाकर कार्यालय में भेज दिया जाता है ।

# बिजली विभाग का एसडीओ पर्सनल असिस्टेंट रखकर कर रहा अवैध वसूली

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** मामला बिजली विभाग के शहर डिवीजन का है विभाग के क्षेत्र से संबंधित एक एसडीओ जो अपने कार्यालय में एक पर्सनल व्यक्ति रखकर समस्त कार्य में अवैध वसूली करने व संबंधित उपखंड से संबंधित क्षेत्र की जनता से अवैध वसूली करने का काम लगातार कर रहा है जिसका कार्यालय में किसी भी माध्यम से नाम नहीं है देखना यह होगा कि विद्युत विभाग के इस एसडीओ पर उच्च अधिकारी किस प्रकार से कार्रवाई करते हैं या एसडीओ इसी प्रकार अपने मनमाने ढंग से कार्यक्षेत्र की जनता को लूटता रहेगा ।

P-12:28 paga09_jhn.qxd 11/6/2025 5:29 PM Page 1



## संक्षिप्त समाचार

### विस्फोट की जांच के बाद हार्वर्ड मेडिकल स्कूल फिर से खुला

**बोस्टन, एजेंसी।** अमेरिका के बोस्टन में हार्वर्ड मेडिकल स्कूल की एक इमारत फिर से खुल गई है, जबकि सप्ताहांत में हुए एक विस्फोट की 'बेहद सक्रिय' जांच जारी है। अधिकारियों का कहना है कि यह विस्फोट जानबूझकर किया गया था। विश्वविद्यालय पुलिस के अनुसार, शनिवार सुबह एक अधिकारी ने फायर अलार्म बजाया और गोल्डनसन बिल्डिंग से दो लोगों को भागते हुए देखा। विस्फोट इमारत की चौथी मंजिल पर हुआ, जहां मेडिकल स्कूल के न्यूरोबायोलॉजी विभाग से जुड़ी प्रयोगशालाएं और कार्यालय हैं। बोस्टन अग्निशमन विभाग ने पाया कि विस्फोट जानबूझकर किया गया था और अधिकारियों को इमारत की तलाशी के दौरान कोई अतिरिक्त उपकरण नहीं मिले। पुलिस ने बताया कि इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। मेडिकल स्कूल के अधिकारियों ने एक बयान में कहा, 'चौथी मंजिल के गलियारे का वह छोटा सा हिस्सा जहां विस्फोट हुआ था, साफ कर दिया गया है और अब पूरी तरह से चालू है। इमारत को कोई संरचनात्मक क्षति नहीं हुई है और सभी प्रयोगशालाएं और उपकरण सुरक्षित हैं।' एफबीआई के एक प्रवक्ता ने सोमवार को जांच को 'बेहद सक्रिय' बताने के अलावा कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने चेहरे को ढंके हुए और स्वेटशर्ट जैसे कपड़े पहने दो लोगों की धुंधली तस्वीरें जारी की हैं।

### बांग्लादेश-पाकिस्तान रिश्ते सुधरने का दावा

**ढाका, एजेंसी।** ढाका में एक शीर्ष बांग्लादेशी राजनयिक ने कहा है कि पिछले साल से पाकिस्तान के साथ उनके देश के संबंधों में सुधार हुआ है। उसने बताया कि दोनों देशों में व्यापार बढ़ाने के लिए कराची-चटगांव के बीच सीधे समुद्री संपर्क स्थापित करने की जरूरत पर जोर दिया गया। पाकिस्तान में बांग्लादेश के उच्चायुक्त इकबाल हुसैन खान ने कहा कि यह कोई रहस्य नहीं है कि पिछले 10-12 वर्षों से दोनों पक्षों के बीच संबंध अच्छे नहीं रह थे, लेकिन अब हालात काफी बदल गए हैं। खान ने कहा, हर स्तर पर संबंधों में सुधार हुआ है।

### भूटान में वैश्विक शांति प्रार्थना उत्सव, विश्व को एकता का संदेश

**थिम्फू, एजेंसी।** वैश्विक अशांति और संघर्षों के बीच भूटान की राजधानी थिम्फू ग्लोबल पीस प्रेयर फेस्टिवल 2025 की मेजबानी की तैयारी में जुटी है। यह आयोजन विश्वभर के लोगों को शांति, करुणा और एकता के लिए प्रार्थना में जोड़ने का प्रयास करेगा। मंगलवार से शुरू हो रहे इस दो सप्ताह के उत्सव में हजारों भक्त, भिक्षु और आध्यात्मिक नेता शामिल होंगे। उत्सव की शुरुआत 4 से 10 नवम्बर तक कुएनसेलफोद्रांग में जाब्शी धोएछोग अनुष्ठान से होगी।

### कैरेबियाई देशों में तूफान मेलिसा का कहर, अब तक 50 की मौत

**किंग्स्टन, एजेंसी।** भीषण तूफान मेलिसा ने जमैका, हैती और क्यूबा में भारी तबाही मचाई है। जिसमें अब तक 50 लोगों की मौत हो चुकी है। अधिकारियों ने आशंका जताई है कि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को आए श्रेणी-5 के इस चक्रवात ने जमैका में भारी तबाही मचाई। तूफान के बाद द्वीप के 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सों में बिजली आपूर्ति ठप है और लगभग आधे जलस्रोत सिस्टम बंद पड़े हैं।

### जांच के बीच एफडीए अधिकारी जॉर्ज टिडमार्श का इस्तीफा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) के शीर्ष दवा नियामक डॉ. जॉर्ज टिडमार्श ने रविवार को इस्तीफा दे दिया। स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग के प्रवक्ता के मुताबिक, उनके व्यक्तिगत आचरण से जुड़ी गंभीर चिंताओं की जांच शुरू होने के बाद यह कदम उठाया गया। टिडमार्श को शुक्रवार को निलंबित किया गया था और रविवार सुबह उन्होंने इस्तीफा दे दिया। इस बीच औरिनिया फार्मास्यूटिकल्स नामक कंपनी ने उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है।

### बीजिंग में रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तिन ने की चीनी राष्ट्रपति से मुलाकात

**बीजिंग, एजेंसी।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मंगलवार को बीजिंग में रूस के प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तिन से मुलाकात की। यह जानकारी दोनों देशों के सरकारी मीडिया ने दी है। मिशुस्तिन दो दिन के चीन दौरे पर हैं। उन्होंने बीजिंग के ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में द्विपक्षीय बैठक की। रूसी प्रधानमंत्री के साथ एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल भी चीन पहुंचा है, जिसमें उप प्रधानमंत्री तात्याना गोलिकोवा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। वे सोमवार को हांगझोउ पहुंचे थे। चीन की ओर से इस बैठक में विदेश मंत्री वांग यी और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मुस्लिम मेयर से नफरत? ट्रंप की खुली धमकी- ममदानी जीते तो न्यूयॉर्क को फंड नहीं मिलेगा





**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को चेतावनी दी कि अगर डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जोहरन ममदानी न्यूयॉर्क के मेयर चुनाव में जीत हासिल करते हैं, तो उनका प्रशासन न्यूयॉर्क सिटी की फंडिंग में कटौती कर देगा। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए यह भी कहा कि वे स्वतंत्र उम्मीदवार और पूर्व गवर्नर एंड्रयू क्युओमो का समर्थन करते हैं और अपने समर्थकों से उन्हें ही वोट देने की अपील की है।

ट्रंप ने लिखा कि अगर ममदानी मंगलवार को न्यूयॉर्क सिटी के मेयर चुनाव जीतते हैं, तो यह बहुत ही असंभव है कि मैं संघीय फंडिंग दूं, सिवाय उन न्यूनतम अनुदानों के जो कानूनी रूप से आवश्यक हैं। ट्रंप प्रशासन पहले भी डेमोक्रेट पार्टी द्वारा शासित राज्यों और शहरों के लिए संघीय फंडिंग और ग्रांट्स में कटौती की कोशिश करता रहा है। ट्रंप ने एक लंबी पोस्ट में लिखा, 'अगर कम्युनिस्ट उम्मीदवार जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क सिटी के मेयर का चुनाव जीत जाते हैं, तो मैं अपने प्यारे पहले घर वाली इस शहर को संघीय फंड्स देने में बहुत कम योगदान दूंगा, सिर्फ न्यूनतम जो जरूरी हो। क्योंकि कम्युनिस्ट होने के नाते, इस महान शहर के सफल होने या जीवित रहने की कोई संभावना नहीं है! कम्युनिस्ट के नेतृत्व में हालात सिर्फ और खराब होंगे और मैं राष्ट्रपति के तौर पर अच्छा पैसा बुरे के पीछे नहीं फेंकना चाहता। मेरा फर्ज देश चलाना है और मुझे पूरा यकीन है कि ममदानी के जीतने पर न्यूयॉर्क सिटी पूरी तरह आर्थिक और सामाजिक आपदा बन जाएगा। उनके सिद्धांत हजारों साल से आजमाए जा चुके हैं, और कभी सफल नहीं हुए। मैं तो यही चाहता हूं कि कोई सफल रिकॉर्ड वाला डेमोक्रेट जीते, न कि अनुभवहीन कम्युनिस्ट जिसका रिकॉर्ड पूरी नाकामी का है। असेंबलीमैन के रूप में वे कुछ नहीं थे, क्लास में सबसे नीचे रैंक पर थे और दुनिया के संभवतः सबसे महान शहर के मेयर के रूप में उनके पास इसे पुरानी शान पर लौटाने का कोई मौका नहीं है! हमें ये भी याद रखना चाहिए- कर्टिस स्लिवा (जो बिना बेरे के काफी बेहतर लगते हैं!) को वोट देना मतलब ममदानी को वोट देना है। आपको एंड्र्यू कुओमो पसंद हों या न हों, आपके पास कोई विकल्प नहीं है। आपको उनके लिए वोट करना ही होगा और उम्मीद करनी होगी कि वे शानदार काम करेंगे। वे ऐसा करने में सक्षम हैं, ममदानी नहीं!

**चुनावी स्थिति :** मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, एनवायसी मेयर चुनावों में ममदानी को बढ़त हासिल है। उनके मुख्य प्रतिद्वंदी एंड्रयू क्युओमो स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि रिपब्लिकन उम्मीदवार कर्टिस स्लिवा तीसरे स्थान पर माने जा रहे हैं। क्युओमो ने पहले डेमोक्रेटिक प्राइमरी में ममदानी से हारने के बाद स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने का फैसला किया था। अगर ममदानी चुनाव जीतते हैं तो वे न्यूयॉर्क शहर के पहले मुस्लिम मेयर होंगे। ममदानी के समर्थकों का कहना है कि ट्रंप को मुस्लिम उम्मीदवार होने के चलते उनसे नफरत है। हालांकि ट्रंप समर्थक भी ममदानी की मुस्लिम पहचान के चलते उन पर निशाना साधते आए हैं। रिपब्लिकन नेताओं के हमले रिपब्लिकन नेताओं ने ममदानी की उम्मीदवारी को लगातार निशाने पर लिया है। कुछ नेताओं ने यहां तक कहा कि उनकी नागरिकता की जांच की जानी चाहिए और उन्हें अमेरिका से निष्कासित किया जाना चाहिए। स्वयं ट्रंप ने ममदानी को कम्युनिस्ट करार देते हुए कहा कि एक कम्युनिस्ट के शासन में न्यूयॉर्क सिटी में फंड देना पैसे की बर्बादी होगी। ट्रंप ने अपने पोस्ट में लिखा कि कर्टिस स्लिवा के लिए वोट देना, ममदानी को जीताने जैसा है। चाहे आपको एंड्र्यू क्युओमो पसंद हों या नहीं, आपके पास कोई और विकल्प नहीं है। आपको उन्हें वोट देना चाहिए और उम्मीद करनी चाहिए कि वे शानदार काम करेंगे। वे ऐसा करने में सक्षम हैं, लेकिन ममदानी नहीं! ट्रंप का 60 मिनट इंटरव्यू अमेरिकी टीवी चैनल सीबीएस के कार्यक्रम '60 मिनिट' को दिए गए इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि अगर न्यूयॉर्क में एक कम्युनिस्ट मेयर होगा, तो मैं शहर को बहुत पैसा नहीं दे सकता। यह पैसे की बर्बादी होगी, अगर ममदानी जैसे व्यक्ति न्यूयॉर्क के मेयर बने। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 में न्यूयॉर्क सिटी को संघीय सरकार से कुल 7.4 बिलियन डॉलर की फंडिंग मिली है। इस रकम का बड़ा हिस्सा इंफ्रास्ट्रक्चर, परिवहन, सार्वजनिक सुरक्षा और आवास योजनाओं पर खर्च होता है।

## इस्राइली सेना में बड़ा कांड, सैन्य अधिकारी ने जेल के आपत्तिजनक फुटेज लीक किए; हंगामा होने पर गिरफ्तार



**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइली सेना में एक बड़ा कांड सामने आया है, जिसके बाद हंगामा हो गया है। दरअसल पिछले हफ्ते इस्राइली सेना की मेजर जनरल वकील यिफ्त टोमेर यरूशलमी ने कबूल किया कि उन्होंने जेल के सर्विलांस वीडियो लीक किए हैं। यह वीडियो जेल में इस्राइली सेना द्वारा फलस्तीनी कैदियों के साथ गंभीर दुर्व्यवहार से जुड़ा है। वीडियो लीक की इस घटना ने इस्राइल में राजनीतिक विवाद का रूप ले लिया है और यिफ्त टोमेर यरूशलमी लोगों के निशाने पर आ गई हैं।

**क्या है विवाद :** लीक किए गए वीडियो में कुछ इस्राइली सैनिकों पर फलस्तीनी कैदी का यौन उत्पीड़न करने का आरोप है। इस मामले की जांच चल रही है और आरोपी सैनिकों के खिलाफ आरोप पत्र दायर हो गए हैं। यिफ्त टोमेर यरूशलमी का कहना है कि इन फुटेज को लीक करने का उद्देश्य आरोपों की गंभीरता को उजागर करना था, जिनकी जांच उनके द्वारा की जा रही थी। हालांकि वीडियो लीक होने के बाद इस्राइली सेना में मेजर जनरल यिफ्त टोमेर दक्षिणपंथी राजनेताओं के निशाने पर आ गई हैं। यह विवाद इतना बड़ा हो गया है कि भारी दबाव के चलते यिफ्त टोमेर ने बीते दिनों इस्तीफा दे दिया। विवाद के बीच यिफ्त ने अपने परिवार के लिए एक नोट छोड़ा और समुद्र तट से गायब हो गईं। इसके बाद माना जाने लगा कि यिफ्त ने शायद आत्महत्या कर ली हैं। हालांकि इसके बाद तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें सैन्य ड्रोन्स की मदद ली गई। आखिरकार यिफ्त जीवित मिल गई और अब उन्हें जेल में डाल दिया गया है।

दक्षिणपंथी राजनेताओं के निशाने पर गिरफ्तार सैन्य अधिकारी

जेल की वीडियो फुटेज लीक करने के चलते यिफ्त टोमेर दक्षिणपंथी राजनेताओं के निशाने पर इस कदर हैं कि उनका एक फोन गायब है तो राजनेताओं ने दावा किया है कि संभावित सबूतों को नष्ट करने के लिए ऐसा किया गया है और आत्महत्या का नाटक भी सबूतों को मिटाने के लिए ही था। इस्राइली मीडिया के अनुसार, लीक की जांच के दौरान पूर्व चीफ सैन्य वकील कर्नल मातन सोलोमेश को भी गिरफ्तार किया गया है। हालांकि अभी तक पीएम कार्यालय की तरफ से मातन सोलोमेश की गिरफ्तार पर कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

## पाकिस्तान में कई टीटीपी आतंकी ढेर



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाक सुरक्षा बलों ने कई अभियानों में कई टीटीपी आतंकवादियों को मार गिराया है। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने सोमवार (03 नवंबर) को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में कई अभियानों में प्रतिबंधित टीटीपी के कई आतंकवादियों को मार गिराया। पुलिस ने बताया कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों ने बन्नू जिले के मीरानशाह रोड पर उत्तरी वजीरिस्तान के जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) वकार खान के नेतृत्व वाले एक पुलिस काफिले पर गोलीबारी की। आतंकवादियों ने स्वचालित और भारी हथियारों से काफिले पर हमला किया। हालांकि, डीपीओ और अन्य पुलिसकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें कई आतंकवादी मारे गए और अन्य घटनास्थल से भाग गए। पुलिस अधिकारियों ने मारे गए आतंकवादियों की संख्या नहीं बताई। छह पुलिसकर्मी भी घायल हुए और उन्हें जिला मुख्यालय (डीएचक्यू) अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया गया। डीपीओ खान और उनका दस्ता सुरक्षित बच गए क्योंकि उनका वाहन बुलेटप्रूफ था। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी और तलाशी अभियान शुरू कर दिया। इसके अलावा सेना ने प्रांत में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में तीन टीटीपी आतंकवादियों को मार गिराया। सेना की मीडिया शाखा ने सोमवार को एक बयान में कहा कि मारे गए।

## लेबनान के राष्ट्रपति ने सीमा पर तनाव के बीच इजरायल के साथ कूटनीति का आह्वान किया



**बेरूत, एजेंसी।** राष्ट्रपति जोसेफ आउन ने कहा कि लेबनान के पास इजरायल के साथ बातचीत करने के अलावा कोई चारा नहीं है। साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि युद्ध से पहले कूटनीति को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से इन बयानों की पुष्टि की गई। आउन ने सोमवार को बाबदा पैलेस में अधिकारियों के साथ एक मीटिंग के दौरान कहा, 'राजनीति में तीन चीजें होती हैं- डिप्लोमेसी, इकॉनमी और युद्ध। जब युद्ध से कुछ हासिल नहीं होता, तो हम और क्या कर सकते हैं? दुनिया का हर युद्ध आखिरकार बातचीत से ही खत्म होता और बातचीत कभी भी किसी दोस्त या सहयोगी से नहीं, बल्कि दुश्मन से होती है।' उन्होंने आगे कहा कि 'बातचीत की भाषा युद्ध की भाषा से अधिक जरूरी है, जिससे हमने देखा है कि सिर्फ तबाही होती है।' उन्होंने लेबनान की लीडरशिप की डिप्लोमेटिक कोशिशों की तारीफ की, जिसमें पार्लियामेंट के स्पीकर नबीह बेरी और प्रधानमंत्री नवाफ सलाम शामिल हैं। उन्होंने कहा कि लेबनान के नेशनल इंटरेस्ट को पॉलिटिकल, धार्मिक और सांप्रदायिक बातों से अधिक अहमियत मिलनी चाहिए। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने नेताओं से चुनावी महत्वाकांक्षाओं से ऊपर राष्ट्रीय एकता को प्राथमिकता देने और उन सांप्रदायिक बंटवारे से आगे बढ़ने का आग्रह किया, जिन्होंने लंबे समय से देश की स्थिरता को कमजोर किया है।

अक्टूबर के आखिर में, आउन ने लेबनानी सेना को ब्लिडा के सीमावर्ती गांव पर हुए जानलेवा हमले के बाद दक्षिण में किसी भी इजरायली घुसपैठ का जवाब देने का आदेश दिया था, जिसका हिज्बुल्लाह नेता नईम कासिम ने स्वागत किया था। पिछले साल नवंबर के आखिर से इजरायल और हिज्बुल्लाह के बीच अमेरिका और फ्रांस की मध्यस्थता से हुआ सीजफायर लागू है, जिससे गाजा में युद्ध के कारण महीनों से चल रही सीमा पार दुश्मनी रुक गई है।

युद्धविराम के बावजूद, इजरायल ने लेबनान में हमले करना जारी रखा है। हालांकि यह हमले लगातार नहीं किए जा रहे हैं, लेकिन इजरायल का कहना है कि वह हिज्बुल्लाह के 'खतरों' को निशाना बना रहा है। लेबनान और कई अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने इन हमलों की निंदा करते हुए इन्हें सीजफायर का उल्लंघन बताया है।

## सूडान के विद्रोहियों ने भारतीय युवक का अपहरण किया, परेड कराई; पूछा क्या वो शाहरुख खान को जानता है?





**खार्तूम, एजेंसी।** सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है, जिसमें सूडान के कुछ उग्रवादी लड़ाके एक भारतीय युवक को घेरकर खड़े हैं और उससे नारे लगवा रहे हैं। दरअसल यह युवक ओडिशा का 36 वर्षीय आदर्श बेहरा है, जो जगतसिंहपुर जिले का निवासी बताया जा रहा है। आदर्श को सूडान में विद्रोही रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के उग्रवादियों ने पकड़ लिया और उससे अपने नेता मोहम्मद हमदान दागालो के समर्थन में नारे लगवाए। इतना ही नहीं उग्रवादियों ने आदर्श से पूछा कि क्या वह शाहरुख खान को जानता है?

**साल 2022 से सूडान में काम कर रहा है आदर्श :** एनडीटीवी की एक रिपोर्ट के अनुसार, आदर्श बेहरा सूडान के सुकाराती प्लास्टिक फैक्ट्री में साल 2022 से काम कर रहा है। आदर्श को सूडान के विद्रोही लड़ाकों ने अल फाशिर शहर से पकड़ा, जो राजधानी खार्तूम से करीब एक हजार किलोमीटर दूर है। सूडान गृहयुद्ध से जूझ रहा है, जहां सशस्त्र सेना बल और विद्रोही गुट आरएसएफ के बीच अप्रैल 2023 से लड़ाई छिड़ी हुई है। गृह युद्ध के चलते सूडान में अभी तक 1.3 करोड़ लोग विस्थापित हो चुके हैं और कई शहर और गांव तबाह हो चुके हैं। सूडान की सरकार ने रविवार को कहा कि अल फाशिर शहर पर कब्जे के बाद से विद्रोही आरएसएफ के उग्रवादियों ने 2000 से ज्यादा नागरिकों की हत्या की है। कई पीड़िता के साथ यौन हिंसा भी की गई है। संयुक्त राष्ट्र और दुनिया भर की मानवाधिकार एजेंसियों ने सूडान के हालात पर चिंता जताई है। सूडान में अब तक हजारों लोगों की जान जा चुकी है और देश का बड़ा हिस्सा अकाल के कगार पर है।

## अमेरिका में शटडाउन से हवाई अड्डे बुरी तरह प्रभावित, हजारों उड़ानें विलंबित




**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में शटडाउन की स्थिति एक महीने से भी ज़्यादा समय से चल रही है। इसका असर अब हवाई अड्डों पर साफ दिखने लगा है। कर्मचारियों की कमी के कारण उड़ानों में देरी और सुरक्षा जांच की लंबी लाइनें बढ़ती जा रही हैं। पिछले सप्ताहांत स्थिति और खराब हो गई। सिर्फ़ रविवार को ही पूरे अमेरिका में पांच हज़ार से ज़्यादा उड़ानें देर से चलीं। सोमवार को व्हाइट हाउस ने इसके लिए डेमोक्रेट नेताओं को जिम्मेदार बताया और कहा कि उनकी राजनीति की वजह से आम लोग परेशान हो रहे हैं। वहीं डेमोक्रेट दल का कहना है कि सरकार और राष्ट्रपति गलत आरोप लगा रहे हैं। शटडाउन कब खत्म होगा, यह तय नहीं है। ऐसे में यातायात विभाग ने चेतावनी दी है कि आगे और उड़ानें देर से चलेंगी या रद्द भी हो सकती हैं। हवाई यातायात नियंत्रक को भी बिना वेतन के काम करना पड़ रहा है। परिवहन सचिव शॉन डफी ने कहा कि इन कर्मचारियों पर वित्तीय बोझ बढ़ रहा है और यदि यही स्थिति जारी रही तो कई लोग नौकरी छोड़ने पर मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि देश में पहले से ही लगभग 2,000 से 3,000 नियंत्रकों की कमी है। फ्लाइटअवेयर के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार दोपहर तक 2,530 से ज्यादा उड़ानें देरी से चल रही थीं और 60 से ज़्यादा रद्द कर दी गई थीं। सोमवार दोपहर तक ढाई हज़ार से अधिक उड़ानें देर से चलीं और साठ से ज़्यादा रद्द करनी पड़ीं। मुख्य हवाई अड्डों पर इसका सबसे ज्यादा असर देखने के लिए मिला। हवाई अड्डों पर सुरक्षा जांच भी प्रभावित हुई है। लोगों को सिक्योरिटी लाइन में तीन घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है। इसी तरह कई अन्य बड़े शहरों के हवाई अड्डों में भी इंतजार का समय बढ़ गया है। रिपब्लिकन दल डेमोक्रेट पर गैरकानूनी प्रवासियों को स्वास्थ्य सुविधा देने की मांग करने का आरोप लगा रहा है, जिसे डेमोक्रेट्स गलत बता रहा है। डेमोक्रेट नेताओं का कहना है कि वे तो केवल अमेरिकी नागरिकों के लिए पहले से जारी स्वास्थ्य लाभ में की गई कटौती वापस करवाना चाहते हैं।

## अमेरिका के भरोसे नहीं चलेगा, युद्ध के लिए कमाई के नए रास्ते पर यूक्रेन: जेलेंस्की



**कीव, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध और लंबा खिंचता हुआ नजर आ रहा है। इसी बीच अब यूक्रेन भी इस युद्ध में अपने पैर मजबूत करने के लिए दूसरे देशों से मिलने वाली मदद के बजाय खुद से कमाई करने के रास्ते खोज रहा है। पिछले तीन सालों में अपने देश में रक्षा उद्योग को बड़े स्तर पर तैयार कर चुका यूक्रेन अब यहां से निर्यात की संभावना तलाश रहा है, जिससे यह उद्योग उसकी सैन्य शक्ति के साथ-साथ आर्थिक शक्ति को भी बढ़ा सकें। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोमवार को ऐलान किया कि बर्लिन और कोपेनहेगन में यूक्रेन अपने कार्यालय खोलेगा। इसके तहत हथियारों के निर्यात और उन देशों में इनके संयुक्त निर्माण पर चर्चा होगी। यूक्रेनी सरकार के मुताबिक इस कदम का उद्देश्य यूक्रेन को एक सहायता प्राप्त करने वाले देश से हाईटेक हथियारों का निर्यात करने वाले देश के रूप में बदलना है। रूस के साथ युद्ध में उलझे यूक्रेन को यूरोप और अमेरिका ने काफी हद तक मदद दी है। हालांकि, युद्ध के इस समय में यूक्रेन ने खुद भी हथियारों के घरेलू उत्पादन में बढ़त हासिल की है। विशेष रूप से ड्रोन और मिसाइलों को बनाने में यूक्रेन ने महारत हासिल कर ली है।

**हथियार बेचेगा यूक्रेन :** ऐसे में कीव में पत्रकारों से बात कर रहे जेलेंस्की ने अपनी आगे की रणनीति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'हमारा यह फैसला उन हथियारों के निर्यात और सह उत्पादन के बारे में है, जिन्हें हम खुद बना और बेच सकते हैं। अगर हम इन्हें बेचने में सफल होते हैं, तो हमारे पास उत्पादन बढ़ाने के लिए ज्यादा पैसे होंगे और इससे हम दूसरे हथियार भी खरीद सकते हैं।' जेलेंस्की ने कहा कि हमारा उद्देश्य बाहरी आपूर्तिकर्ताओं पर से अपनी निर्भरता को कम करना है।

विशेषज्ञों के मुताबिक यूक्रेन का एक हथियार निर्यातक के रूप में स्थापित होने का प्रयास करना यूरोप और यूक्रेन दोनों के लिए फायदेमंद है। क्योंकि इस साझेदारी के बढ़ने पर यूरोप को रूसी हथियारों से डिफेंस की टेक्नोलॉजी हासिल करने में मदद मिलेगी। इन साझेदारियों को यूक्रेन के लिए आर्थक जड़ी-बूटी की तरह महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अगर यह हो जाता है, तो यूक्रेन के पास आय का एक महत्वपूर्ण जरिया तैयार हो सकता है।

जेलेंस्की चाहें कितने ही प्रयास क्यों न कर लें, लेकिन आज के समय की सच्चाई यही है कि उन्हें कदम-कदम पर अमेरिका की जरूरत रही है। ऐसे में हथियार बेचने का सपना देख रहे जेलेंस्की ने इस बात का खुलासा किया कि अगले हफ्ते यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल वाशिंगटन का दौरा करेगा। यहां पर यूक्रेन-अमेरिका ड्रोन संबंधीं सौदे पर आगे की बातचीत की जाएगी। कीव को उम्मीद है कि यह समझौता ट्रम्प प्रशासन के साथ संबंधों को और गहरा करेगा और यूक्रेन के बढ़ते ड्रोन क्षेत्र में हाईटेक मैन्यूफैक्चरिंग क्षमताएँ लाएगा।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक, रूस से जारी युद्ध ने यूक्रेन को मानव रहित ड्रोन्स, एयर डिफेंस का एक मजबूत खिलाड़ी बना दिया है। ऐसा खिलाड़ी जो इनके नए रास्ते देने वाला बन गया है। यूक्रेन इस समय पर रूस पर सटीक हमलों के लिए अपने इन्हीं ड्रोन्स का इस्तेमाल कर रहा है। अगर अमेरिका के साथ ड्रोन्स से जुड़ा सौदा हो जाता है, तो यूक्रेनी मशीनों को अमेरिकी टेक्नोलॉजी मिल सकती है, जिससे यह और भी ज्यादा शक्ति शाली हो जाएंगे। हालांकि, यूक्रेन के लिए हथियारों का एक्सपोस्ट करना या किसी और देश में जाकर बनाना आसान नहीं है। क्योंकि युद्ध की जरूरत के अलावा रक्षा उद्योग पर ज्यादा दबाव डालना हानिकारक हो सकता है। फिर भी जेलेंस्की का यह निर्णय यूक्रेन के लिए एक नए बदलाव का संकेत है। युद्ध के मैदान में टिके रहने का हौसला देने वाले यह हथियार अब आर्थिक मैदान पर भी यूक्रेन की सहायता देंगे।